अधिकतम :28°C
न्यूनतम : 13°C
सेंसेक्स 74,102.32
निफ्टी 22,497.90
सोना 88,610
चांदी 98,000

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

नई दिल्ली, बुधवार 12 मार्च 2025 राष्ट्रीय संस्करण: वर्ष 22 अंक 346 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com माघ फाल्गुन शुक्ल पक्ष 11 विक्रमी सम्वत् 2081 11 रमजान 1446 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित

### 11वां रोज़ा

## मगफिरत के लिए तक्वा और सब्र की सीख देता है रोज़ा

इस्लाम मजहब में मगफिरत के लिए तक्वा जरूरी है। तक्वा के लिए रोज़ा जरूरी है। रोज़ा यानी अल्लाह का वास्ता। रोज़ा यानी मगफिरत का रास्ता। रमज़ान के मुबारक महीने के ग्यारहवें रोजे़ से मगफिरत का अशरा शुरू हो जाता है, जो बीसवें रोजे़ तक रहता है। इस दूसरे अशरे को मगफिरत का अशरा इसलिए कहा जाता है कि इसमें अल्लाह से मगफिरत के लिए दुआ की जाती है। बिना किसी बुराई के यानी बुराई से बचते हुए रोजे़ में अल्लाह की इबादत की जाती है और माफी मांगते हुए मगफिरत की तलब की जाती है। यानी इबादत की टहनी पर मगफिरत का फूल है रोज़ा।




### टैरिफ कटौती पर अमेरिका को कोई आश्वासन नहीं दिया

# भारत ने ट्रम्प के दावों को सिरे से नकारा

नई दिल्ली, वार्ता



**केंद्र सरकार** ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के उस दावे को खारिज किया है, जिसमें उन्होंने दावा किया था कि भारत अपने टैरिफ में बहुत कटौती करना चाहता है। भारतीय कॉमर्स सेक्रेटरी सुनील बर्थवाल ने संसदीय पैनल को बताया कि भारत ने अमेरिका के साथ टैरिफ में कटौती को लेकर कोई आश्वासन नहीं दिया है।

विदेश मामलों की संसदीय समिति को जानकारी देते हुए सुनील बर्थवाल ने साफ किया कि भारत और अमेरिका के बीच बातचीत अभी भी जारी है और किसी ट्रेड एग्रीमेंट को अभी तक अंतिम रूप नहीं दिया गया। बर्थवाल ने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति के दावों और मीडिया रिपोर्टों पर भरोसा नहीं किया जा सकता। किसी भी व्यापार वार्ता में भारत के हितों का पूरा ध्यान रखा जाएगा। भारत फ्री ट्रेड के पक्ष में है और व्यापार को उदार बनाना चाहता है, जिससे दोनों देशों के बीच व्यापार बढ़ाने में मदद मिलेगी। भारत व्यापार विस्तार का समर्थन करता है, लेकिन टैरिफ वार से किसी का फायदा नहीं है और इससे मंदी भी आ सकती है। उन्होंने संसदीय समिति को बताया कि भारत अंधाधुंध तरीके से टैरिफ कम नहीं करेगा, खासकर उन क्षेत्रों में जो हमारी घरेलू अर्थव्यवस्था के लिए काफी जरूरी हैं। भारत अपने राष्ट्रीय हितों को बनाए रखने के लिए बहुपक्षीय के बजाय द्विपक्षीय तौर पर टैरिफ कटौती पर बातचीत करना पसंद करता है। दरअसल ट्रम्प ने कहा था कि भारत हमसे बहुत ज्यादा टैरिफ वसूलता है। आप भारत में कुछ भी नहीं बेच सकते। हालांकि भारत अब अपने टैरिफ में बहुत कटौती करना चाहता है, क्योंकि हम उनके किए की पोल खोल रहे हैं।

**कहा: भारत-अमेरिका के बीच बातचीत अभी भी जारी है और किसी ट्रेड एग्रीमेंट को अभी तक अंतिम रूप नहीं दिया गया**

**अमेरिका से हमारा कोई कमिटमेंट नहीं: अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प के दावे पर भारत सरकार ने कहा**

### तुलसी गबार्ड भारत, जापान और थाईलैंड की यात्रा पर



**वाशिंगटन/नई दिल्ली।** अमेरिकी राष्ट्रीय खुफिया एजेन्सी की निदेशक तुलसी गबार्ड भारत, जापान और थाईलैंड की यात्रा पर हैं। सुश्री गबार्ड ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में लिखा कि मैं हिन्द प्रशांत के कुछ देशों की यात्रा पर हूं। एक ऐसा क्षेत्र जिसे मैं बहुत अच्छी तरह से जानती हूं, क्योंकि मैं इस क्षेत्र में पली-बढ़ी हूं। मैं जापान, थाईलैंड और भारत जाऊंगी, वापस आने से पहले फ्रांस में कुछ समय के लिए रूकूंगी। उन्होंने कहा कि शांति, स्वतंत्रता और समृद्धि के राष्ट्रपति ट्रम्प के उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए मजबूत संबंध, समझ और संपर्क का मार्ग बनाना महत्वपूर्ण है।

# मोदी को मिला मॉरीशस का सर्वोच्च नागरिक सम्मान

पोर्ट लुईस, वार्ता



**मॉरीशस के पीएम नवीनचंद्र रामगुलाम ने द ग्रैंड कमांडर ऑफ द ऑर्डर ऑफ द स्टार एंड की ऑफ द इंडियन ओशन से नवाजा**

**मॉरीशस** के पीएम नवीनचंद्र रामगुलाम ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अपने देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान द ग्रैंड कमांडर ऑफ द ऑर्डर ऑफ द स्टार एंड की ऑफ द इंडियन ओशन से सम्मानित किया है। यह सम्मान प्रधानमंत्री मोदी को भारत और मॉरीशस के बीच संबंधों को मजबूत करने के लिए उनके योगदान के लिए दिया गया है।

मोदी इस सम्मान को प्राप्त करने वाले पहले भारतीय हैं। यह 21वां अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कार है, जो प्रधानमंत्री मोदी को किसी अन्य देश द्वारा दिया गया है। रामगुलाम ने कहा कि मोदी पांचवें विदेशी नागरिक हैं, जिन्हें यह प्रतिष्ठित सम्मान दिया गया है। सर्वोच्च सम्मान से नवाजे जाने से पहले प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि मॉरीशस के पीएम ने अभी घोषणा की है कि वे मुझे अपने सर्वोच्च नागरिक सम्मान से सम्मानित करेंगे। मैं आपके फैसले को विनम्रता के साथ स्वीकार करना चाहता हूं। यह भारत और मॉरीशस के ऐतिहासिक संबंधों का सम्मान है। भारतीय समुदाय के कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि जब भी मैं मॉरीशस आता हूं, तो ऐसा लगता है जैसे में अपने ही लोगों के बीच हूं। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत और मारीशस के संबंधों में मधुरता बढ़ी है। मॉरीशस के नागरिकों को उनके राष्ट्रीय दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं। उन्होंने कहा कि मैं दस साल पहले इसी दिन मॉरीशस आया था। यह होली के सप्ताह बाद का दौरा था और मैं अपने साथ फगवा की खुशी लेकर आया था।

### पीएम ने मॉरीशस के राष्ट्रपति को भेंट किया कुंभ का पवित्र जल

**पोर्ट लुईस।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को मॉरीशस के राष्ट्रपति धरम गोखूल को महाकुंभ का पवित्र संगम जल भेंट किया। इस जल को एक पीतल और तांबे के बर्तन में रखा गया था। प्रधानमंत्री ने गोखूल की पत्नी बृंदा गोखूल को प्रसिद्ध बनारसी साड़ी भी भेंट की। दो दिवसीय दौरे पर मॉरीशस पहुंचे मोदी ने गोखूल को बिहार का प्रसिद्ध खाना 'मखाना' भी उपहार में दिया। उन्होंने बृंदा गोखूल को एक सदेली बॉक्स में साड़ी भेंट की। सदेली बॉक्स गुजरात की परंपरागत कारीगरी का प्रतीक है। सदेली बॉक्स कीमती साड़ियों, आभूषणों या वस्तुओं को रखने के लिए डिजाइन किया गया है। राष्ट्रपति गोखूल से मुलाकात से पहले प्रधानमंत्री ने अपने समकक्ष नवीनचंद्र रामगुलाम से मुलाकात की और दोनों नेताओं ने सर सीवूसागर बाटनिकल गार्डन में एक पौधा लगाया। प्रधानमंत्री मोदी ने सीवूसागर रामगुलाम को श्रद्धांजलि दी और फिर राष्ट्रपति से मुलाकात की। इसके बाद वह राजकीय भोज में शामिल होंगे।

### भूमि घोटाले में सैम पित्रोदा के खिलाफ मामला दर्ज

**बेंगलुरु।** कांग्रेस नेता सोनिया गांधी और राहुल गांधी के करीबी सहयोगी सैम पित्रोदा और अन्य के खिलाफ कर्नाटक भूमि अधिग्रहण निषेध अधिनियम 2011 के तहत आपराधिक मामला दर्ज किया गया है। यह मामला सत्तारूढ़ पार्टी, बृहत बेंगलुरु महानगर पालिका के पूर्व नेता और भ्रष्टाचार निरोधक फोरम के अध्यक्ष एनआर रमेश ने सोमवार को भूमि अधिग्रहण निषेध विशेष अदालत के समक्ष दायर किया। यह मामला बेंगलुरु में 12.35 एकड़ आरक्षित वन भूमि पर कथित अवैध कब्जे से संबंधित है। श्री रमेश ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया है कि एलहंका के जराकाबांदे कवल में स्थित इस भूमि का सरकारी मूल्यांकन 150 करोड़ रुपये से अधिक है और इसका बाजार मूल्य 300 करोड़ रुपये से अधिक है।




### जारी होंगे 100-200 के नए नोट : RBI

**मुंबई।** आरबीआई जल्द ही महात्मा गांधी (नई) श्रृंखला में 100 और 200 रुपये मूल्य के नए बैंक नोट जारी करेगा। आरबीआई के मुख्य महाप्रबंधक पुनीत पंचोली ने मंगलवार को बताया कि इन नए नोटों पर रिजर्व बैंक गवर्नर संजय मल्होत्रा के हस्ताक्षर होंगे। इन नए नोटों का डिज़ाइन मौजूदा महात्मा गांधी (नई) श्रृंखला के 100 और 200 रुपये के नोटों के समान होगा। यानी, उनके रंग, पैटर्न, और सुरक्षा विशेषताएं वर्तमान नोटों के अनुरूप रहेंगी। आरबीआई ने स्पष्ट किया है कि पहले जारी किए गए 100 और 200 रुपये के सभी पुराने नोट भी प्रचलन में बने रहेंगे और वे वैध मुद्रा माने जाएंगे।

### जेकेआईएम पर गृह मंत्रालय ने पांच साल के लिए लगाया प्रतिबंध

**जम्मू।** केंद्रीय गृह मंत्रालय ने जम्मू और कश्मीर इत्तिहादुल मुस्लिमीन को एक अवैध संघ घोषित कर दिया है और अगले पांच वर्षों तक उसे तत्काल प्रभाव से प्रतिबंधित कर दिया है। मंत्रालय ने आरोप लगाया है कि यह संगठन अवैध गतिविधियों में संलिप्त है, जो देश की एकता, संप्रभुता और सुरक्षा के लिए हानिकारक है। गृह मंत्रालय के एक आदेश में कहा कि जेकेआईएम देश के खिलाफ कार्य कर रहा है और इसके कार्यों से राष्ट्रीय सुरक्षा को खतरा हो रहा है। इसके तहत संगठन की सभी गतिविधियों को प्रतिबंधित किया गया है और इसके सदस्य या सहयोगी किसी भी प्रकार की सक्रियता में लिप्त पाए गए तो उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। जम्मू और कश्मीर क्षेत्र में सुरक्षा बलों को संगठन के खिलाफ अभियान तेज करने का निर्देश दिया गया है।

## हल्द्वानी दंगे के 22 और आरोपियों को मिली जमानत

शाह टाइम्स ब्यूरो



**इसी मामले में 50 आरोपियों की इससे पहले डिफॉल्ट बेल मिल चुकी**

**नैनीताल।** उत्तराखंड उच्च न्यायालय ने हल्द्वानी दंगे के 22 और आरोपियों को मंगलवार को राहत देते हुए डिफॉल्ट जमानत मंजूर कर ली।

हल्द्वानी दंगे के आरोपियों भोला उर्फ सुहैल, जावेद सिद्दीकी, जावेद कुरैशी, शाहनवाज, रहीश अहमद अंसारी, अब्दुल माजिद, सहित अन्य 18 आरोपियों की अपील पर वरिष्ठ न्यायमूर्ति मनोज कुमार तिवारी एवं न्यायमूर्ति पंकज पुरोहित की खंडपीठ में विगत सात मार्च को सुनवाई हुई। खंडपीठ ने सुनवाई के बाद निर्णय सुरक्षित रख लिया था। मंगलवार को निर्णय जारी करते हुए सभी की जमानत मंजूर कर ली। सभी आरोपियों के खिलाफ गैर कानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) के साथ ही हल्द्वानी कोतवाली में संगीन धाराओं में मामला दर्ज है। सभी आरोपी पिछले साल फरवरी से जेल में बंद हैं। यूएपीए अदालत (निचली अदालत) ने आरोपियों की जमानत नामंजूर कर दी थी। इसके बाद आरोपियों की ओर से उच्च न्यायालय में अपील दायर की गई। आरोपियों की ओर से कहा गया कि सरकार उनके खिलाफ यूएपीए अदालत में तय समय पर आरोप पत्र दाखिल करने में असफल रही है। अदालत ने सरकार को आरोप पत्र दाखिल करने के लिए अतिरिक्त समय दे दिया और उनकी जमानत नामंजूर कर दी। इसलिए वे डिफ़ॉल्ट बेल के हकदार हैं। अदालत इसी मामले में 50 आरोपियों की इससे पहले डिफ़ॉल्ट बेल मंजूर कर चुकी है। आरोपियों के अधिवक्ता सीके शर्मा के अनुसार खंडपीठ ने उसी आधार पर इन आरोपियों को भी जमानत दे दी।

## विश्व के 20 सबसे प्रदूषित शहरों में 13 भारत के



शाह टाइम्स ब्यूरो

**मेघालय का बर्नीहाट टॉप पर**

**दिल्ली दुनिया की सबसे प्रदूषित राजधानी**

**नई दिल्ली।** विश्व के 20 सबसे प्रदूषित शहरों में 13 भारत के हैं। मेघालय का बर्नीहाट शीर्ष पर है। वहीं, दिल्ली सबसे प्रदूषित राजधानी की कैटेगरी में टॉप पर है। स्विस एयर क्वालिटी टेक्नोलॉजी कंपनी आईक्यू एयर की 2024 की रिपोर्ट में ये जानकारी सामने आई है।

रिपोर्ट में भारत को विश्व के सबसे प्रदूषित देशों में पांचवां स्थान दिया गया है। 2023 में हम तीसरे स्थान पर थे, यानी पहले से दो स्थान नीचे आए हैं। मतलब भारत में पहले से प्रदूषण को लेकर कुछ सुधार हुआ है। रिपोर्ट में कहा गया है कि 2024 में भारत में पीएम 2.5 के स्तर में 7 फीसदी की गिरावट देखी गई। 2024 में पीएम 2.5 का स्तर औसतन 50.6 माइक्रोग्राम प्रति क्यूबिक मीटर रहा, जबकि 2023 में यह 54.4 माइक्रोग्राम प्रति क्यूबिक मीटर था। फिर भी, विश्व के 10 सबसे प्रदूषित शहरों में से 6 भारत में हैं। दिल्ली में लगातार प्रदूषण का लेवल हाई दर्ज किया गया। यहां पीएम 2.5 का सालाना औसत 91.6 माइक्रोग्राम प्रति क्यूबिक मीटर रहा। विश्व के सबसे प्रदूषित 20 शहरों में पाकिस्तान के 4 और चीन का एक शहर भी शामिल है। ओशिनिया साल 2024 में विश्व का सबसे स्वच्छ क्षेत्र रहा। इसके 57: शहर डब्ल्यूएचओ के दिशानिर्देशों को पूरा करते हैं। रिपोर्ट के अनुसार दक्षिण-पूर्व एशिया के हर देश में पीएम 2.5 के कंसंट्रेशन में कमी आई है, हालांकि सीमा पार धुंध और अल नीनो की स्थिति अभी भी प्रमुख फैक्टर बनी हुई है। यूएन के मुताबिक, ओशिनिया में 14 देश हैं। इनमें ऑस्ट्रेलिया, -शेष पृष्ठ दो पर

### देश की सबसे अमीर महिला अब रोशनी नाडार

**नई दिल्ली।** एचसीएल (सीएल) ग्रुप के संस्थापक शिव नाडार ने हाल ही में बेटी रोशनी नाडार मल्होत्रा को कंपनी की 47 फीसदी हिस्सेदारी ट्रांसफर की है। 'ब्लूमबर्ग बिलियनेयर्स इंडेक्स' के मुताबिक, 3.13 लाख करोड़ रुपये की संपत्ति के साथ रोशनी अब तीसरी सबसे अमीर भारतीय बन गई हैं। उनसे ज्यादा संपत्ति सिर्फ मुकेश अंबानी और गौतम अडानी के पास है। रोशनी से पहले उनके पिता शिव नाडार भारत के तीसरे सबसे अमीर व्यक्ति थे। उनके नेतृत्व वाली सीएल टेक्नोलॉजी देश की तीसरी सबसे बड़ी आईटी कंपनी है। इसका मार्केट कैप 4.20 लाख करोड़ रुपये है।

## अमरोहा में उत्तराखंड की युवती की गोली मारकर हत्या

शाह टाइम्स ब्यूरो

**पिछले डेढ़ साल से रिलेशनशिप में था आरोपी युवक**

**अमरोहा।** उप्र में अमरोहा जिले के गजरौला क्षेत्र में उत्तराखंड की एक युवती का रक्तरंजित शव मिलने से सनसनी फैल गई है।

पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद ने बताया कि औद्योगिक क्षेत्र गज़रौला में थाना पुलिस को मंगलवार सुबह गेस्ट हाऊस में किसी युवती की गोली मारकर हत्या करने की सूचना प्राप्त हुई थी। पुलिस ने तत्काल मौके पर पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हाउस भिजवा दिया। युवती की शिनाख्त हरिद्वार जिले की कनखल निवासी रोज़ी खुराना (20) के रूप में हुई है। थाना पुलिस ने मौका मुआयना कर थाना बछरायूं (अमरोहा) क्षेत्र के गांव धनौरी माफी निवासी अंकुश चौधरी (25) को हिरासत में ले लिया है। घटना के संबंध में उससे पूछताछ जारी है। पुलिस को पूछताछ -शेष पृष्ठ दो पर









# लोकसभा में गूंजा पुरानी पेंशन बहाली का मुद्दा

## यूनीफाइड पेंशन योजना से कर्मचारी संतुष्ट नहीं, पुरानी पेंशन योजना ही लागू हो: सपा

नई दिल्ली, वार्ता



समाजवादी पार्टी के धर्मेन्द्र यादव ने मंगलवार को लोकसभा में केन्द्रीय कर्मचारियों की पेंशन का मुद्दा उठाते हुए कहा कि यूनीफाइड पेंशन योजना से कर्मचारी संतुष्ट नहीं हैं अतैव पुरानी पेंशन योजना ही लागू की जानी चाहिए। यादव ने शून्य काल के दौरान कहा कि पेंशन को लेकर कर्मचारी आंदोलनरत हैं।

कर्मचारी न तो नेशनल पेंशन स्कीम से संतुष्ट थे और न ही वे एक अप्रैल से लागू होने वाली यूनीफाइड पेंशन योजना से संतुष्ट हैं। कर्मचारी पुरानी पेंशन योजना लागू किए जाने को लेकर आंदोलनरत हैं। पुरानी पेंशन योजना से ही कर्मचारी और उनके परिवारों के हितों की पर्याप्त आर्थिक सुरक्षा होती थी। उन्होंने पुरानी पेंशन स्कीम लागू करने की मांग की। मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के अमरा राम ने राजस्थान के ग्रामीण इलाकों में पेयजल की किल्लत का मुद्दा उठाते हुए कहा कि राज्य के सीकर और झुंझनू जिलों में तो लोग बूंद-बूंद पानी के लिए तरसते हैं। राज्य के ग्रामीण अंचलों में आबादी के छितरी होने की वजह से पेयजल की सुविधाएं पहुंचाना दुष्कर हो जाता है, इसके मद्देनजर वह केन्द्र सरकार से राज्य की विशेष मदद करने की मांग करते हैं। उन्होंने कहा कि पेयजल सुविधाओं के लिए खर्च होने वाली राशि का 90 प्रतिशत भाग केन्द्र सरकार को वहन करना चाहिए। भारतीय जनता पार्टी की कंगना रनौत ने हिमाचल प्रदेश के मंडी क्षेत्र में बिजली आपूर्ति में प्राय: बाधा पड़ने की ओर सरकार का ध्यान आकृष्ट कराते हुए बिजली मंत्रालय से इस समस्या को दूर करने के उपाय करने की मांग की। सुश्री रनौत ने कहा कि बार-बार बिजली कटौती होने से आम लोगों को तो परेशानियां होती ही हैं, छोटे-छोटे व्यवसाय भी ठप हो जाते हैं। उन्होंने इस समस्या के निराकरण के लिए तत्काल ध्यान दिए जाने की मांग की।

### तीन वर्षों से औसत महंगाई 5.6 प्रतिशत: चौधरी

**■ 2004 से 2014 तक देश में महंगाई दर दो अंकों में रही थी**

**नई दिल्ली।** वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने मंगलवार को राज्यसभा में कहा कि देश में पिछले तीन वर्षों औसत महंगाई दर 5.6 प्रतिशत रही है जबकि बेचमार्क छह प्रतिशत है। चौधरी ने प्रश्नकाल के दौरान एक पूरक प्रश्न के उत्तर में कहा कि 2024 में महंगाई दर 4.9 प्रतिशत रही है। 2004 से 2014 तक देश में महंगाई दर दो अंकों में रही थी। उन्होंने कहा कि बीच-बीच में मौसम और आपूर्ति से जुड़ी बाधाओं के कारण महंगाई में वृद्धि होती है, लेकिन इसको नियंत्रित करने के उपाय किए जाते हैं। बेरोजगारी से जुड़े पूरक प्रश्न पर उन्होंने कहा कि एनएसओ के सर्वे के अनुसार बेरोजदारी दर 3.2 प्रतिशत रही है। उन्होंने कहा कि माल एवं सेवा कर (जीएसटी) एक देश एक कर की व्यवस्था है। जुलाई 2017 से इसके प्रभावी होने के बाद औसत कर की दर 12 प्रतिशत पर आ गई है, जो पहले औसत 15 प्रतिशत थी। जीएसटी परिषद संघवाद का अद्भूत उदाहरण है। गरीबों को समान अवसर नहीं मिलने के पूरक प्रश्न पर राज्य मंत्री ने कहा कि नरेन्द्र मोदी सरकार हर नागरिक को समान अवसर प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। हर क्षेत्र में लोगों को समान अवसर प्रदान किया जा रहा है। वर्ष 2014 से 'सबका साथ सबका विकास' के तहत सबको आगे बढ़ाने का काम किया गया है। यह कोई नारा नहीं है।

# महिला अत्याचार से जुड़े सवालों पर सरकार मौन

नई दिल्ली, वार्ता



**■ बालेश धनखड़ के मामले पर भाजपा को जवाब देना होगा**

कांग्रेस ने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी सरकार बेटियों को सुरक्षा देने की सिर्फ बात ही करती है, जबकि सच्चाई यह है कि यह पार्टी दुष्कर्म की घटनाओं में संलिप्त अपने लोगों को बचाने का काम करती है।

महिला कांग्रेस की अध्यक्ष अलका लाम्बा ने मंगलवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि महिलाओं के साथ होने वाले अत्याचारों से जुड़े सवालों पर सरकार हमेशा बचने का प्रयास करती है और वह अपने लोगों पर लगे दाग साफ करने का प्रयास करती है। उन्होंने आस्ट्रेलिया में रहने वाले और दुष्कर्म के आरोप में पकड़े गए एक व्यक्ति का नाम लिया और कहा कि उनकी मोदी के साथ कई तस्वीरें हैं। उन्होंने कहा कि हम मोदी से सवाल पूछते हैं कि उनकी जितनी तस्वीरें उस व्यक्ति के साथ हैं। क्या उतनी ही तस्वीरें न्याय की गुहार लगा रही महिलाओं के साथ हैं। उनके पास जंगल सफारी पर जाने का समय है, लेकिन उनके पास मणिपुर जाने का समय नहीं है।

देश में संसद सत्र चल रहा है, लेकिन मोदी मॉरीशस घूमने निकल गए हैं। बालेश धनखड़ के मामले पर भाजपा को जवाब देना होगा। यह कोई पहला मामला नहीं है, बल्कि ऐसे अनेक मामले हैं। महिला कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि मास रेपिस्ट प्रज्वल रेवन्ना जेल की सलाखों के पीछे है, क्योंकि कर्नाटक में कांग्रेस की सरकार है। भाजपा के पूर्व सांसद बृजभूषण शरण पर दिल्ली पुलिस कार्रवाई नहीं कर पा रही है, क्योंकि भाजपा उस पर दबाव बना रही है। गुजरात में भाजपा का एक मंत्री दलित महिला के साथ दुष्कर्म करता है, लेकिन उस पर एक्शन नहीं हुआ। आखिर में उच्च न्यायालय के आदेश के बाद उस पर प्राथमिकी होती है। गुजरात, हरियाणा, कर्नाटक की बेटियां-महिलाएं मोदी से न्याय मांग रही है लेकिन वह चुप हैं।ह उन्होंने दावा कि मोदी की यात्राओं को ऑस्ट्रेलिया में बालेश धनखड़ आयोजित करता रहा। इसका मतलब है कि मोदी बालेश धनखड़ के बारे में सब जानते थे, फिर भी खामोश हैं। यौन उत्पीड़न और दुष्कर्म के जिन मामलों में भाजपा नेताओं की संलिप्ता के आरोप लगते है भाजपा के लोग उनको बचाते रहते हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### होली-रमजान की आड़ में राजनीति ठीक नहीं: मायावती

**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी सुप्रीमो मायावती ने मंगलवार को कहा कि होली और रमजान की आड़ में किसी भी मुद्दे को लेकर राजनीति करना ठीक नहीं है और सरकार को सभी धर्मों के अनुयायियों के मान सम्मान का ध्यान रखना चाहिए। सुश्री मायावती ने एक्स पर लिखा- जैसा कि विदित है कि इस समय रमज़ान चल रहे हैं और इसी बीच जल्दी होली का भी त्योहार आ रहा है, जिसे मद्देनज़र रखते हुए यूपी सहित पूरे देश में सभी राज्य सरकारों को इसे आपसी भाईचारे में तब्दील करना चाहिए, तो यह सभी के हित में होगा। उन्होंने कहा कि इसकी आड़ में किसी भी मुद्दे को लेकर कोई भी राजनीति करना ठीक नहीं। सभी धर्मों के अनुयायियों के मान-सम्मान का बराबर ध्यान रखना बहुत जरूरी।

### गौतम बुद्ध से जुड़े स्थलों का समुचित विकास किया जाए: पाल

**नई दिल्ली।** लोकसभा में मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी के जगदम्बिका पाल ने भगवान गौतम बुद्ध से जुड़े स्थलों बोधगया, सारनाथ, कुशीनगर और कपिलवस्तु के समुचित विकास की सरकार से मांग की। पाल ने शून्य काल के दौरान कहा कि कपिलवस्तु में तो भगवान बुद्ध ने अपने जीवन के 29 वर्ष बिताए थे, अत: वहां के विकास के भरपूर प्रयास किए जाने चाहिए। उन्होंने कपिलवस्तु में कॉरिडोर के निर्माण की मांग की। समाजवादी पार्टी के जियाउर्रहमान ने सभी फसलों पर न्यूनतम समर्थन मूल्य की गारंटी दिए जाने की सरकार से मांग की। उन्होंने कहा कि जब बड़े-बड़े उद्योगपतियों के कर्ज माफ कर दिए जा सकते हैं, तो किसानों के कर्ज माफ क्यों नहीं किए जाते।

### सहकारिता क्षेत्र को बढ़ावा देने को सरकार प्रतिबद्ध: गुर्जर

**नई दिल्ली।** केंद्रीय सहकारिता राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने मंगलवार को लोकसभा में कहा कि सरकार ने सहकारिता के क्षेत्र में असीम संभावनाओं को देखते हुए पिछले साढ़े तीन साल में साठ से अधिक पहल की है। कृष्णपाल गुर्जर ने प्रश्नकाल ने एक पूरक प्रश्न के जवाब में कहा कि सहकारिता मंत्रालय अपनी स्थापना के साढ़े तीन साल के अंदर सात प्रमुख क्षेत्रों में 60 पहल की हैं।

# तीन वर्षों में सभी जिलों में होगा कैंसर डे केयर सेंटर: नड्डा

नई दिल्ली, वार्ता



**■ इस वर्ष दो सौ जिलों में यह सेंटर शुरू किया जा रहा**

केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जेपी नड्डा ने मंगलवार को राज्यसभा में कहा कि अगले तीन वर्षों में देश के सभी जिलों में कैंसर डे केयर सेंटर शुरू करने का लक्ष्य रखा गया है और इस वर्ष दो सौ जिलों में यह सेंटर शुरू किया जा रहा है।

नड्डा ने सदन में प्रश्नकाल के दौरान एक पूरक प्रश्न के उत्तर में यह जानकारी देते हुए कहा कि वित्त वर्ष 2025-26 के बजट में कैंसर डे केयर सेंटर बनाने की घोषणा की गई है और इसके लिए बटजीय प्रावधान भी किए गए हैं। उन्होंने कहा कि जहां तक हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर की बात है, तो राष्ट्रीय हेल्थ मिशन के तहत गुणवत्ता पूर्ण स्वास्थ्य देखभाल उपलब्ध कराने की कोशिश की जा रही है। इसके तहत कई तरह की सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही है। अस्पतालों को अपनी जरूरतों के अनुसार योजना बनाने की सुविधा दी गई है और उसके अनुरूप टेक्नीकल और वित्तीय मदद दी जाती है। उन्होंने कहा कि आयुष्मान भारत योजना से कैंसर जैसी घातक बीमारियों के उपचार में मदद मिली है। अभी कैंसर का पता चलने पर 30 दिनों के भीतर ही उपचार शुरू किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हरियाणा में झज्जर के एम्स में 700 बिस्तरों का कैंसर केयर सेंटर बनाया गया है। एक अन्य प्रश्न के उत्तर में उन्होंने कहा कि पूर्वांचल के गोरखपुर में एक्स खोला गया है और बनारस हिन्दू यूनिवर्सिटी में स्थित मेडिकल कॉलेज को एम्स नहीं बनाया जा सकता है, क्योंकि यूनिवर्सिटी के भीतर इस तरह का कोई प्रावधान नहीं है। हांलाकि यूनिवर्सिटी के साथ एक करार किया गया है और वहां स्थित मेडिकल कॉलेज को एम्स की तरह बनाया जा रहा है। नड्डा ने एक अन्य पूरक प्रश्न पर कहा कि आशा कार्यकर्ता बेहतर काम कर रहे हैं। उनके प्रयास से जच्चा-बच्चा मृत्यु दर में कमी आई है। केरल सरकार का जहां तक सवाल है, तो उपयोग प्रमाणपत्र नहीं मिलने के कारण आशा कार्यकताओं से जुड़ा मानदेय जारी नहीं हो पाया है, लेकिन केन्द्र सरकार की हिस्सेदारी का अंश जारी किया जा रहा है।

## मुख्यमंत्री ने सफाई कर्मचारियों का पुष्पवर्षा कर सम्मान किया

# महाकुंभ ने प्रयागराज का किया कायाकल्प

लखनऊ, वार्ता



**■ कहा- कभी माफियाराज के चंगुल में फंसे प्रयागराज को विकास के मार्ग पर बढ़ाया**

**■ आस्था को आर्थिकी के साथ जोड़ने के बड़े अभियान को आगे बढ़ाया**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मंगलवार को कहा कि महाकुंभ का आयोजन प्रयागराज जैसे शहर के विकास को बढ़ाने में काफी सफल रहा है। कभी माफियाराज के चंगुल में फंसे प्रयागराज का महाकुंभ के कारण कायाकल्प हो गया है।

इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में एक निजी चैनल के कॉनक्लेव में पहुंचे योगी ने यहां सफाई कर्मचारियों का सम्मान किया और उन पर पुष्पवर्षा की। उन्होंने सफाई कर्मचारियों को नींव का पत्थर बताते हुए कहा कि इन्होंने स्वच्छ कुम्भ के संदेश को साकार किया है। उन्होंने कहा कि महाकुंभ ने आस्था को आर्थिकी के साथ जोड़ने के बड़े अभियान को आगे बढ़ाया है। यहां विकास के अनेक बड़े-बड़े कार्य हुए। महाकुंभ के कारण यह प्राचीन व पौराणिक नगरी आज नए कलेवर के रूप में दिखाई दे रही है। उन्होंने कहा कि कार्य संपन्न होने के बाद अक्सर हर व्यक्ति अपनी राह पकड़कर आगे की सोचने लगता है। नींव पर बनी इमारत में सब रहते हैं, लेकिन पत्थ: भुला दिए जाते हैं। उनके महत्व को विस्मृत कर दिया जाता है। 'महाकुंभ की नींव' को जिन स्वच्छता कर्मियों ने सुदृढ़ करने का प्रयास किया, जिनकी बदौलत यह दिव्य-भव्य महाकुंभ हो पाया। उनके सम्मान का यह कार्यक्रम अभिभूत करने वाला है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कोई भी आयोजन सफलता की ऊंचाई पर तब पहुंचता है, जब सब लोग सामूहिक भाव के साथ मिलकर प्रयास करते हैं। सामूहिक प्रयास का परिणाम सफलता होती है। सामूहिक प्रयास को जब सकारात्मक भाव के साथ देखते हैं, तो समाज के लिए वह प्रेरणा बन जाती है। प्रयागराज में भी ऐसा ही हुआ। बुजुर्ग माता-पिता को कुम्भ में स्नान कराने के लिए यूएस, ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, यूके समेत तमाम देशों से लोगों के फोन आए। उन्होंने कहा कि जो भी महाकुंभ में आया, उसने सफाई व सुरक्षाकर्मियों की प्रशंसा अवश्य की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विजन दिया था कि हमारे आयोजन लोगों को अंतघ्करण से संतुष्टि दे सकें, क्योंकि स्वच्छता अंत:करण की संतुष्टि का पहला और व्यवहार दूसरा पैमाना होता है। योगी आदित्यनाथ ने 45 दिन में आने वाले 66.30 करोड़ श्रद्धालुओं का जिक्र किया। उन्होंने हर स्नान पर आने वाली श्रद्धालुओं का भी आंकड़ा बताया और कहा कि जो लोग जितना दुष्प्रचार-अफवाह फैलाते थे, उन्हें जवाब देने के लिए जनता उतनी ही मजबूती से प्रयागराज आ धमकती थी। बहुत लोग जनता से नकारात्मक बोलवाने का प्रयास करते थे। उन्होंने कहा कि एक यूट्यूबर कर्नाटक से आए श्रद्धालु से पूछ रहा था कि कितना पैदल चले, उत्तर मिला- पांच किमी-। फिर उसने कहा कि पता है अभी कितना और पैदल चलना होगा, तो श्रद्धालु ने कहा कि नहीं। इस पर यूट्यूबर ने बताया कि अभी पांच किमी- और। श्रद्धालु ने कहा कि 50 भी चलना पड़े, तो जाऊंगा। प्रश्न करने वाले ने कहा कि सरकार को व्यवस्था देनी चाहिए थी। श्रद्धालु ने कहा कि पैदल मैं चल रहा हूं, परेशानी तुम्हें क्यों हो रही है। भगवान के धाम तो पैदल ही जाना चाहिए। यह हमारे लिए साधना है। उन्होंने कहा कि सनातन धर्म का भाव ही कृतज्ञता का होता है।

### त्योहारों पर भीड़ प्रबंधन में भारतीय रेलवे अपनाएगा महाकुंभ के तरीके

**लखनऊ।** महाकुंभ में प्रयागराज रेल मण्डल के नौ स्टेशनों पर अपनाए गए क्राउड कंट्रोल के तरीकों को अब भारतीय रेल होली व अन्य प्रमुख त्योहारों पर देश के बड़े स्टेशनों पर भीड़ नियंत्रण के लिए उपयोग में लाएगा। अधिकृत सूत्रों ने मंगलवार को बताया कि होली के त्योहार पर भीड़ नियंत्रण को लेकर हुई एक उच्च स्तरीय बैठक में निर्णय लिए गया है कि अधिक भीड़ वाले स्टेशनों पर महाकुंभ की तरह होल्डिंग एरिया, नियंत्रित प्रवेश, सीसीटीवी कैमरों से कंट्रोलिंग और डिजिटल कम्युनिकेशन उपकरणों का उपयोग किया जाएगा। रेलवे ने उच्च स्तरीय बैठक में होली व अन्य प्रमुख त्योहारों में देश के अधिक भीड़ वाले 60 रेलवे स्टेशनों पर महाकुंभ में प्रयागराज रेल मण्डल के सफल क्राउड मैनेजमेंट के तरीकों का उपयोग करने का निर्णय लिया है। प्रयागराज रेल मण्डल के एसपीआरओ अमित मालवीय ने बताया कि रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव की अध्यक्षता में हुई बैठक में क्राउड मैनेजमेंट को लेकर कई जरूरी निर्णय लिए गए हैं। उन्होंने बताया कि आनंद विहार, सूरत, उधना, पटना और नई दिल्ली जैसे अधिक भीड़ वाले स्टेशनों पर अतिरिक्त वेलटग रूम या होल्डिंग एरिया बनाने का निर्णय लिया गया है। साथ ही त्योहारों के दौरान महाकुंभ की तरह प्लेटफार्म पर भीड़ को नियंत्रित तरीके से भेजने, क्राउड मैनेजमेंट के लिए सीसीटीवी कैमरों की मदद से भीड़ के दबाव पर नजर रखने का निर्णय लिया गया है। साथ ही रेलवे के कर्मचारियों और रेलवे पुलिस के जवानों को वॉकी टाकी, अनाउंसमेट के जरिए निर्देशित करने और इसके लिए स्टेशनों पर कंट्रोल टॉवरों को अत्याधुनिक तकनीक से युक्त करने का भी निर्णय लिया गया है।

## अर्थ व्यापार

# बिकवाली की बदौलत शेयर बाजार में रही घटबढ़

मुंबई, वार्ता



विश्व बाजार के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर आईटी, टेक और फोकस्ड आईटी समेत आठ समूहों में हुई बिकवाली से मंगलवार को सेंसेक्स फिसलकर जबकि लिवाली की बदौलत निफ्टी बढ़कर बंद हुआ।


बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 12.85 अंक फिसलकर 74,102.32 अंक पर आ गया। वहीं, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 37.60 अंक की बढ़ोतरी लेकर 22,497.90 अंक पर पहुंच गया। इसी तरह बीएसई की मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में भी मिलाजुला रुख रहा। मिडकैप 0.72 प्रतिशत की छलांग लगाकर 39,589.67 अंक जबकि स्मॉलकैप 0.70 प्रतिशत लुढ़ककर 44,330.32 अंक पर रहा। इस दौरान बीएसई में कुल 4092 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2506 में गिरावट जबकि 1466 में तेजी रही वहीं 120 में कोई बदलाव नहीं हुआ। वहीं, निफ्टी की 33 कंपनियां हरे जबकि अन्य 17 लाल निशान पर बंद हुईं। बीएसई के आठ समूहों का रुझान नकारात्मक रहा। इससे एफएमसीजी 0.15, इंडस्ट्रियल्स 0.01, आईटी 0.87, यूटिलिटीज 0.15, ऑटो 0.09, बैंकिग 0.36, टेक 0.04 और फोकस्ड आईटी समूह के शेयर 0.82 प्रतिशत लुढ़क गए। वहीं रियल्टी 3.92, ऊर्जा 1.20, दूरसंचार 2.78, कैपिटल गुड्स 0.47, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 0.48, धातु 0.62 और तेल एवं गैस समूह के शेयरों में 1.58 प्रतिशत की तेजी रही। विश्व बाजार का रुझान मिश्रित रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफटीएसई 0.20, जापान का निक्केई 0.64 और हांगकांग का हैंगसेंग 0.01 प्रतिशत गिर गया। वहीं जर्मनी का डैक्स 0.48 और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.41 प्रतिशत मजबूत रहा। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 371 अंक की भारी गिरावट लेकर 73,743.88 अंक पर खुला और बिकवाली के दबाव में थोड़ी देर बाद ही 73,663.60 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया। वहीं इसके बाद शुरू हुई लिवाली के दम पर यह लगातार बढ़ता हुआ कारोबार के अंतिम चरण में 74,195.17 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया।

### महिला उद्यमियों को निर्यात कारोबार में प्रोत्साहित करेगा फियो

**नई दिल्ली।** देश में निर्यात संघों के शीर्ष निकाय फेडरेशन ऑफ इंडियन एक्सपोर्ट ऑर्गनाइजेशन (फियो) ने महिला उद्यमियों को सशक्त बनाने और भारत के निर्यात पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करने के उद्देश्य से यहां मंगलवार को 'शीट्रेड्स इंडिया हब' पहल शुरू किया। फियो ने यह पहल अंतर्राष्ट्रीय व्यापार केंद्र आईटीसी के सहयोग व ब्रिटेन सरकार के शीट्रेड्स कॉमनवेल्थ प्लस कार्यक्रम के तहत वित्तीय सहायता से शुरू की है। फियो इस तरह वैश्विक स्तर पर 20वें शीट्रेड्स हब का आधार बना है। इस पहल का उद्घाटन करते हुए वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के विदेश व्यापार महानिदेशक संतोष कुमार सारंगी ने कहा कि आईटीसी शेट्रेड्स इंडिया हब के सहयोग से ट्रेड कनेक्ट प्लेटफॉर्म महिलाओं के नेतृत्व वाली निर्यात वृद्धि को बढ़ावा देने में और मदद करेगा।

# खाद्य तेलों में टिकाव, उड़द दाल सस्ती

नई दिल्ली, वार्ता



विदेशी बाजारों में तेजी लौटने के बावजूद स्थानीय स्तर पर उठाव कमजोर रहने से आज दिल्ली थोक अंतर्राष्ट्रीय बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा, जबकि उड़द दाल सस्ती हो गई वहीं चीनी के भाव चढ़ गए।

**तेल-तिलहन :** वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में मार्च का पाम ऑयल वायदा 37 रिंगिट बढ़कर 4810 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। इसी तरह मार्च का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.29 सेंट की तेजी के साथ 42.55 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। गुड़-चीनी: मीठे के बाजार में मिलाजुला रुख रहा। इस दौरान चीनी 100 रुपए प्रति क्विंटल महंगी हो गई जबकि गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे। दाल-दलहन: दाल-दलहन के बाजार में उड़द दाल में 200 रुपए प्रति क्विंटल की गिरावट को छोड़कर अन्य दालों में टिकाव रहा। चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल और अरहर दाल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। अनाज: अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के दाम पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे।

सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे :- दाल-दलहन: चना 5700-5800, दाल चना 6700-6800, मसूर काली 7300-7400, मूंग दाल 9250-9350, उड़द दाल 9000-9100, अरहर दाल 8400-8500 रुपए प्रति क्विंटल रहे। अनाज : (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 3100-3200 रुपए और चावल : 3150-3250 रुपए प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़: चीनी एस. 4280-4380, चीनी एम. 4400-4500, मिल डिलीवरी 3620-3720 और गुड़ 4250-4350 रुपए प्रति क्विंटल बोले गए।

### मरूधर एक्सप्रेस के ब्रेक से निकली चिंगारी, अफरातफरी

**जौनपुर।** जोधपुर से चलकर वाराणसी को जाने वाली मरूधर एक्स प्रेस ट्रेन में मंगलवार को उस समय अफरा तफरी मच गई जब एक बोगी में यात्रियों ने ट्रेन के पहिए से चिंगारी और धुएं लिए लपटें दिखाई देने पर शोर मचाया। ट्रेन के गार्ड को अनहोनी की आशंका के ट्रेन को रुकवा दिया।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**अमरोहा में...** में युवक ने बताया कि रोज़ी खुराना के साथ वह पिछले डेढ़ साल से रिलेशनशिप में था। बीती रात उसे फोन करके गजरौला गैस्ट हाऊस में बुलाया था। रात में किसी समय दोनों के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई थी। जिससे युवक ने गोली मारकर युवती की हत्या कर दी। घटना की सूचना हत्यारोपी ने खुद पुलिस को फोन के माध्यम से दी थी।

**विश्व के...** न्यूजीलैंड, फिजी, पापुआ न्यू गिनी, नौरू, किरिबाती, माइक्रोनेशिया और मार्शल आइलैंड्स शामिल हैं। भारत के शहरों में हवा इतनी खराब है कि 35 फीसदी शहरों में हवा में धूल के छोटे-छोटे कण (पीएम2.5) का स्तर विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के बताए लेवल से 10 गुना ज्यादा है। इस खराब हवा के कारण भारत में लोगों की सेहत खतरे में है। लोगों की औसत उम्र करीब 5.2 साल कम हो रही है। एक रिसर्च के अनुसार, 2009 से 2019 के बीच भारत में हर साल करीब 15 लाख लोगों की मौतें हवा में मौजूद पीएम2.5 कणों के प्रदूषण के कारण हुईं।

# सीमा पार कर भारत में घुसे दो रोहिंग्या नागरिक गिरफ्तार

**■ पकड़े गए आरोपियों से नकदी भी बरामद की**

**कूचबिहार।** पश्चिम बंगाल के कूचबिहार जिले में मथाभंगा सीमा से अवैध रूप से भारत में प्रवेश करने वाले दो रोहिंग्या नागरिकों को गिरफ्तार किया गया है। पकड़े गए आरोपियों के पास से बड़ी मात्रा में नकदी भी बरामद की गई है।

प्राथमिक जांच में पता चला है कि गिरफ्तार किए गए व्यक्ति म्यांमार के राखिन प्रांत के निवासी हैं। वहां से वे कुछ साल पहले बंगलादेश के कॉक्स बाजार में अवैध रूप से घुसपैठ कर गए थे। गिरफ्तार आरो. पियों में शामिल रेडवान (24) ने बताया कि म्यांमार में उन्हें गोली मारी गई थी, जिसके बाद वह वहां से भागकर बंगलादेश पहुंचे थे। हाल ही में उन्होंने नेपाल में अपने रिश्तेदारों के पास जाने की योजना बनाई थी। इसके लिए उन्होंने बंगलादेशी दलाल को 40,000 टका देकर भारत में घुसने की कोशिश की, लेकिन जैसे ही वे सीमा पार कर भारत में घुसे, पुलिस ने उन्हें धर दबोचा। यह घटना मथाभंगा सीमा के धापरा बाजार इलाके में हुई। स्थानीय लोगों ने जब एक पुरुष और एक महिला को संदिग्ध अवस्था में देखा, तो उन्होंने तुरंत पुलिस को सूचना दी। इसके बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर रेडवान और फारमीना अख्तर (27) को गिरफ्तार कर लिया। मथाभंगा के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संदीप गोराई ने मंगलवार को यहां बताया कि हमने एक पुरुष और एक महिला को अवैध रूप से भारत में प्रवेश करने के आरोप में गिरफ्तार किया है। वे म्यांमार के नागरिक हैं। उन्हें अदालत में पेश कर दिया गया है। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि इनका इरादा भारत होते हुए नेपाल जाने का था। पश्चिम बंगाल में पहले से ही बड़ी संख्या में रोलहग्या मौजूद होने की खुफिया विभाग पुष्टि करता है, लेकिन हाल के दिनों में जिस तरह से रोहिंग्या घुसपैठिए पकड़े जा रहे हैं, उसने सुरक्षा एजेंसियों की चिंता बढ़ा दी है। क्षेत्र के स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि यह इलाका किसी अन्य राज्य का हिस्सा होता, तो सुरक्षा व्यवस्था और कड़ी हो सकती थी। सीमावर्ती क्षेत्र होने के कारण यहां रोहिंग्या घुसपैठ की घटनाएं बढ़ रही हैं, जिससे भारत की आंतरिक सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा उत्पन्न हो रहा है। विशेषज्ञों का मानना है कि रोहिंग्या शरणार्थियों की घुसपैठ को रोकने के लिए सख्त कदम उठाने की जरूरत है। यदि इस समस्या का समाधान नहीं किया गया, तो यह न केवल स्थानीय निवासियों के लिए बल्कि देश की सुरक्षा व्यवस्था के लिए भी गंभीर चुनौती बन सकती है।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

काले इल्म व सिपली इल्म की काली तांत्रिक शक्तियों का चमत्कार सात घंटों में अपनी आंखों से देखें।
पंडित जी शर्मा
9634608433
जैसे:- नौकरी, व्यापार, कारोबार, पति-पत्नी में झगड़ा, लव मैरिज में अड़चन, शादी में रुकावट, प्यार में धोखा खाये प्रेमी व प्रेमिका एक बार अवश्य फोन करें। आपका बेटा-बेटी, पति-पत्नी किसी के वश में हो महावशीकरण करवाएं या तुड़वाएं, सौतन-दुश्मन को अपनी आंखों के सामने तड़पता देखें, घर में खून के छींटे या प्रेत आत्माओं का साया।
My Promise आपका प्यार टूटने नहीं दूंगा।
महावशीकरण व मुठकरनी के स्पेशलिस्ट
माताएं व बहनें घर बैठे गारंटीड समाधान करवाएं।
21 वर्षों से आपकी सेवा में
अजमेर शरीफ

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
हैल्थ प्लस सिरप

खून की कमी, भूख ना लगना, विटामिन व हार्मोन्स की कमी, शारीरिक दुर्बलता, गर्भवती महिला, दूध का कम बनना, लीवर व पेट की समस्याओं में उपयोगी
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेगा। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# आनंद विहार में झुग्गी में आग लगने से तीन लोगों की मौत

■ झुग्गी में सो रहे थे 4 लोग, एक ने छप्पर को तोड़कर बचाई जान



शाह टाइम्स संवाददाता

**नई दिल्ली।** आनंद विहार थाना के कड़कड़डूमा इंस्टीट्यूशनल क्षेत्र में डीडीए की जमीन पर अवैध रूप से बनी झुग्गी में सोमवार देर रात को डिबिया से आग लगने से दो सगे भाई समेत तीन लोगों की जलकर मौत हो गई। लकड़ी के प्लाईबोर्ड से बनी हुई झुग्गी में हादसे के वक्त चार लोग सो रहे थे।

नितिन नाम के युवक ने छप्पर को हटाकर बाहर झुग्गी से बाहर कूदकर अपनी जान बचाई। इसमें रहने वाले लोगों ने सामान चोरी के डर से झुग्गी के दरवाजे पर चेन बांधकर अंदर से ताला लगाया हुआ था। ताले की चाबी न मिलने व धुआं अधिक होने से तीन लोग झुग्गी के अंदर ही फंस गए।

आग से झुग्गी में रखा हुआ एलपीजी का गैस सिलेंडर फट गया। आग विकराल होने से अंदर फंसे तीनों लोगों की मौत हो गई। मृतकों की पहचान औरेया जिले के नवादा गांव निवासी श्याम सिंह इनके छोटे भाई कांता प्रसाद व इनके साथी बांदा जिले के खेहरा गांव निवासी जागे सिंह के रूप में हुई है।

सूचना पर पहुंची दमकल की तीन गाड़ियों ने एक घंटे की मशक्कत पर आग पर काबू पाया। आनंद विहार थाना पुलिस प्राथमिकी कर मामले की जांच कर रही है।

गाजियाबाद स्थित विजय नगर निवासी नितिन ने बताया कि वह ठेकेदार दिलीप के यहां काम करता है। ठेकेदार आइजीएल गैस पाइप लाइन की खोदाई का काम करता है। ठेकेदार के लिए काम करने वाले कुछ मजदूरों ने कड़कड़डूमा इंस्टीट्यूशनल क्षेत्र में डीडीए की जमीन पर झुग्गी बनाई हुई थी।

इस झुग्गी में लाइट की व्यवस्था नहीं थी। इसलिए रात को रोशनी के लिए डीजल से डिबिया जलाते थे। सोमवार रात को ड्यूटी से आने के बाद नितिन, श्याम सिंह, कांता प्रसाद व जागे सिंह ने गैस चूल्हे पर खाना बनाया और रात 11 बजे झुग्गी के दरवाजे पर लोहे की चेन बांधकर अंदर से ताला लगा लिया।

नितिन ने बताया कि रात दो बजे धुएं से दम घुटने से उसकी आंख खुली तो देखा डिबिया से लकड़ी के प्लाईबोर्ड से बनाई दीवार में आग लगी हुई है। उसने शोर मचाया तो श्याम सिंह की आंख खुल गई। इनकी झुग्गी के बराबर में रोटरी क्लब का भवन है। जिसकी चार दीवारी पांच फीट ऊंची है।

नितिन ने झुग्गी के छप्पर की छत को हटाया और पास के रोटरी कल्ब के परिसर में कूद गया। उसका दावा है कि श्याम सिंह ताला खोलने के लिए चाबी ढूंढने लगा, बाकी दोनों लोग भी जाग गए। इतने में आग बढ़ गई और सिलेंडर फट गया।

## मुख्यमंत्री ने किया मुआवजे का ऐलान...

■ पीड़ित परिवार को 10-10 लाख की आर्थिक मदद



शाह टाइम्स संवाददाता

**नई दिल्ली।** दिल्ली के एजीसीआर कॉलोनी के पास की झुग्गी में सोमवार देर रात आग लगने की घटना से हुई तीन लोगों की मौत पर मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने गहरा शोक व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता खुद मौके पर पहुंची और शोकाकुल परिवारों से मिलकर उनको सांत्वना दी और सरकार की तरफ से हर सम्भव मदद का आश्वासन दिया। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि दिल्ली सरकार पीड़ित परिवार के साथ है। सरकार पीड़ित परिवार के हुए नुकसान की भरपाई तो नहीं कर सकती ,लेकिन सरकार की तरफ से जिन लोगों की जान गई है, उनको 10-10 लाख रुपए की आर्थिक मदद दी जाएगी।

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने पीड़ित परिवारों से बात कर उनसे घटना के बारे में जानकारी ली और घटना स्थल का निरीक्षण कर जायजा भी लिया। उन्होंने पीड़ित परिवारों से उनके नुकसान की जानकारी ली और उनको सांत्वना देते हुए सरकार की तरफ से पूरी मदद देने का आश्वासन दिया। उन्होने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की गाड़ियों ने तुरंत मौके पर पहुंचकर त्वरित करवाई की। यह हादसा बेहद दर्दनाक है और हमे पीड़ितों के परिवार के साथ सांत्वना है। यह तीनो लोग उत्तर प्रदेश के औरेया जिले के थे। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने पीड़ित परिवारों से मुलाकात के दौरान कहा कि इन सभी पीड़ित परिवारों के प्रति मेरी गहरी संवेदना है। एक गरीब परिवार बड़ी मुश्किल से तिनका तिनका कर अपना घरोंदा तैयार करता है और ऐसे हादसे उसके मनोबल को हिला के रख देते है। मैं भगवान से मृतकों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करती हूँ। हम पीड़ित परिवार के नुकसान की भरपाई तो नहीं कर सकती, लेकिन सरकार की तरफ से जिन- लोगों की मौत हुई है, उन्हें आर्थिक मदद दी जाएगी।

## एक नजर

### केजरीवाल के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने का निर्देश



शाह टाइम्स संवाददाता

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल के लिए मंगलावर को राउज एवेन्यू कोर्ट ने दिल्ली पुलिस को अरविंद केजरीवाल और अन्य के खिलाफ सार्वजनिक संपत्ति को कथित रूप से नुकसान पहुंचाने के मामले में एफआईआर दर्ज करने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने दिल्ली पुलिस को 18 मार्च को अनुपालन रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया है।

### दुर्घटना के मामले में पैरोल जंपर गिरफ्तार

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने एक पैरोल जंपर को गिरफ्तार किया है।आरोपी को शाहदरा थाने के तहत हुई दुर्घटना के एक मामले में दो साल की सजा सुनाई गई थी।वह दिसंबर 2021 से फरार था। दिल्ली पुलिस अपराध शाखा पुलिस उपायुक्त विक्रम सिंह ने बताया कि आरोपी मकसूद एक ट्रक चालक है और उसने तीन मजदूरों की हत्या की और दो लोगों को घायल भी किया। उसे शाहदरा,थाने के मामले में दो साल के कारावास की सजा सुनाई गई थी। उसे कोविड अवधि के दौरान 60 दिनों की आपातकालीन पैरोल पर रिहा किया गया था, लेकिन पैरोल अवधि समाप्त होने के बाद, वह संबंधित अधिकारियों के सामने पेश नहीं हुआ और तब से फरार हो गया। इसके बाद से अपराध शाखा की टीम को आरोपी मकसूद का पता लगाने का काम सौंपा गया था। इसके तहत एसीपी यशपाल सिंह की देखरेख में इंस्पेक्टर आशीष दहिमा नेतृत्व में एसआई शैलेंद्र तिवारी एएसआई उपेंद्र और हेड कांस्टेबल सुधीर की टीम ने अंतिम ज्ञात पता, जेल आगंतुकों और जमानतदारों का विवरण प्राप्त कर अन्य सभी प्रासंगिक जानकारी एकत्र की।इसके बाद टीम ने तकनीकी निगरानी और स्थानीय खुफिया जानकारी के आधार पर आरोपी को राज पार्क, लोनीके घनी आबादी वाले इलाके में खोजकर हिरासत में लिया। आरोपी मकसूद को उचित प्रक्रिया के माध्यम से मंडोली जेल में बहाल किया गया है।

### क्रॉम्पटन ने लॉन्च किया नया उत्पाद

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई दिल्ली।** क्रॉम्पटन ग्रीव्स कंज्यूमर इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड ने अपने नए फ्रेश-मिक्स अल्ट्रा जूसर को लॉन्च किया है। विभिन्न प्रकार के फलों और सब्जियों से आसानी से अधिकतम जूस निकालने की क्षमता रखता है। क्रॉम्पटन ग्रीव्स कंज्यूमर इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड में स्मॉल डोमेस्टिक अप्लायंसेज के पीएल हेड, केतन चौधरी ने लॉन्च पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा, ष्क्रॉम्पटन में, हम उपभोक्ताओं कीआवश्यकताओं को पूरा करने और उनके अनुभव को बेहतर बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

### अब सड़कों की जिम्मेदारी लेंगे पीडब्ल्यूडी अफसर

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली में पहली बार ऐसी व्यवस्था की जा रही है कि लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के वरिष्ठ अधिकारी अब शहर की अलग-अलग सड़कों की निगरानी और उनका रखरखाव सुनिश्चित करने के लिए जिम्मेदार होंगे। विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि राजधानी में सड़कों की खराब स्थिति से निपटने के लिए यह निर्णय लिया गया है कि अधीक्षण अभियंता स्तर तक के लोक निर्माण विभाग के सभी वरिष्ठ अधिकारियों को विभाग की कम से कम एक सड़क के रखरखाव की जिम्मेदारी लेनी होगी। अधिकारी ने कहा कि अधीक्षण अभियंता के पद तक के पीडब्ल्यूडी के सभी वरिष्ठ अधिकारियों को अपनी पसंद की कम से कम एक पीडब्ल्यूडी सड़क को अपनाने का निर्देश देने और उसकी देखभाल की जिम्मेदारी सौंपने का निर्णय विभाग ने लिया है। अधिकारियों के नाम वाली एक एक्सेल शीट साझा की गई है और अधिकारियों से सात दिन में अपनी पसंद की सड़क बताने को कहा गया है।

अधिकारी ने कहा कि इसके बाद विभाग के एक अधिकारी को इसकी निगरानी करने और संबंधित कार्यान्वयन अधिकारियों को जरूरी सूचनाएं प्रदान करने के लिए एक-एक सड़क खंड आवंटित किया जाएगा। इसकी रिपोर्ट ई-मॉनिटरिंग एप पर साझा की जाएगी और अनुपालन के लिए उसका अनुसरण किया जाएगा।

इस पहल का उद्देश्य नियमित निगरानी और रखरखाव के प्रयासों में वरिष्ठ अधिकारियों को शामिल करके पीडब्ल्यूडी के अधिकार क्षेत्र के तहत सड़कों की समग्र स्थिति में सुधार करना है।

### होली पर बरसेंगे बदरा चलेंगी हवाएं

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई दिल्ली।** दिल्ली समेत आस पास के इलाकों में होली तक सर्दी का असर कम हो जाता है। साथ ही धूप धीरे-धीरे अपना असर दिखती है। लेकिन इस बार होली पर मौसम बदलने वाला है। होली के दिन जहां गुलाल उड़ेगा, वहीं बादल भी बरस सकते हैं। होली पर इस बार नए पश्चिमी विक्षोभ का असर देखने को मिला। जिसकी वजह से बारिश की संभावना है। मौसम विभाग के मुताबिक, नए पश्चिमी विक्षोभ के असर से दिल्ली में 13 से 15 मार्च के बीच हल्की बारिश हो सकती है। वहीं 15 और 16 मार्च को अधिकतम तापमान में एक से दो डिग्री की गिरावट दर्ज हो सकती है। मंगलवार को आंशिक बादल छाए रहे। अधिकतम तापमान 33 और न्यूनतम तापमान 17 डिग्री रहा , जबकि 12 मार्च को अधिकतम तापमान 32-34 डिग्री और न्यूनतम तापमान 17-19 डिग्री के बीच रह सकता है। वहीं न्यूनतम तापमान भी एक डिग्री तक लुढ़क सकता है।

### दिल्ली सरकार का 2027 तक 95 प्रतिशत

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार ने बहुप्रतीक्षित दिल्ली ईवी पॉलिसी 2.0 की मुख्य बातें साझा की हैं। इस नीति के तहत सरकार का लक्ष्य 2027 तक नए वाहन पंजीकरण में 95 प्रतिशत इलेक्ट्रिक वाहनों को शामिल करना है। दिल्ली परिवहन मंत्रालय ने आधिकारिक बयान में कहा है कि यह नीति दिल्ली को इलेक्ट्रिक मोबिलिटी की ओर तेजी से बढ़ाने और देश में ईवी अपनाने में अग्रणी राज्य बनाने के लिए बनाई गई है।

दिल्ली में 2020 में पहली बार इलेक्ट्रिक वाहन नीति लागू की गई थी, जिसे देश की सबसे व्यापक ईवी नीतियों में से एक माना जाता है। यह नीति अगस्त 2024 में समाप्त हो गई थी, जिसके बाद इसे कई बार बढ़ाया गया। अब दिल्ली सरकार नई ईवी पॉलिसी 2.0 के तहत एक नया ढांचा पेश करने की योजना बना रही है।

## हत्या के प्रयास में गिरफ्तार

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई दिल्ली ।** दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने सराय रोहिल्ला के हत्या के प्रयास के मामले में वांछित को गिरफ्तार किया है जिसमें दो व्यक्तियों को चाकू से गंभीर चोटें आई थीं, बाद में उन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया था। आरोपी पहले भी दिल्ली में डकैती, अपहरण और आर्म्स एक्ट के तीन मामलों में शामिल रहा है। दिल्ली पुलिस अपराध शाखा पुलिस उपायुक्त विक्रम सिंह ने बताया कि 22 फरवरी को रात लगभग 11 बजे शास्त्री नगर निवासी दो व्यक्तियों के शरीर के महत्वपूर्ण हिस्सों में चाकू से वार किया गया। घटना चुन्नी पार्क, शास्त्री नगर, में हुई और उनका एक साथी सोबित उर्फ कालू भागने में सफल रहा। उन्हें दीप चंद बंधु अस्पताल में भर्ती कराया गया और बाद में इलाज के लिए एलएनजेपी अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया गया।

## पत्रकार के हत्यारों की गिरफ्तारी जल्द हो

शाह टाइम्स संवाददाता

**स्याऊ।** जनपद बिजनौर में अखिल भारतीय पत्रकार प्रेस क्लब द्वारा मुख्यमंत्री के नाम उप जिलाधिकारी चांदपुर को ज्ञापन सौंपा, जिसमें सीतापुर के पत्रकार राघवेंद्र वाजपेई की हत्या की कड़ी निंदा की और जल्द से जल्द हत्यारों की गिरफ्तारी की मांग की

प्राप्त समाचार अनुसार जनपद बिजनौर में अखिल भारतीय पत्रकार प्रेस क्लब द्वारा अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा गया। जिसमें सीतापुर जिले के पत्रकार राघवेंद्र वाजपेई हत्याकांड को तीन दिन बीत चुके हैं लेकिन पुलिस के हाथ अभी तक खाली हैं। हत्यारे सीतापुर पुलिस की पकड़ से दूर हैं। वहीं पत्रकार की हत्या के बाद पत्रकार जगत में आक्रोश है। उत्तर प्रदेश के सीतापुर में पत्रकार राघवेंद्र वाजपेई की लखनऊ दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग पर हेमपुर नेरी रेलवे क्रॉसिंग के ओवर ब्रिज के पास हमलावरों ने पहले पत्रकार को बाइक से गिराया फिर उन पर गोलियों की बौछार कर दी। इस हमले में राघवेंद्र की मौके पर ही मौत हो गई। तीन-दिन बीत चुके हैं लेकिन अभी तक सीतापुर पुलिस के हाथ खाली हैं। मंगलवार को अखिल भारतीय पत्रकार प्रेस क्लब बिजनौर के जिलाध्यक्ष अनिल शर्मा के नेतृत्व में संगठन के पदाधिकारियों ने उत्तर प्रदेश सरकार के मुख्यमंत्री से सीतापुर के पत्रकार राघवेन्द्र बाजपेई की हत्या की निंदा कर उनके हत्यारों की गिरफ्तारी की मांग कर उनको कड़ी सजा देने की मांग की और उनके परिजनों को उचित मुआवजा देने, परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने, पत्रकारों को मासिक वेतन तथा पेंशन, पत्रकारों की सुरक्षा हेतु कानून बनाने, पत्रकारों को आत्मरक्षा के लिए शास्त्र लाइसेंस देने आदि की मांग की गई।



## जुआ रैकेट के सरगना सहित तेरह आरोपी पकड़े

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई दिल्ली।** दिल्ली के बाहरी जिला पुलिस के स्पेशल स्टाफ और मंगोलपुरी थाने के स्टाफ ने संयुक्त अभियान चलाकर अवैध जुआ रैकेट के सरगना सहित तेरह आरोपियों को पकड़ा हैं।पुलिस ने उनके पास से जुए के लिए दांव पर लगाए गए 55,250/- और जुए का सामान बरामद किया है। आरोपियों में पांच का पहले भी आपराधिक इतिहास रहा है।

दिल्ली के बाहरी जिला पुलिस उपायुक्त सचिन शर्मा ने बताया कि 9 मार्च,को जिले के स्पेशल स्टाफ अधिकारियों ने मंगोल. पुरी के डीडीए मार्केट के पास अवैध जुआ संचालन के बारे में एक गुप्त सूचना मिली थी।इस गुप्त सूचना पर एसीपी ऑपरेशन नरेंद्र खत्री की देखरेख में इंस्पेक्टर रोहित के नेतृत्व में एसआई अंकित,एएसआई मुरारी लाल,, हेड कांस्टेबल विपिन सुखजीत उपेंद्र, शक्ति, विकास विजय की टीम मंगोलपुरी थाने के कांस्टेबल बजरंग नामक स्थानीय पुलिस कर्मियों के साथ उस स्थान पर पहुंची और एक संदिग्ध को भीड़ से घिरे हुए सट्टे की पर्ची लिखते हुए देखा। एक अन्य व्यक्ति को जुआ गति. विधियों में भाग लेने के लिए दूसरों को उकसाते हुए देखा गया। पुलिस की मौजूदगी को देखते हुए, संदिग्धों ने भागने का प्रयास किया, लेकिन सतर्क अधिकारियों ने करवाई कर तेरह व्यक्तियों को पकड़ लिया। घटनास्थल की बाद की तलाशी में 55,250/- रुपये की नकदी बरामद हुई, जिसका इस्तेमाल जुआ खेलने के लिए किया जा रहा था, साथ ही कई अन्य जुआ-संबंधी सामान भी।इसके बाद दिल्ली सार्वजनिक जुआ अधिनियम के तहत मंगोलपुरी थाने में मामला दर्ज कर सरगना सुनील सहित सभी तेरह आरोपियों को गिरफ्तार कर सामान जब्त कर लिया गया।

## बजट सत्र 24-28 मार्च 2025 तक: व्यापक विधायी एजेंडा तय

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने कहा कि उपराज्यपाल द्वारा दिल्ली की 8वीं विधानसभा के पहले सत्र को समाप्त करने और दूसरे सत्र को 24 से 28 मार्च तक बुलाने के आदेश से संविधान, विधानसभा नियमों और संसदीय परंपराओं की गरिमा दिल्ली में फिर से बहाल हो गई है।

पिछली आप सरकार ने संवैधानिक प्रावधानों, विधायी प्रक्रियाओं और संसदीय परंपराओं की खुली अवहेलना करते हुए दिल्ली विधानसभा को एक दिखावटी मंच बना दिया था। आमतौर पर, भारत की संसद और सभी राज्य विधानसभाओं में हर साल तीन सत्र होते हैं - बजट सत्र, मानसून सत्र और शीतकालीन सत्र। इसके अतिरिक्त, विशेष परिस्थितियों में कभी-कभी विशेष सत्र भी बुलाए जाते हैं। लेकिन 2020 से 2025 तक के पांच साल के कार्यकाल में सातवीं दिल्ली विधानसभा ने केवल चार सत्र आयोजित किए, और कुछ मामलों में बिना विधानसभा को औपचारिक रूप से समाप्त किए ही सत्र बुलाए गए, जिनका उपयोग संवैधानिक संस्थाओं और अन्य राज्य सरकारों की आलोचना के लिए किया गया।अब नई सरकार के सत्ता में आने के बाद, विधानसभा की गरिमा और प्रतिष्ठा बढ़ी है। पहले सत्र को औपचारिक रूप से समाप्त कर दिया गया है और अब दूसरा सत्र, यानी बजट सत्र, बुलाया जा रहा है।

अब से, विधानसभा हर साल निर्धारित तीन सत्रों का पालन करेगी, जिसमें प्रश्नकाल, निजी विधेयकों पर चर्चा और अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर बहस होगी ताकि दिल्ली की जनता की आवाज सुनी जा सके।



भजन संध्या में महाराज जी का आशीर्वाद लेने पहुंचे कृष्णा नगर विधानसभा से विधायक डा. अनिल गोयल व निगम पार्षद राजू सचदेवा ।

## डॉ. आलोक ड्रोलिया ने विश्व शांति केंद्र का कार्यभार संभाला

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई दिल्ली।** दुनिया के प्रथम विश्व शान्ती केंद्र के सफल उद्घाटन के साथ ही डॉ.आलोक ड्रोलिया जी को अहिंसा विश्व भारतीएवं विश्व शांति केंद्र के ग्लोबल चेयरमैन के रूप में अपनी सेवा भारत और दुनिया मे निर्माणाधीन व आगामी स्थापित होने वाले सभी विश्व शान्ती केंद्रो मे अपनी सेवा प्रदान करने हेतु परम पावन माननीय श्री रविशंकर जी, परम पावन माननीय श्री मुरारी बापू जी, हरियाणा के माननीय मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी जी, उत्तर प्रदेश के माननीय उपमुख्यमंत्री श्री केशव प्रसाद मौर्य जी, पंजाब के माननीय राज्यपाल श्री गुलाब चंद्र कटारिया जी, बिहार के माननीय राज्यपाल श्री आरिफ मोहम्मद खान जी और भारत के 14वें राष्ट्रपति महामहिम श्री राम नाथ कोविंद जी की उपस्थिति में अहिंसा विश्व भारती एवं विश्व शांति केंद्र के संस्थापक अध्यक्ष, परम पावन माननीय आचार्य डॉ लोकेश मुनि जी द्वारा मना. नीत किया गया। गौरतलब है की पूज्यनीय आचार्य जी 8 साल से डॉक्टर आलोक ड्रोलिया जी के समाजिक कार्यो एवं उनकी सरल-सहज मानवीय विचारधारा जिसमे दुरस्त गांव के मेधावी बच्चो की पहचान कर उनके अबाधित



शिक्षा व्यवस्था अति गरीब ग्रामीण महिलाओ के लिए घरेलू आय का स्रोत देना नेत्रहीन बेटियों के लिए ब्रेल पुस्तक की वयवस्था 350 गरीब दादीयों के लिए सालाना तीर्थ की वयवस्था अनाथ बच्चियों का विवाह एवं अन्य सैंकड़ो काम है जिन्हे वे कभी प्रदर्शित नही करते उन्हे परख कर चयनित किया है, जिसके समर्थन मे उपस्थित सभी महानुभाव ने भी अपना आशीर्वाद आलोक जी को दिया।

## शातिर अपराधी और रिसीवर को पकड़ा

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई दिल्ली।** दिल्ली के रोहिणी जिला पुलिस के विजय विहार थाने के स्टाफ ने एक शातिर अपराधी और रिसीवर को गिरफ्तार किया है।पुलिस ने उनके पास से चोरी की गई सोने की तीन अंगूठियां और एक बटन वाला चाकू बरामद किया है।

दिल्ली के रोहिणी जिला पुलिस उपायुक्त अमित गोयल ने बताया कि स्नेचिंग, डकैती और ऑटो लिफ्टिंग के मामलों को रोकने के लिए, स्थानीय पुलिस द्वारा अपने संबंधित क्षेत्राधिकार में रणनीतिक पिकेट स्थापित करके रोहिणी जिले में व्यापक गश्त और जाँच की गई। इसी बीच विजय विहार थाने के हेड कांस्टेबल सुनील और कांस्टेबल रमेश इलाके में गश्त के लिए तैनात किया गया था। गश्त के दौरान, टीम ने इलाके में एक संदिग्ध व्यक्ति को देखा और उसे जाँच के लिए इशारा किया। पुलिस टीम को देखकर उसने भागने की कोशिश की, लेकिन एसीपी रोहिणी अतुल सूद की देखरेख में एसएचओ विजय विहार अजय कुमार के नेतृत्व में टीम ने तुरंत उसका पीछा कर पकड़ लिया। उसके संदिग्ध कृत्य के बारे में पूछने पर, वह संतोषजनक जवाब नहीं दे सका। उसकी तलाशी लेने पर, उसके पास से एक बटन सक्रिय चाकू बरामद किया गया। बाद में उसकी पहचान सोनू उर्फ राजू (25) के रूप में हुई। उसने चोरी के कई मामलों में अपनी संलिप्तता का भी खुलासा किया। उसने चोरी की गई संपत्ति के रिसीवर का नाम भी बताया, जिसे उसने तीन सोने की अंगूठियां बेची थीं। इसके बाद सोनू उर्फ राजू की निशानदेही पर सोने की अंगूठियों के रिसीवर आरोपी शौकी (37) को उसके ठिकाने से गिरफ्तार कर लिया ।

## होली के रंगों में डूबे सलमान व रश्मिका

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई दिल्ली।** सलमान खान और रश्मिका मंदाना ने साल के सबसे बड़े होली ट्रैक बम बम भोले पर मचाया धमाल! फिल्म सिकंदर के इस गाने ने पहले ही होली के फेस्टिव मूड को और भी खास बना दिया है। जब सलमान और रश्मिका के एनर्जेटिक मूव्स और दमदार केमिस्ट्री परफेक्ट बीट्स के साथ मिलते हैं, तो नतीजा एक विजुअल ट्रीट से कम नहीं होता। बम बम भोले में सिर्फ म्यूजिक ही नहीं, बल्कि एक जबरदस्त रैप और डांस करने लायक कंपोजिशन भी है, जो इस होली को और भी एनर्जेटिक बना देगा। चाहे फिल्म सिकंदर का टीजर हो या पहला गाना जोहरा जबीं, हर एक गाना और वीडियो सुपरहिट साबित हुआ है। अब इस लिस्ट में एक और धमाकेदार गाना बम बम भोलेश जुड़ गया है।



## आईजीआई एयरपोर्ट को एशिया में सर्वश्रेष्ठ हवाई अड्डे का मिला खिताब

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई दिल्ली।** इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट दुनिया के खास एयरपोर्ट के क्लब में शामिल हो गया है। दिल्ली एयरपोर्ट को एशिया प्रशांत क्षेत्र (एशिया पैसेफिक) का सर्वश्रेष्ठ एयरपोर्ट चुना गया है। सातवीं बार इस खिताब से इसे नवाजा जा चुका है। इस पुरस्कार से विमानन उद्योग में इस एयरपोर्ट की भूमिका और अधिक मजबूत हुई है। प्रति वर्ष की क्षमता रखने वाले एयरपोर्ट की श्रेणी में आईजीआई एयरपोर्ट सबसे बेहतर है। आईजीआई एयरपोर्ट पर यात्रियों को दी जाने वाली सभी सेवाएं एशिया पैसिफिक में सबसे बेहतर रही हैं। दिल्ली अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट लिमिटेड (डायल) को एशिया-प्रशांत क्षेत्र में 4 करोड़ से अधिक प्रति वर्ष की क्षमता रखने वाले एयरपोर्ट की श्रेणी में आईजीआई एयरपोर्ट सबसे बेहतर है।

## दिल्ली में अप्रैल से लागू हो सकती है नई ईवी पॉलिसी



शाह टाइम्स संवाददाता

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में अगले माह से नई इलेक्ट्रिक पॉलिसी लागू हो सकती है। पुरानी पॉलिसी का विस्तार 31 मार्च को खत्म हो रहा है। सोमवार को परिवहन मंत्री पंकज कुमार सिंह ने नई ईवी पॉलिसी 2.0 की समीक्षा की है। नई पॉलिसी का उद्देश्य दिल्ली की सडकों पर इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देना है। इस दौरान नई ईवी पॉलिसी 2.0 के उद्देश्यों को अमल में लाने के लिए सभी बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की गई। परिवहन मंत्री ने कहा की प्रस्तावित दिल्ली ईवी पॉलिसी 2.0 सार्वजनिक परिवहन में दिल्ली के नेतृत्व को और मजबूत करेगी। इस पॉलिसी के तहत सभी सीएनजी ऑटो-रिक्शा, टैक्सियों और हल्के वाणिज्यिक वाहनों को चरणबद्ध तरीके से इलेक्ट्रिक में बदला जाएगा साथ ही सरकार सार्वजनिक परिवहन प्रणाली के अंतर्गत चलने वाले सभी बसों के स्थान पर प्राथमिकता के आधार पर ईबसों को उतारा जाएगा। ईवी पॉलिसी को प्रमोट करने के लिए पॉलिसी 2.0 में इलेक्ट्रिक दोपहिया, तिपहिया, ई-एलसीवी (हल्के वाणिज्यिक वाहन) और ई-ट्रकों के खरीद को सरकार प्रोत्साहित करेगी। निजी और सार्वजनिक चार्जिंग स्टेशनों के लिए सब्सिडी प्रदान करने के साथ ही रिंग रोड और बाहरी रिंग रोड सहित प्रमुख सड़कों पर फास्ट-चार्जिंग कॉरिडोर स्थापित किया जाएगा। पॉलिसी को प्रोत्साहित करने के लिए एक स्टेट ईवी फंड भी बनाया जाएगा। जिसे ग्रीन लेवी, प्रदूषण सेस और एग्रीगेटर लाइसेंस शुल्क के माध्यम से फंड जमा होगा।

भारत माँ के चार सिपाही
हिन्दू मुस्लिम सिख ईसाई
देश को मज़बूत बनाना है तो
भाईचारा मज़बूत बनाएं





फैसल कुरैशी

भाई मेहरबान
अध्यक्षः भाईचारा समिति
दिल्लीप्रदेश 9810024415

शाह टाइम्स

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 109-110, प्रताप भवन, 5, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎011-41509401-2
फैक्सः 011-41509403
मुख्यालय मोबाइल 9720007290
R.N.I. NoDEL.HIN./2002/8501
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

## नगर निगम के पेट्रोल पंप से 2000 लीटर डीजल की चोरी

### निगम को चुना लगाने वाले ठेकेदारों को किया जाए ब्लैक लिस्ट: ललित कश्यप






**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** पूर्व पार्षद ललित कश्यप के द्वारा नगर निगम में डीजल चोरी का मामला पकड़ा है। उनके द्वारा नगर निगम के वाहनों को नोएडा जाते देखा गया था तथा उनके द्वारा तहकीकात की गई तो पता चला कि चालक नोयडा जाकर डीजल बेचते हैं। उनके द्वारा महापौर सुनिता दयाल को इस विषय में जानकारी दी गई महापौर सुनिता दयाल द्वारा नगरायुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक को इस मामले से अवगत कराया गया। मामले को देखते हुए नगरायुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के द्वारा कार्रवाई करते हुए सुपरवाइजर व लिप्त कर्मियों को बर्खास्त कर दिया गया है तथा वाहन को अधिकारियों की सुपुर्दगी निगम मुख्यालय में खड़ा कराया गया है साथ ही अब पेट्रोल पंप पर कैमरे लगाने व पंप का डाटा डिजिटल करने के आदेश दिए गए हैं।

## ब्राह्मण युवक- युवती परिचय सम्मेलन 13 अप्रेल को

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**गाजियाबाद।** दुर्गा वाशिंग पावडर के चौयरमेन प्रेमचंद गुप्ता ने बताया कि अगला ब्राह्मण युवक- युवती परिचय सम्मेलन 13 अप्रेल दिन रविवार को होगा साथ ही उन्होंने सभी से अनुरोध किया कि ज्यादा से ज्यादा फॉर्म भरवाए, जिससे कि रिश्ते ज्यादा से ज्यादा हो सके।

### सुनसान इलाकों में लोगों को लूटने वाले

## शातिर बदमाश मुठभेड़ में गिरफ्तार, तमंचा-कैश बरामद

**गाजियाबाद।** विजयनगर थाना क्षेत्र में पुलिस ने एक शातिर बदमाश को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया है। पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक बिना नंबर की ग्रे कलर की अपाचे बाइक पर सवार दो बदमाशों को रुकने का इशारा किया, लेकिन बदमाशों ने पुलिस टीम पर फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस टीम ने अपना बचाव करते हुए जवाबी कार्रवाई में फायरिंग की तो गोली एक बदमाश के जा लगी जो मौके पर ही घायल होकर गिर पड़ा। जबकि उसका साथी मौके से फरार हो गया।

पुलिस के अनुसार, घायल बदमाश की पहचान विशाल के रूप में हुई है। जो मूल रूप से मोदीनगर का रहने वाला है। वर्तमान में क्रॉसिंग रिपब्लिक इलाके में रहता है। जानक.



ारी देते हुए डीसीपी सिटी राजेश कुमार सिंह ने बताया कि विशाल के पास से चोरी की मोटरसाइकिल, एक तमंचा, जिंदा और खोखा कारतूस तथा नकदी बरामद हुआ है। जिसने पूछताछ में बताया कि वह और उसका साथी सुनसान इलाकों में लोगों को लूटते थे। साथ ही बंद दुक. ानों और मकानों के ताले तोड़कर चोरी भी करते थे।

पुलिस का कहना है कि विशाल पर गाजियाबाद और नोएडा में एक दर्जन से अधिक मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस फरार बदमाश की तलाश में जुटी है। यहीं नहीं विजयनगर थाना पुलिस की इस कार्रवाई से इलाके में बढ़ते अपराध पर काबू पाने के लिए एक बड़ी सफलता माना जा रहा है। पुलिस ने मामले की जांच जारी रखते हुए फरार बदमाश को पकड़ने के लिए पूरे इलाके में नाकाबंदी कर दी है।

### किडजी मोदीनगर में थीम शक्ति खेलोत्सव पर

## वार्षिक खेल दिवस का आयोजन

**■ उन्होंने कहा कि छोटे बच्चों को कुछ भी सिखाना अपने आप में एक बड़ी चुनौती होती है**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** 8 मार्च 2025 को किडजी मोदीनगर में बड़े उत्साह के साथ वार्षिक खेल दिवस का आयोजन किया गया। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस को समर्पित इस कार्यक्रम की थीम शक्ति खेलोत्सव रही, जो साहस, गति और महत्वाकांक्षा का प्रतीक है।

कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि डॉ. मंजू सिवाच जी (माननीय विधायक) उपस्थित रहीं। विशिष्ट अतिथि के रूप में विनोद वैशाली जी ( चेयरमैन मोदीनगर) कार्यक्रम में शामिल रहे। साथ ही विशेष अतिथि के रूप में सपना तेवतिया(ऐकडेमिक मैनेजर, नॉर्थ, जी लर्न) भी उपस्थित रहीं। इसके अलावा, किडजी मोदीनगर के चेयरमैन अनिल बंसल जी एवं मैनेजिंग डायरेक्टर अनमोल बंसल जी ने भी अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराई।

इस अवसर पर अभिभावकों ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया और बच्चों का उत्साहवर्धन किया। किडजी मोदीनगर की फैसिलिटेटर्स ख्र अंतिमा शर्मा, फिजा जैदी, क्षमा शर्मा, अपर्णा चौधरी, भावना और यामिनी टोंक ख्र ने श्उड़ान ख्र राइज स्ट्रॉन्गश थीम पर एक प्रभावशाली कला प्रदर्शन प्रस्तुत किया। इस प्रस्तुति के माध्यम से उन्होंने योग और आत्मरक्षा का महत्व नृत्य के माध्यम से दर्शाया और बताया कि ये दोनों आज की नारी के लिए कितने आवश्यक हैं।

ताइक्वांडो कोच रेशव एवं फैसिलिटेटर रीता वर्मा के मार्गदर्शन में बच्चों ने शानदार ताइक्वांडो प्रदर्शन किया, जिसमें उन्होंने विभिन्न आकर्षक करतब प्रस्तुत कर सबका मन मोह लिया। बच्चों ने अलग-अलग रेस में भाग लेकर अपनी प्रतिभा और खेल भावना का परिचय दिया। किड्जी मोदीनगर की प्रधानाचार्य प्रियंका शर्मा ने बताया की यह आयोजन बच्चों के आत्मविश्वास को बढ़ाने के साथ-साथ महिला सशक्तिकरण, साहस और टीम वर्क का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत करने में सफल रहा था, जो साहस, गति और महत्वाकांक्षा का प्रतीक है।

मुख्य अतिथि डॉ. मंजू सिवाच जी ने अपने बातचीत में किडजी मोदीनगर को शानदार आयोजन के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि छोटे बच्चों को कुछ भी सिखाना अपने आप में एक बड़ी चुनौती होती है, जिसे किडजी की टीम ने बखूबी निभाया है। उन्होंने फैसिलिटेटर्स और प्रबंधन टीम की सराहना करते हुए कहा कि उनकी मेहनत और बच्चों की निरंतर अभ्यास का ही परिणाम है कि बच्चों का प्रदर्शन बेहद सराहनीय और मनमोहक रहा।

### खाद्य सुरक्षा विभाग की चार टीम गठित

## मिलावटी सामान के खिलाफ जांच अभियान



**गाजियाबाद।** होली के अवसर पर जिलाधिकारी दीपक मीणा ने कड़ा रुख अपनाया है जिसके अंतर्गत में मिलावटी सामान की बिक्री पर अंकुश लगाने के लिए खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की चार टीमें गठित कर लगातार छापे एवं प्रवर्तन कार्यवाही की जा रही है। मेसर्स माहेश्वरी रोलर फ्लोर मिल, बुलन्दशहर रोड़, इण्ड, एरिया, गाजियाबाद के प्रतिष्ठान पर खाद्य सुरक्षा अधिकारी मुकेश शर्मा, श्री महेन्द्र प्रताप सिंह, देवांश चतुर्वेदी द्वारा कार्यवाही करते हुए एक्सपायर्ड खाद्य पदार्थ मैदा की 1192 बोरियों एवं आटा की 135 बोरियाँ, कुल वजन 66297 किग्रा० का भण्डारण पाया गया। खाद्य पदार्थ आटा व मैदा के 04 नमूनें संग्री. हत करने के उपरान्त शेष बचे आटा व मैदा के स्टाक को अग्रिम कार्यवाही तक सीज कर दिया गया है। सीज किये गये स्टाक का अनुमानित मूल्य 2247397 रूपये है। उक्त विनिर्माण स्थल से सूजी, दलिया सहित कुल 07 नमूने संग्रहित किए गए।

खाद्य सुरक्षा अधिकारी शैलेन्द्र सिंह के नेतृत्व में टीम द्वारा मेसर्स शिव शक्ति पूजा स्टोर, तुराबनगर गाजियाबाद के प्रतिष्ठान से बादाम, काजू एवं वेजिटेबल फैट का नमूना संग्रहित किये गये। खाद्य सुरक्षा अधिकारी दर्पण कुमार की टीम द्वारा किराना कार्ट प्रा० लि० (जेप्टो) वैशाली सेक्टर-03 गाजियाबाद के प्रतिष्ठान से घी बादाम गुजिया, मावा गुजिया, सरसों का तेल, कोकोनट बादाम गुजिया व चिप्स का नमूना संग्रहित कर जॉच खाद्य प्रयोगशाला, प्रेषित किये गये है।

उपर्युक्त संग्रहित नमूनों की जाँच रिर्पोट प्राप्त होने पर खाद्य सुरक्षा मानक अधिनियम 2006 के अनुसार सम्बन्धित के विरूद्ध आवश्यक विधिक कार्यवाही की जायेगी। यह अभियान निरन्तर मिलावटी खाद्य पदार्थों एवं खाद्य कारोबारकर्ताओं के विरूद्ध आगे भी जारी रहेगा। उक्त अभियान में अब तक कुल 91 नमूनें संग्रहित कर जॉच हेतु क्षेत्रीय जनविश्लेषक प्रयोगशाला, उ०प्र० को प्रेषित किये जा चुके है।

### एक नजर

## शराब पीने से मना करने पर पत्नी को जिंदा जलाया, अस्पताल में मौत

**गाजियाबाद।** मुरादनगर में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए पत्नी को जिंदा जलाने वाले आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी पति ने पुलिस की पूछताछ में बताया कि उसने पत्नी को जिंदा इसलिए जलाया क्योंकि वह शराब पीने से मना करती थी। आरोपी की ये बात सुन पुलिस के भी होश उड़ गए। घटना 28 फरवरी की है।

इस मामले में पुलिस का कहना है कि घटना वाले दिन आरोपी इंतखाव आलम नशे में घर आया। पत्नी मुवाशिरा उर्फ भूरी ने इसका विरोध किया। इस बात को लेकर दोनों में झगड़ा हो गया। गुस्से में आकर इंतखाव ने पत्नी पर पेट्रोल डाल माचिस से आग लगा दी। फिर उसे बाथरूम में बंद कर फरार हो गया।

पीड़िता की चीख-पुकार सुनकर स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और बाथरूम का दरवाजा तोड़कर महिला को बाहर निकाला। तुरंत स्थानीय अस्पताल ले गए। हालत गंभीर होने पर उसे दिल्ली रेफर कर दिया गया। जहां सात मार्च को सफदरजंग अस्पताल में महिला की मौत हो गई।

उधर, एसीपी मसूरी सर्किल लिपि नागयाच ने बताया कि आरोपी ने अपना जुर्म कबूल कर लिया है। इंतखाव और मुवाशिरा की शादी 2005 में हुई थी। पुलिस अन्य संभावित आरोपियों की तलाश में जुटी है। जांच में जिसका भी नाम सामने आएगा, उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## छत से लटके मिले पति-पत्नी के शव

**गाजियाबाद।** फरूखाबाद यूपी के रहने वाले एक फैक्ट्री कर्मचारी ने अपनी पत्नी के साथ छत से फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। दोनों कविनगर थाना क्षेत्र की महेंद्रा एंक्लेव में किराये पर रह रहे थे। पुलिस को कमरे से सुसाइड नोट भी मिला है। पुलिस घटना का कारण पारिवारिक परेशानी बता रही है। कविनगर थाना क्षेत्र के महेंद्र एंक्लेव में रहने वाले सोहनवीर सिंह के मकान में करीब आधा दर्जन किरायेदार रहते हैं। उन्होंने मकान के एक हिस्से में पांच कमरे बनाकर किराये पर उठा रखे हैं। करीब एक महीने पहले इसी मकान में किराये पर फरूखाबाद निवासी पीयूष और उसकी पत्नी निशां आए थे।

## नाली पर बवाल, फायरिंग, पथराव एक को लगी गोली, कई घायल

**गाजियाबाद।** विजयनगर थाना क्षेत्र के मिर्जापुर में दो पक्षों के बीच नाली बनाने को लेकर मामूली विवाद ने इस कदर भयानक रूप ले लिया कि पथराव और लाठी-डंडों के अलावा फायरिंग तक हो गई। इस घटना में एक शख्स गोली लगने से घायल हुआ है जबकि कई अन्य को भी चोटें आई हैं। मौके पर पुलिस बल तैनात है।

सिटी जोन के थाना विजयनगर में मिर्जापुर मुहल्ला है। यहां की नूरानी मस्जिद के पास एक नाली के ढलान को लेकर नगर निगम की टीम आयी हुई थी। नाली निर्माण का कार्य चल रहा था। इसी दौरान दो पक्षों में विवाद हो गया।

इस विवाद में एक पक्ष अली जान का तो दूसरा पक्ष असलम का था। दोनों पक्ष से लगभग 20-25 लोग आ गये और नाली की दिशा को लेकर विवाद उत्पन्न हो गया। जिसके बाद वहां मारपीट व फायरिंग की गयी।

सहायक पुलिस आयुक्त रितेश त्रिपाठी के मुताबिक घटना में एक व्यक्ति अमजद के पेट में छर्रा लगा है जिसे प्राथमिक उपचार हेतु भेजा गया है । इस पूरे घटनाक्रम में सम्मलित सभी लोगों को चिन्हित किया जा रहा है। उनके विरूद्ध कठोर कानूनी कार्यवाही की जाएगी। मौके पर शांति व्यवस्था कायम है। पूरे प्रकरण में अग्रिम कार्यवाही की जा रही है।

## ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन ने होली मिलन समारोह का किया आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया।

होली मिलन समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि पूर्व विधायक प्रशांत चौधरी, सपा नेत्री मधु चौधरी, भारतीय किसान यूनियन अजगर के जिलाध्यक्ष सचिन शर्मा, ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष सौदान सिंह गुर्जर, जिला महासचिव सुरेंद्र सिंह नागर, जिला चौयरमेन इकबाल खान, कोषाध्यक्ष नरेश सिंह खरकिया के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया।

कार्यक्रम के दौरान कलाकारों द्वारा राधा कृष्ण की प्रमुख झांकिया निकालकर नृत्य प्रस्तुत किया गया तथा सभी के द्वारा फूलों से व तिलक लगाकर होली खेल गई। इस दौरान एसोसिएशन के सदस्य उपस्थित रहे।

## मास्टर्स एथलेटिक्स चैंपियनशिप में दो खिलाड़ियों ने जीते पदक

**गाजियाबाद।** कनार्टक में चार से 9 मार्च तक आयोजित हुई 45वीं नेशनल मास्टर्स एथलेटिक्स चैंपियनशिप में शहर के दो मास्टर्स खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए चार पदक जीते हैं।

मास्टर्स एथलेटिक्स एसोसिएशन के अध्यक्ष अजय प्रमुख ने बताया कि इस मास्टर्स एथलेटिक्स चैंपियनशिप में कई राज्यों के मास्टर्स खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया था। इसमें शहर के मास्टर्स एथलीट चौधरी महिपाल सिंह ने 60 प्लस आयु वर्ग में 1500 मीटर दौड़ में भाग लेते हुए गोल्ड मेडल जीता है। इसके अलावा उन्होंने पांच हजार मीटर दौड़ में गोल्ड और 10 हजार मीटर दौड़ में भी हिस्सा लेते हुए स्वर्ण जीता।वे इससे पहले भी कई मास्टर्स एथलेटिक्स चैंपियनशिप में पदक जीत चुके हैं। वहीं रिचा सूद ने भी डिस्कस थ्रो में प्रतिभाग करते हुए गोल्ड मेडल जीत जिले का मान बढ़ाया है। दोनों की इस शानदार उपलब्धि पर जिला मास्टर्स एथलेटिक्स एसोसिएशन ने उन्हें बधाई दी।

## नेशनल मास्टर एथलीट चैंपियनशिप में किया गाजियाबाद के नाम रोशन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** मास्टर एथलीट एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष अजय प्रमुख व जिला सेक्रेटरी लिखी राम चौधरी ने बताया कि 45 वी नेशनल मास्टर एथलीट चैंपियनशिप 4 से 9 मार्च को बेंगलुरु में श्री कांटेरवा स्टेडियम स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया ग्राउंड कर्नाटक में आयोजित की गई। जिसमें गाजियाबाद से 60 प्लस आयु वर्ग में चौधरी महिपाल सिंह अटौर गांव के रहने वाले मैं भाग लिया।

जिन्होंने 1500 मीटर रेस में गोल्ड, 5000 मीटर रेस में गोल्ड, और 10000 मीटर रेस में गोल्ड जीतकर गाजियाबाद जिले का नाम रोशन किया। चौधरी महिपाल पहले भी नेशनल और इंटरनेशनल जिला, स्टेट और मैराथन प्रतियोगिताओ अभी तक लगभग लगातार 100 से ज्यादा मेडल 2022 से 2025 तक अर्जित कर चुके हैं।



गाजियाबाद की ही रिचा सूद ने बेंगलुरु चैंपियनशिप में डिस्कस थ्रो में गोल्ड मेडल जीता है जो कि दिल्ली स्टेट से खेलती है। दोनों ही खिलाड़ियों ने गाजियाबाद जिले का अपने देश में और इंटरनेशनल लेवल पर नाम रोशन किया है। गाजियाबाद मास्टर एथलीट एसोसिएशन अपने दोनों खिलाड़ियों का बहुत-बहुत स्वागत करती है।

## ध्वस्तीकरण के खिलाफ ग्रामीणों ने विरोध जताया

**मुरादनगर।** गांव बसंतपुर सैतली में मंगलवार को पंचायत हुई। इसमें ग्रामीणों ने जीडीए के अधिकारियों पर मनमानी कर पुरानी कॉलोनियों को ध्वस्त करने का आरा. ेप लगाया।

साथ ही, विरोध जताते हुए बड़े स्तर पर आंदोलन की चेतावनी दी। गाजियाबाद विकास प्राधिकरण द्वारा अवैध कॉलोनियों पर कार्रवाई की जा रही। ध्वस्तीकरण का स्थानीय लोग विरोध कर रहे हैं। इसी क्रम में बसंतपुर सैतली स्थित कृष्णा एंक्लेव में पंचायत हुई।

इसकी अध्यक्षता राजकुमार त्यागी और संचालन अमित त्यागी ने किया। ग्रामीणों ने कहा कि जो कॉलोनी पांच से दस साल पहले बसी हैं। उन पर भी कार्रवाई हो रहा, जो गलत है।

पंचायत में फैसला लिया गया कि यदि पुरानी कॉलोनियों पर कार्रवाई की गई तो जीडीए मुख्यालय का घेराव किया जाएगा। मौके पर जिला पंचायत सदस्य अमित त्यागी, विकास यादव, देवदत्त त्यागी, सुधीर, विनीत और माइकल त्यागी सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे।

## दबंगों ने तोड़फोड़ की, महिला पर पालतू कुत्ता छोड़ा

**साहिबाबाद।** खोड़ा थाना क्षेत्र के सोम बाजार में रहने वाली एक महिला ने पड़ोस में रहने वालों पर गंभीर आरोप लगाया है। महिला का आरोप है कि आरोपियों ने मारपीट करते हुए गेट तोड़ दिया और अपने पालतू कुत्ते को उसके ऊपर छोड़ दिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बवीता पत्नी सन्दीप कुमार हाल निवासी सोम बाजार खोडा कालोनी गाजियाबाद ने पुलिस से की शिकायत में कहा कि शाम को हमारे फ्लेट में रहने वाली अर्पिता सिंह व उसकी बेटी सना ने मेरे मेरी सास व घर वालों पर कुत्तों से हमला कराया, गेट पर तोडफोड करते हुए धमकी दी कि गलत बेंम में फंसा दूँगी।

## अब कंप्यूटर से बंद और चालू होंगी स्ट्रीट लाइटें



**गाजियाबाद।** नगर निगम ने शहर की स्ट्रीट लाइटों की देख-रेख और संचालन को अधिक प्रभावी और स्मार्ट बनाने के लिए एक नई पहल की शुरुआत की है। अब शहर की स्ट्रीट लाइटों को कंप्यूटर प्रणाली के माध्यम से बंद और चालू किया जाएगा। इस तकनीकी बदलाव से न सिर्फ लाइटों के संचालन में सुधार होगा, बल्कि खराब लाइटों की जानकारी भी तुरंत संबंधित अधिकारियों तक पहुंच जाएगी, जिससे शीघ्र मरम्मत की जा सकेगी। आपको बता दें कि नगर निगम ने आधुनिक तकनीक से स्ट्रीट लाइट के खंभों पर सिम आधारित पैनल लगवाया है, जिसकी मदद से कंप्यूटर से लाइटों को ऑन-ऑफ किया जा सकेगा। पायलट प्रोजेक्ट के रूप में एलिवेटेड रोड पर लगभग 1,000 लाइटों में आधुनिक पैनल लगाए गए हैं, जिसके माध्यम से समय से लाइटों को निर्धारित समय से चालू और बंद किया गया।

नई पहल की शुरुआत को लेकर नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने बताया कि एलिवेटेड रोड की एक हजार लाइटों को कंप्यूटराइज किया गया है। इसमें इंटरनेट ऑफ थिंग्स के आधार पर लाइटों के कंप्यूटराइज ऑन-ऑफ के पैनल लगाए गए हैं। नगर आयुक्त का कहना है कि एलिवेटेड रोड के बाद नागद्वार से हिंडन एयरपोर्ट तक की लाइटों को भी पैनल से जोड़ने की तैयारी है। सह प्रभारी आश कुमार ने बताया कि जीडीए के समय में एलिवेटेड रोड पर लाइटों के लिए लगे पैनल मैन्युअल ऑपरेट होते थे, इसको आधुनिक पैनल से जोड़ा गया है।

## नगर निगम की कार्यशैली से त्रस्त है संजय नगर के व्यापारी

**■ गंदी सोच की वजह से और व्यापारियों को परेशान करने की नीयत से इस कार्य को किया गया है**

**गाजियाबाद।** संजय नगर सेक्टर 23 में पूर्व में एक पुलिया का निर्माण कार्य कराया गया था लेकिन लगभग 20 दिन बीत जाने के बाद भी जिसका काम समय पूरा हो गया था ,पुलिया भी बन गई लेंटर भी डाल गया और लेटर खुल भी गया उसके बावजूद निगम ने रास्ता पूरी तरह से ब्लॉक कर रखा है। जिस वजह से व्यापारियों में बहुत रोष है संजय नगर व्यापार मंडल के अध्यक्ष विपिन गोयल ने चेतावनी दी है कि अगर यह पुलिया बुधवार तक चालू नहीं कराई गई तो बाजार को बंद रखा जाएगा और व्यापारियों के साथ धरना दिया जाएगा।

विपिन गोयल ने कहा कि आखिरकार निगम क्यों व्यापारियों का शोषण करने में लगा हुआ हैं निगम को अगर कार्य करना है त्यौहार से पहले करवाना चाहिए कभी तो दिवाली से पहले रास्ते बंद कर दिए जाते है या सड़क की खुदाई चालू कर देंगे और अब होली से पहले पुलिया को किया बंद महामंत्री हरीश शर्मा ने बताया कि जब भी कोई निर्माण कार्य कराया जाता है रोड का हाईवे का या पुल का पूरी तरह से रोड को ब्लॉक नहीं किया जाता है पहले आवा गमन के लिए रास्ते की व्यवस्था की जाती है लेकिन निगम की गलत नीतियों और गंदी सोच की वजह से और व्यापारियों को परेशान करने की नीयत से इस कार्य को किया गया है।

## ट्रक-कार को दोपहिया बनाकर एजेंट ने दिलवा दी फर्जा बीमा पॉलिसी

**गाजियाबाद।** एक बड़े बीमा घोटाले का खुलासा हुआ है, जिसमें आईसीआईसीआई लोम्बार्ड जनरल इंश्योरेंस कंपनी के दो एजेंटों पर 986 फर्जी मोटर बीमा पॉलिसी जारी करने का आरोप लगा है। कंपनी ने इस धोखाधड़ी को लेकर साइबर क्राइम थाने में शिकायत दर्ज कराई है। इस घोटाले से कंपनी को लाखों रुपये का नुकसान हुआ है। आईसीआईसीआई जनरल इंश्योरेंस के डिप्टी वाइस प्रेसीडेंट संजय ठाकुर ने बताया कि कंपनी ने हापुड़ निवासी रोहित कुमार को तीन जनवरी को और गाजियाबाद निवासी विकास कश्यप को 28 नवंबर को एजेंट नियुक्त किया था। दोनों एजेंटों को मोटर बीमा पॉलिसी




जारी करने की जिम्मेदारी दी गई थी, लेकिन उन्होंने नियमों को ताक पर रखते हुए फर्जी बीमा पॉलिसी जारी कर दी। शुरुआती जांच में पता चला कि इन एजेंटों ने बड़े वाहनों, जैसे ट्रक और कार को कंपनी के डेटाबेस में दोपहिया वाहन दिखाकर थर्ड-पार्टी बीमा कर दिया।

इससे इंश्योरेंस कंपनी को बहुत कम प्रीमियम राशि प्राप्त हुई, जबकि बीमाधारकों से पूरी रकम वसूली गई। आरोपियों ने बीमाधारकों को जिस वाहन की असली पॉलिसी बननी थी, उसी वाहन की फर्जी पॉलिसी बनाकर सौंप दी। कंपनी को जब इस गड़बड़ी की भनक लगी, तो आंतरिक जांच शुरू की गई। जांच के दौरान पता चला कि कुल 986 बीमा पॉलिसियां इसी तरह फर्जी तरीके से जारी की गई हैं। इससे कंपनी को लाखों रुपये का आर्थिक नुकसान हुआ है। घोटाले का खुलासा होने के बाद आईसीआईसीआई लोम्बार्ड जनरल इंश्योरेंस कंपनी ने साइबर क्राइम थाना पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने इस मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया है और जांच शुरू कर दी है। एडीजीसी अपराध पीयूष कुमार सिंह ने कहा कि आरोपों के आधार पर कार्रवाई की जाएगी और दोषियों पर सख्त कानूनी कार्रवाई होगी।

# सभी कार्य मानकों के अनुरूप किए जाए:जिलाधिकारी

## जिलाधिकारी ने की 15वें वित्त आयोग से होने वाले कार्यों के संबंध में की बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** जिलाधिकारी अस्मिता लाल ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में नगर निकायों से संबंधित 15वें वित्त आयोग की बैठक आयोजित की। बैठक में नगर निकायों में मूलभूत सुविधाओं को सुकृढ़ करने हेतु आवश्यक उपकरणों की खरीद के संबंध में दिशा-निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी विकास जैन स्थान पर उपकरणों की आवश्यकता है। उन स्थानों पर मानक के अनुरूप उपकरण कर किए जाएं जिससे की जनता को उनका लाभ प्राप्त हो। नगर निकायों ने अपने प्रस्ताव में जेसीबी, ट्रैक्टर ट्राली, ई-रिक्शा, फागिंग मशीन, सड़क नाली के निर्माण स्ट्रीट लाइट प्रकाश व्यवस्था रिबोर आदि के प्रस्ताव रखे जिस पर जिलाधिकारी ने सहमति दी। उन्होंने कहा सभी कार्य मानक के अनुरूप किए जाएं।

जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि उपकरणों की खरीद मानकों के अनुरूप की जाए, जिससे जनता को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध हो सकें।



# डीजे संचालकों को अशलील गाना न बजान के निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बगपत।** होलीपर्व के उपलक्ष्य मे मंगलवार को कोतवाली में सीओ सिटी ने डीजे संचालकों के साथ बैठक की। सीओ ने कहा कि डीआईजी के निर्देसनुसार प्रत्येक थाने में डीजे संचालकों का रजिस्टर बनाया गया है। उन्होने कहा कि आगामी होली पर्व बिना अनुमति के डीजे न बजाया जाए। साथ ही उन्होंने निर्देश दिए कि होली पर्व पर डीजे पर कोई असलील अथवा आपत्तिजनक गाना न बजाया जाए।

मंगलवार को कोतवाली मे सीओ सिटी हरीस भदौरिया ने डीआईजी के निर्देश पर डीजे संचालकों के साथ बैठक की और उन्हें आवश्यक दिशा निर्देश दिए। सीओ ने कहा कि होली पर्व पर बिना अनुमति डीजे न बजाये और डीजे तेज आवाज में न बजाया जाए। साथ ही उन्होंने निर्देस दिए कि डीजे पर असलीलव आपत्तिजनक गाना न बजाया जाए और निर्धरित मानकों के अनुसार की डीजे की ध्वनि रहनी चाहिए। उन्होंने कहा कि निर्देशो का अनुपालन न करने वालों के विरूद्ध कार्रवाई की जाएगी। सीओ ने चौकी प्रभारियों व हल्का इंचार्जो को भी स्थिति पर नजर रखने और होली का पर्व सांतिपूर्ण सम्पन्न कराने के निर्देश दिए।

# छेड़छाड़ के मामले में दोषी को तीन वर्ष के कारावास की सजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** कोर्ट ने महिला के साथ मारपीट व छेड़छाड़ के आरोपी को दोषी करार दिया है। कोर्ट ने दोषी को तीन वर्ष के कारावास व चार हजार रूपये अर्थदण्ड की सजा सुनाई है।

एडीजीसी गगन गोड ने घटनाक्रम की जानकारी देते हुए बताया कि वर्ष 2013 में थाना बिनौली के गांव रन्छाड़ निवासी एक व्यक्ति ने कस्बा बागपत में घर में घूसकर एक महिला के साथ छेड़छाड़ की थी और विरोध करने पर उसके साथ मारपीट की थी। इस संबंध में कोतवाली बागपत पर आरोपी के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने अरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था।

# बैक एकाउंट में आये बीस हजार वापस लौटाए

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** सुनहैड़ा के एक युवक ने गलती से रटौल के एक युवक के एकाउंट मे बीस हजार रूपये डाल दिये जब वह रटौल पहुंचा तो युवक ने उसका पैसा वापस लौटा दिया।

सुनैहड़ा निवासी लोकेंद्र ने बीस हजार रूपये रटौल निवासी मोहम्मदीन उर्फ गुढू के एकाउंट में डाल दिये जब उसे गलती का एहसास हुआ तो वह जानकारी के बाद पहुंचा और उसने अपनी गलती के बारे मे बताया जिस पर मोहम्मदीन के भाई साजिद ने उसे बीस हजार का चौक देकर इमानदारी का परिचय दिया और युवक के पैसा मिलने पर युवक खुश नजर आया रटौल मे यह बात चर्चा का विषय बनी हुई है।



# होली पर्व मनाते सयम स्वास्थ्य को लेकर भी रहे सतर्क

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** मंगलवार को सीएचसी पर कार्यरत चीफ फार्मासिस्ट धर्मेंद्र बैधवान ने पत्रकारों को जानकारी देते हुए बताया कि क्षेत्रवासी होली उल्लास के साथ मनाएं लेकिन स्वास्थ्य को लेकर भी सतर्क भी रहे। होली के रंग-बिरंगे पावन पर्व को लेकर चीफ फार्मासिस्ट धर्मेन्द्र बैधवान व फार्मासिस्ट एसोसिएशन मेरठ मंडलीयाध्यक्ष डा.ओमवीर मलिक ने कहा कि होली रंग-बिरंगे हर्ष उल्लास का त्यौहार है इसे हमें आपस में मिलजुल कर खुशी के साथ मनाना है।

इस दौरान कहा कि होली के त्यौहार पर सावधानियां बरतने की भी जरूरत है ताकि हम इस पावन त्यौहार को बिना किसी स्वास्थ्य समस्या के उठा सके। क्षेत्र के सभी लोगों से आहवान किया कि इस त्यौहार पर प्रकृतिक रंगों का उपयोग करें त्वचा और बालों की सुरक्षा भी करें। रंग खेलने से पहले नारियल या सरसों का तेल अवश्य लगाएं ताकि रंग आसानी से उतर जाए और हमारी त्वचा भी सुरक्षित रहे। इन्हीं के साथ फार्मासिस्ट एसोसिएशन के जिला सचिव डा.दिनेश खोखर ने कहा कि होली खेलते वक्त आंखों और कानों की देखभाल भी करें। रंगों का आंखों और कानों में जाने से बचाव करें यदि रंग आंख में चला जाए तो साफ पानी से धोएं और जरूरत पड़े तो डॉक्टर से तुरंत संपर्क करें। मीठे और तले भुने खाद्य पदार्थो का संतुलित सेवन करें अधिक मिठाइयां और तले भुने खाद्य पदार्थ पकवान खाने से पेट की समस्या पैदा हो सकती है। शराब और नशीले पदार्थो से बचे। इसे स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ सकता है और दुर्घटनाओं की भी संभावना बढ़ जाती है। डा.दिनेश खोखर ने कहा कि बच्चों और बुजुर्गो का विशेष ध्यान रखें उन्हें हल्के रंगों से खेलने दे और भीड़ बढ़ वाली जगह पर न जाने दे। उनके संक्रमण से बचाव करें यदि किसी को सर्दी जुकाम या कोई अन्य संक्रामक बीमारी हो तो मरीज़ तुरंत आकर सीएचसी में अपना उपचार कराये। सीएचसी में सभी फार्मेसिस्ट क्षेत्र के लोगों की सेवा में तत्पर रहते हैं।



# पत्रकार के हत्यारों की गिरफ्तारी के लिए मुख्यमंत्री के नाम दिया ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बड़ौत।** उत्तर प्रदेश के सीतापुर जनपद में एक प्रतिष्टित दैनिक अखबार के पत्रकार राघवेंद्र बाजपेयी की हत्या को लेकर ग्रामीण अंचनीय पत्रकार एसोसिएशन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नरेश तोमर जिलाध्यक्ष सुनील चौहान, महामंत्री अनिल शर्मा की नेतृत्व में मुख्यमंत्री के नाम संबोधित उपजिलाधिकारी बड़ौत को ज्ञापन देकर पत्रकारों ने कार्रवाई की माँग की।

इस दौरान सीतापुर के पत्रकार राघवेंद्र बाजपेयी की हत्या को लेकर ग्रामीण अंचलीय पत्रकार एसोसिएशन ने मंगलवार को 11 बजे उपजिलाधिकारी बड़ौत मनीष यादव से 06 बिंदुओं की माँग की गई, जिसमें मृतक पत्रकार के परिवार को सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। हत्यारो एवं साजिश में शामिल लोगों के विरुद्ध त्वरित कठोरतम कार्रवाई सुनिश्चित की जाय। परिवार को 50 लाख रुपये की आर्थिक सहायता तत्काल प्रदान की जाए। परिवार में आश्रित को राजकीय सेवा में लेकर आजीविका सुनिश्चित की जाए। पत्रकारों की सुरक्षा को लेकर एक उच्चस्तरीय समिति गठित हो जिसमें ग्रामीण अंचलीय पत्रकार एसोसिएशन की भी भागीदारी हो तथा समिति की रिपोर्ट के आधार पर पत्रकार की सुरक्षा व्यवस्था की जाए। मृतक की पत्नी को आजीवन पेंशन दिया जाए तथा अनाथ हुए बच्चों की पढ़ाई लिखाई व शादी विवाह का पूरा खर्च सरकार द्वारा वहन किया जाए। उपरोक्त सभी माँगे तीन दिन के अंदर पूरी न कि गयी तो ग्रामीण अंचलीय पत्रकार एसोसिएशन पूरे देश मे धरना प्रदर्शन करने को बाध्य होगा जिसकी जिम्मेदारी सरकार की होगी।



# ऑनर किलिंग के मामले में महिला समेत दो गिरफ्तार

**बागपत।** बड़ौत पुलिस ने गांव जौनमाना के प्रेमी युगल हत्याकाण्ड़ में एक महिला समेत दो और आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। दो आरोपियों को पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेज चूकी है। बड़ौत कोतवाली प्रभारी के अनुसार गत रविवार को प्रेम प्रसंग के चलते एक व्यक्ति ने अपने परिजनों के साथ मिलकर प्रेमी युगल को रस्सी से गला घोटकर मौत के घाट उतार दिया था। इस मामले में मृतक युवक के पिता राजेसवर ने अपने पुत्र बलराम की घर से बुलाकर हत्या करने का आरोप लगाया था और इस मामले में कोतवली बड़ौत में तहरीर दी थी।




रेलयात्री कृपया ध्यान दें!

# होली विशेष रेलगाड़ियाँ–2025



**होली त्यौहार–2025** के दौरान रेलयात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे द्वारा नियमित रेलगाड़ियों के अलावा विभिन्न विशेष रेलगाड़ियों का भी संचालन किया जा रहा है। इन विशेष रेलगाड़ियों का दिल्ली क्षेत्र के स्टेशनों से तिथिवार संचालन निम्नानुसार हैः–

**दिनांक 12.03.2025 (बुधवार) को दिल्ली क्षेत्र से प्रस्थान करने वाली रेलगाड़ियों की सूची**

| विशेष गाड़ी सं. | स्टेशन से | प्रस्थान समय | स्टेशन तक | आगमन समय | ठहराव |
|---|---|---|---|---|---|
| 04062 | दिल्ली जं. | 23:55 | पटना जं. | 16:40 | गाजियाबाद, कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज जं., मिर्जापुर, पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा और दानापुर स्टेशन |
| 03698 | दिल्ली जं. | 08:55 | गया जं | 00:30 | गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., भभुआ रोड, सासाराम, डेहरी ऑन सोन और अनुग्रह नारायण रोड स्टेशन। |
| 09004 | दिल्ली जं. | 13:05 | मुंबई सेन्ट्रल | 13:30 | दिल्ली कैंट, गुड़गांव, रेवाडी जं., अलवर, बांदीकुई जं., गांधीनगर जयपुर, जयपुर जं., किशनगढ़, अजमेर जं., ब्यावर, मारवाड़ जं., फालना, पिंडवाड़ा, आबू रोड, पालनपुर जं., महेसाणा जं., साबरमती बीजी, वडोदरा जं., उधना जं., वलसाड, वापी और बोरीवली स्टेशन। |
| 04081 | नई दिल्ली | 23:45 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 11:40 | सोनीपत, पानीपत, करनाल, कुरूक्षेत्र जं., अंबाला कैंट, ढंडारी कलां, जालंधर कैंट, पठानकोट कैंट, जम्मू तवी और शहीद कैप्टन तुषार महाजन स्टेशन। |
| 04068 | नई दिल्ली | 14:00 | भागलपुर | 13:30 | गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, दानापुर, पटना जं., बख्तियारपुर जं., मोकामा, हाथीदह जं., लक्खीसराय जं., किउल जं., अभयपुर, जमालपुर जं. और सुल्तानगंज स्टेशन। |
| 02436 | नई दिल्ली | 08:30 | पटना जं. | 20:10 | गाजियाबाद, अलीगढ़, कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज जंक्शन, पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर और आरा स्टेशन। |
| 02394 | नई दिल्ली | 13:20 | राजेन्द्र नगर | 07:45 | गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पंडित दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, दानापुर और पटना जं. स्टेशन। |
| 04072 | नई दिल्ली | 14:45 | कटिहार जं. | 14:00 | दिल्ली जं., गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, बक्सर, आरा, दानापुर, पाटलिपुत्र, हाजीपुर, बरौनी, बेगू सराय, खगड़िया और मानसी स्टेशन |
| 04076 | नई दिल्ली | 19:15 | कामाख्या जं. | 08:30 | गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, दानापुर, पाटलिपुत्र, सोनपुर, हाजीपुर जं., शाहपुर पटोरी, बरौनी जं., बेगूसराय, खगड़िया जं., मानसी जं., नौगछिया, कटिहार जं., बारसोई जं., किशनगंज, न्यू जलपाईगुड़ी, न्यू कूच बिहार, न्यू अलीपुरद्वार, न्यू बोंगाईगांव, बारपेटा रोड और रंगिया जं स्टेशन |
| 05578 | आनन्द विहार (ट.) | 05:15 | सहरसा जं. | 10:30 | गाजियाबाद, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, सीतापुर जंक्शन, गोंडा जंक्शन, बस्ती, गोरखपुर जंक्शन, कप्तानगंज जंक्शन, बगहा, नरकटियागंज जंक्शन, रक्सौल जंक्शन, बैरगनिया, सीतामढी, जनकपुर रोड, दरभंगा जंक्शन, सकरी जंक्शन, झंझारपुर, घोघरडीहा, निर्मली, सरायगढ़, सुपौल और गढ़ बरुआरी स्टेशन। |
| 05306 | आनन्द विहार (ट.) | 00:20 | छपरा | 22:50 | इटावा, कानपुर सेंट्रल, ऐशबाग, बादशाहनगर, बाराबंकी जंक्शन, गोंडा जंक्शन, मनकापुर जं., बभनान, बस्ती, खलीलाबाद, गोरखपुर, कप्तानगंज जं., पडरौना, तमकुही रोड, थावे जंक्शन और सीवान जंक्शन स्टेशन। |
| 04074 | आनन्द विहार (ट.) | 19:00 | जोगबनी | 23:00 | गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, दानापुर, पाटलिपुत्र, सोनपुर, हाजीपुर जं., शाहपुर पटोरी, बरौनी जं., बेगूसराय, खगड़िया जं., मानसी जं., नौगछिया, कटिहार जं., पूर्णियाँ जं., अररिया जं. और फारबिसगंज जं. स्टेशन |

**दिनांक 13.03.2025 (बृहस्पतिवार) को दिल्ली क्षेत्र से प्रस्थान करने वाली रेलगाड़ियों की सूची**

| विशेष गाड़ी सं. | स्टेशन से | प्रस्थान समय | स्टेशन तक | आगमन समय | ठहराव |
|---|---|---|---|---|---|
| 04024 | दिल्ली जं. | 19:30 | वाराणसी जं. | 09:45 | गाजियाबाद, मुरादाबाद, लखनऊ, रायबरेली जंक्शन और मां बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जंक्शन स्टेशन। |
| 04026 | दिल्ली जं. | 23:05 | रक्सौल जं. | 19:00 | गाजियाबाद, हापुड, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, सीतापुर, गोंडा जंक्शन, गोरखपुर और नरकटियागंज जंक्शन स्टेशन। |
| 04062 | दिल्ली जं. | 23:55 | पटना जं. | 16:40 | गाजियाबाद, कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज जं., मिर्जापुर, पं. दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, बक्सर, आरा और दानापुर स्टेशन। |
| 03698 | दिल्ली जं. | 08:55 | गया जं | 00:30 | गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., भभुआ रोड, सासाराम, डेहरी ऑन सोन और अनुग्रह नारायण रोड स्टेशन। |
| 04064 | नई दिल्ली | 09:30 | गया जं | 01:50 | गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., भभुआ रोड, सासाराम और डेहरी–ऑन–सोन स्टेशन। |
| 04066 | नई दिल्ली | 21:35 | सहरसा जं. | 22:00 | गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., मिर्जापुर, पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, दानापुर, पाटलिपुत्र जं., सोनपुर, हाजीपुर जं., मुजफ्फरपुर , जं., समस्तीपुर जं., दलसिंहसराय, बरौनी जं., बेगुसराय, खगड़िया जं. और मानसी जंक्शन स्टेशन। |
| 02436 | नई दिल्ली | 08:30 | पटना जं. | 20:10 | गाजियाबाद, अलीगढ़, कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर और आरा स्टेशन। |
| 02394 | नई दिल्ली | 13:20 | राजेन्द्र नगर | 07:45 | गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, बक्सर, आरा, दानापुर और पटना जं. स्टेशन। |
| 04078 | नई दिल्ली | 14:45 | कटिहार जं. | 14:00 | दिल्ली जं., गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, बक्सर, आरा, दानापुर, पाटलिपुत्र, हाजीपुर, बरौनी, बेगू सराय, खगड़िया और मानसी स्टेशन |
| 04084 | नई दिल्ली | 19:15 | कामाख्या जं. | 08:30 | गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, दानापुर, पाटलिपुत्र, सोनपुर, हाजीपुर जं., शाहपुर पटोरी, बरौनी जं., बेगूसराय, खगड़िया जं., मानसी जं., नौगछिया, कटिहार जं., बारसोई जं., किशनगंज, न्यू जलपाईगुड़ी, न्यू कूच बिहार, न्यू अलीपुरद्वार, न्यू बोंगाईगांव, बारपेटा रोड और रंगिया जं स्टेशन |
| 04014 | आनन्द विहार (ट.) | 05:00 | जयनगर | 12:00 | मुरादाबाद जं., बरेली जं., लखनऊ, रायबरेली जं., अमेठी, मां बेल्हा देवी धाम, वाराणसी, पं. दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, बक्सर, आरा, दानापुर पाटलिपुत्र, हाजीपुर जंक्शन, मुजफ्फरपुर जंक्शन, समस्तीपुर जंक्शन, दरभंगा जंक्शन और मधुबनी स्टेशन |
| 04028 | आनन्द विहार (ट.) | 23:55 | जोगबनी | 03:00 | गाजियाबाद, मुरादाबाद जं., बरेली जं., शाहजहाँपुर, सीतापुर, गोंडा जं., बस्ती, गोरखपुर, देवरिया सदर, सीवान जं., छपरा, सोनपुर जं., हाजीपुर जं., शाहपुर पटोरी, बरौनी जं., बेगू सराय, खगड़िया जं., नौगछिया, कटिहार जं., पूर्णिया, अररिया और फोर्बसगंज स्टेशन। |
| 05578 | आनन्द विहार (ट.) | 05:15 | सहरसा जं. | 10:30 | गाजियाबाद, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, सीतापुर जंक्शन, गोंडा जंक्शन, बस्ती, गोरखपुर जंक्शन, कप्तानगंज जंक्शन, बगहा, नरकटियागंज जंक्शन, रक्सौल जंक्शन, बैरगनिया, सीतामढी, जनकपुर रोड, दरभंगा जंक्शन, सकरी जंक्शन, झंझारपुर, घोघरडीहा, निर्मली, सरायगढ़, सुपौल और गढ़ बरुआरी स्टेशन। |
| 05114 | आनन्द विहार (ट.) | 16:00 | छपरा | 14:00 | मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, सीतापुर, बुढ़वल, गोंडा जंक्शन, बस्ती, खलीलाबाद, गोरखपुर जंक्शन, कप्तानगंज जंक्शन, पडरौना, तमकुही रोड, थावे जंक्शन, दिघवा दुबौली, मशरख और छपरा कचहरी स्टेशन। |
| 03012 | आनन्द विहार (ट.) | 00:30 | हावड़ा | 03:00 | टूंडला जं., इटावा जं., गोविंदपुरी, फतेहपुर, प्रयागराज जं., मिर्जापुर, पं. दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, भभुआ रोड, सासाराम, डेहरी ऑन सोन, अनुग्रह नारायण रोड, गया, कोडरमा, धनबाद, आसनसोल, दुर्गापुर, बर्द्धमान और बैंडेल स्टेशन। |
| 01708 | आनन्द विहार (ट.) | 18:05 | जबलपुर जं. | 10:00 | गाजियाबाद, अलीगढ़ जंक्शन, टूंडला जंक्शन, इटावा जंक्शन, गोविंदपुरी, फतेहपुर, प्रयागराज जंक्शन, शंकरगढ़, मानिकपुर जंक्शन, सतना, मैहर और कटनी स्टेशन। |
| 04080 | आनन्द विहार (ट.) | 19:00 | जोगबनी | 23:00 | गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, दानापुर, पाटलिपुत्र, सोनपुर, हाजीपुर जं., शाहपुर पटोरी, बरौनी जं., बेगूसराय, खगड़िया जं., मानसी जं., नौगछिया, कटिहार जं., पूर्णियाँ जं., अररिया जं. और फारबिसगंज जं. स्टेशन |
| 08761 | हज़रत निज़्जामुद्दीन | 12:30 | दुर्ग | 13:50 | मथुरा जंक्शन, आगरा कैंट, वीरांगना लक्ष्मीबाई (झांसी), सागर, दमोह, कटनी मुरवारा, उमरिया, शहडोल, अनुपपुर जंक्शन, पेंड्रा रोड, उसलापुर और रायपुर जंक्शन स्टेशन। |

**दिनांक 14.03.2025 (शुक्रवार) को दिल्ली क्षेत्र से प्रस्थान करने वाली रेलगाड़ियों की सूची**

| विशेष गाड़ी सं. | स्टेशन से | प्रस्थान समय | स्टेशन तक | आगमन समय | ठहराव |
|---|---|---|---|---|---|
| 04012 | दिल्ली जं. | 19:30 | दरभंगा | 16:30 | गाजियाबाद, मुरादाबाद, बरेली, लखनऊ, गोंडा, बस्ती, गोरखपुर जं., नरकटियागंज, रक्सौल, बैरगनिया, सीतामढी और जनकपुर रोड स्टेशन। |
| 04062 | दिल्ली जं. | 23:55 | पटना जं. | 16:40 | गाजियाबाद, कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज जं., मिर्जापुर, पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा और दानापुर स्टेशन |
| 05058 | दिल्ली जं. | 14:00 | गोरखपुर जं. | 06:25 | गाजियाबाद, मुरादाबाद, बरेली, सीतापुर जं., बुढ़वल जं., गोंडा जं., बस्ती और खलीलाबाद स्टेशन। |
| 03698 | दिल्ली जं. | 08:55 | गया जं. | 00:30 | गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., भभुआ रोड, सासाराम, डेहरी ऑन सोन और अनुग्रह नारायण रोड स्टेशन। |
| 04146 | दिल्ली जं. | 09:30 | सूबेदार गंज | 19:40 | अलीगढ़ जं., टुंडला जं., इटावा, गोविंदपुरी और फ़तेहपुर स्टेशन। |
| 04022 | नई दिल्ली | 14:00 | गोरखपुर जं. | 05:00 | गाजियाबाद, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, लखनऊ, गोंडा जं. और बस्ती स्टेशन। |
| 02436 | नई दिल्ली | 08:30 | पटना जं. | 20:10 | गाजियाबाद, अलीगढ़, कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज जंक्शन, पं. दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, बक्सर और आरा स्टेशन। |
| 04070 | आनन्द विहार (ट.) | 00:20 | राजगीर | 19:50 | गोविंदपुरी, प्रयागराज जंक्शन, पंडित दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, पटना जं., बख्तियारपुर जं. एवं बिहार शरीफ जं. स्टेशन। |
| 04018 | आनन्द विहार (ट.) | 09:00 | मुजफ्फरपुर जं. | 06:00 | मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, सीतापुर जं., गोंडा जं., गोरखपुर जं., कप्तानगंज जं., नरकटियागंज जं., सगौली जं. और बापूधाम मोतिहारी स्टेशन। |
| 04016 | आनन्द विहार (ट.) | 00:30 | सीतामढ़ी | 02:00 | गाजियाबाद, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, लखनऊ, रायबरेली, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़, वाराणसी जं., औंड़िहार, गाजीपुर सिटी, बलिया, सुरेमनपुर, छपरा, सोनपुर, हाजीपुर जं. और मुजफ्फरपुर जं. स्टेशन। |
| 03256 | आनन्द विहार (ट.) | 23:30 | पटना जं. | 18:35 | गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, बक्सर, आरा और दानापुर स्टेशन। |
| 05578 | आनन्द विहार (ट.) | 05:15 | सहरसा जं. | 10:30 | गाजियाबाद, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, सीतापुर जंक्शन, गोंडा जंक्शन, बस्ती, गोरखपुर जंक्शन, कप्तानगंज जंक्शन, बगहा, नरकटियागंज जंक्शन, रक्सौल जंक्शन, बैरगनिया, सीतामढी, जनकपुर रोड, दरभंगा जंक्शन, सकरी जंक्शन, झंझारपुर, घोघरडीहा, निर्मली, सरायगढ़, सुपौल और गढ़ बरुआरी स्टेशन। |
| 05204 | आनन्द विहार (ट.) | 09:20 | मुज़फ्फरपुर जं. | 05:00 | गोविंदपुरी, प्रयागराज जंक्शन, पं. उपाध्याय जंक्शन, बक्सर, आरा, दानापुर, पाटलिपुत्र, सोनपुर जंक्शन और हाजीपुर जंक्शन स्टेशन। |
| 07708 | हज़रत निज़्जामुद्दीन | 03:15 | चर्लपल्ली | 09:30 | आगरा कैंट, वीरांगना लक्ष्मीबाई (झांसी), बीना जंक्शन, रानी कमलापति (भोपाल), नागपुर, चंद्रपुर महाराष्ट्र, बल्हारशाह, सिरपुर कागजनगर, मंचेरियल रामागुंडम और काजीपेट जं. स्टेशन. |
| 02982 | हज़रत निज़्जामुद्दीन | 06:00 | सोगरिया | 13:10 | मथुरा जंक्शन, भरतपुर जंक्शन, बयाना जंक्शन, हिण्डौन सिटी, गंगापुर सिटी और सवाई माधोपुर स्टेशन। |

रेल यात्रा के दौरान ज्वलनशील वस्तुएं जैसे पटाखे, पेट्रोल, मिट्टी का तेल एवं गैस सिलेंडर आदि लेकर कभी यात्रा न करें।

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि किसी भी अन्य सूचना और विस्तृत समय–सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट **https://enquiry.indianrail.gov.in** अथवा **NTES App** देखें।

उत्तर रेलवे

हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

पर हमें फॉलो करें

# मालिकाना हक को लेकर दुकानदारों व मंदिर के संचालकों में तीखी नोकझोंक





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** मंगलवार को शहर के गांधी चौंक में मालिकाना हक जताते हुए दुकानों पर ताले लगाने को लेकर दुकानदारों और मंदिर के संचालकों के बीच तीखी नोंकझोंक और हंगामा हुआ। पिछले करीब एक सप्ताह से बंद पडी अग्रवाल गारमेंट की दुकान मालिक द्वारा कोर्ट का स्टे लेकर दुकान खोले जाने की सूचना पाकर मंदिर के संचालक बाबा मौके पर पहुंचे थे, जिसके बाद व्यापारी और मंदिर संचालक आमने सामने आ गए। व्यापारियों द्वारा दुकाने बंद कर मंदिर संचालकों का विरोध किया गया। सूचना पर एसडीएम सदर व सीओ सिटी मौके पर पहुंचे और हंगामा कर रहे लोगों को कडी फटकार लगाते हुए शांत कराया। पुलिस ने कोर्ट के स्टे के अनुसार यथास्थिति रखने के निर्देश दिए है, जिसके बाद बाबा मौके से चले गए।

शहर के गांधी चौंक स्थित भैरवनाथ मंदिर पर मालिकाना अधिकार को लेकर पिछले काफी समय से विवाद चला आ रहा है। मंदिर पर पेहवा के महंत और शहर के टंकी रोड़ स्थित भैरवनाथ मंदिर के पीर शेरनाथ द्वारा अपना हक जताया जा रहा है, जिसे लेकर गत फरवरी 2024 में बाबा ने अपने दर्जनों संतों और अनुयायियों के साथ गांधी चौंक मंदिर पर कब्जा ले लिया था तथा मंदिर के किराएदार दुकानदारों को दुकानें खाली करने का अल्टीमेटम दे दिया था, इस अल्टीमेटम में विरुद्ध मंदिर के किराएदार दुकानदारों ने कोर्ट और राजनीतिक शरण ले ली थी। कुछ दुकानदारों ने कोर्ट से अपने पक्ष में स्थगनादेश ले लिया था। मंगलवार को शहर के अग्रवाल गारमेंट के संचालक संजीव बंसल द्वारा कोर्ट का स्टे लेकर दुकान को खोल दी और दुकान पर बैठ गए, जिसकी सूचना महंत पीर बाबा शेरनाथ के शिष्य बाबा कर्णनाथ को हुई जो अपने कुछ साथियों के साथ गांधी चौंक पहुंचे और दुकान खोले जाने का विरोध करते हुए दुकानदार को बाहर निकाल दिया, जिससे दुकानदार व उसके परिजनों ने अन्य व्यापारियों को साथ लेकर जमकर हंगामा किया। हंगामा इतना बढा कि दोनों पक्षों में धक्का मुक्की होने लगी। सूचना पाकर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और किसी तरह हंगामा कर रहे व्यापारियों को समझाने बुझाने का प्रयास किया, लेकिन दोनों ही पक्ष अपने कब्जे को लेकर आमने सामने आ गए और जमकर गाली गलौच और धक्का मुक्की हुई। पुलिस ने बीच बचाव भी कराया, लेकिन गांधी चौक के व्यापारियों ने दुकाने बंद कर कोर्ट के स्टे के अनुसार दुकान खोलने और बाबाओं को बाहर निकालने की मांग की। इसके बाद एसडीएम सदर विनय कुमार सिंह भदौरिया, सीओ सिटी अमरदीप मौर्य, कोतवाली प्रभारी समयपाल अत्री मौके पर पहुंचे। इस दौरान भारी पुलिस फोर्स भी मौके पर बुलाया गया। दुकानदार संजीव बंसल द्वारा कोर्ट का स्टे दिखाया गया, जो दुकानदार के पक्ष में था। बाद में पुलिस ने बल पूर्वक बाबा के चेलों को दुकान से बाहर निकाला और बाबाओं को भी अपने साथ ले



गई। बाद में सीओ सिटी कार्यालय में बाबाओं से वार्ता कर कोर्ट का स्टे दिखाया गया, जिसके बाद बाबा शांत होकर लौट गए। दुकानदार अपने दस्तावेज लेकर सीओ कार्यालय पहुंचे, उनका दावा था कि उन्होंने दुकान का बैनामा ले रखा है, न कि वे मंदिर के किराएदार हैं। इस अवसर पर विवेक प्रेमी, सुभाषचंद गर्ग, घनश्याम पारचा, बादल गौतम, अमित, देवाशीष बंसल, सुखचौन वालिया आदि मौजूद रहे।

**कोर्ट का है स्टे**

शामली। भाजपा नेता विवेक प्रेमी ने दुकानदारों का पक्ष लेते हुए अग्रवाल गारमेंट की दुकान में कोर्ट का स्टे होने के बावजूद बाबाओं को साथ लेकर दुकान में घुसे लक्ष्मण कौशिक के साथ जमकर कहासुनी की।

विवेक प्रेमी ने कहा कि जब वर्ष 2013 में दंगा हो रहा था तब बाबा कहा थे। उन्होने लक्ष्मण कौशिक पर अवैध रूप से हस्तक्षेप कर व्यापारियों को दुकानों को कब्जाने का आरोप लगाया। विवेक प्रेमी ने चेतावनी दी कि दुकानदारों की दुकानों पर अवैध कब्जा करने की कोशिश की तो बर्दाश्त नही किया जाएगा। इस दौरान व्यापारी विवेक प्रेमी के साथ रहे।

# एसडीएम ने ली धर्मगुरुओं की बैठक





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ऊन।** होली के त्यौहार को शांतिपूर्ण संपन्न करने के मद्दे नजर उप जिला अधिकारी ने तहसील सभागार मे धर्म गुरुओं की बैठक आयोजित की जिसमें होली व जुम्मे की नमाज शांतिपूर्ण संपन्न करने के लिए सहयोग करने की अपील की गई।

तहसील सभागार में होली के त्यौहार के मद्दे नजर धर्मगुरुओं व शांति समिति के बैठक आयोजित की गई जिसमें उप जिलाधिकारी निधि भारद्वाज ने होली पर्व को शांतिपूर्ण संपन्न कराने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए उन्होंने होली पर्व को देखते हुए जुम्मे की नमाज 2 बजे करने तथा हिंदू धर्म गुरुओं से होली का पर्व पहले मनाने की अपील की उन्होंने ग्राम प्रधानों एवं अधिकारियों को होली का स्थल पर साफ सफाई करने के निर्देश दिए उन्होंने पुलिस को असामाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखने के निर्देश देते हुए सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने वालों पर कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए उन्होंने सभी पक्षों से त्योहार को भाईचारे व सौहार्द से मनाने की अपील की बैठक में तहसीलदार मृदुला दुबे ,थाना अध्यक्ष झिंझाना जितेंद्र शर्मा व दोनो समुदाय के धर्मगुरु शामिल रहे ।

## एसडीएम ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ की बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** निर्वाचन आयोग के निर्देश पर एसडीएम ने तहसील के सभागार कक्ष में आयोजित मीटिंग में सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों व बीएलओ के साथ मीटिंग की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए स

मंगलवार को एसडीएम कैराना स्वप्निल कुमार यादव ने तहसील के सभागार कक्ष में राज्य निर्वाचन आयोग व जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देश पर सभी राजनीतिक दलों व बीएलओ के संग बैठक आयोजित की। इस दौरान उन्होंने सभी राजनीतिक पार्टियों के प्रतिनिधियों को बूथ लेवल एजेंट नियुक्त करने के निर्देश दिए। विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2025 के लिए हुई इस बैठक में बीएलओ को चुनाव आयोग के दिशा-निर्देशों की जानकारी दी गई। इस दौरान मतदाता सूची में नाम दर्ज करने, हटाने तथा शुद्ध किए जाने की प्रक्रिया संबंधित जानकारी बीएलओ को देते हुए नाम जोड़ने और हटाने की प्रक्रिया में विशेष सतर्कता बरतने तथा मतदाता द्वारा उचित प्रमाण पत्र प्रस्तुत किए जाने के उपरांत ही मतदाता के नाम या जन्म तिथि में सुधार करने की प्रक्रिया पूर्ण करें। वहीं मतदाता सूची में नया नाम जोड़ने से पूर्व आवेदक का सत्यापन निश्चित करने मतदाताओं का गृहवार भौतिक सत्यापन करते हुए अहर्ता प्राप्त युवाओं व महिलाओं को मतदाता सूची में शामिल किए जाने व विशेष दिवस के अवसर पर सभी बीएलओ अपने बूथ पर मौजूद रहकर प्रपत्र प्राप्त कर बीएलओ एप्प के माध्यम से मतदाता सूची में दर्ज करें। इस दौरान तहसीलदार कैराना अर्जुन चौहान व राजनीतिक पार्टियों के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## एक नजर

### रोजगार मेले का आयोजन 19 मार्च को

**शामली।** जिला सेवायोजन अधिकारी अजय कुमार ने बताया कि आगामी 19 मार्च को सवेरे 10:30 बजे राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, लिसाढ़ में एक रोजगार मेलें का आयोजन होगा। मेलें में निजी क्षेत्र की प्रतिष्ठित कम्पनियां महादेव हनुमान विजय प्लेसमेंट सर्विस, भारतीय जीवन बीमा निगम, होली हर्ब्स, स्टार सोल्यूशन, पोस्टरिटी कन्सल्टिंग प्रालि एवं पुखराज हेल्थकेयर आदि कम्पनियां प्रशिक्षार्थियों को डाटा एंट्री ऑपरेटर, इलेक्ट्रिशियन, आटो मैकेनिक, बिजनेस डेवलपर, फील्ड एग्जीक्यूटिव, सुपरवाइजर, हेल्पर, एजेंट आदि पदों पर सभी ट्रेड में आईटीआई, हाईस्कूल, इण्टर, स्नातक, डिप्लोमा होल्डर योग्यताधारी को चयनित करेगी।

### गढ़ी अब्दुल्ला खां में चकरोड़ विवाद सुलझा, राजस्व टीम ने की पैमाइश

**गढ़ीपुख्ता।** क्षेत्र के गांव गढ़ी अब्दुल्ला खां में चकरोड को लेकर दो पक्षों के बीच लंबे समय से विवाद चल रहा था। ग्राम निवासी प्रताप पुत्र मलखान और बिलेंदर पुत्र माडू ने इस संबंध में ऊन तहसील दिवस में प्रार्थना पत्र देकर समाधान की मांग की थी। मामले को गंभीरता से लेते हुए उप जिलाधिकारी ऊन ने राजस्व विभाग की टीम गठित कर मौके पर जांच और पैमाइश के आदेश दिए। मंगलवार को हल्का लेखपाल अंशु मलिक और अजीत पंवार के नेतृत्व में राजस्व टीम ने पुलिस बल के साथ गांव पहुंचकर पैमाइश की। इस दौरान गढ़ी अब्दुल्ला खां पुलिस चौकी इंचार्ज एसआई गौरव चौहान, एसआई राजेश कुमार और अन्य पुलिसकर्मी भी मौजूद रहे। राजस्व टीम ने दोनों पक्षों के खेतों की पैमाइश कर विवादित चकरोड का निस्तारण किया। इस संबंध में हल्का लेखपाल अंशु मलिक ने बताया कि दोनों पक्षों के बीच काफी दिनों से यह विवाद चल रहा था, जिसे आज निष्पक्ष रूप से सुलझा दिया गया है।

### अभद्र भाषा के प्रयोग पर हो कार्रवाई

**शामली।** व्यापार मंडल प्रदेश अध्यक्ष के लिए अभद्र भाषा का प्रयोग करने वाले राजीव गर्ग के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई करने की मांग को लेकर व्यापारियों की बैठक हुई। मंगलवार को पश्चिमी उत्तर प्रदेश संयुक्त उद्योग व्यापार की जिला व नगर इकाई के पदाधिकारीयों की एक बैठक सुभाष चौक स्थित प्रांतीय मुख्यालय पर हुई। बैठक में उपस्थित सभी पदाधिकारीयों ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि संगठन में प्रदेश उपाध्यक्ष युवा राजीव गर्ग मेपल्स अकैडमी द्वारा 7 मार्च रविवार को संगठन के शीर्ष नेतृत्व प्रदेश अध्यक्ष घनश्याम दास गर्ग के सम्मान में सार्वजनिक स्थल पर अभद्र भाषा व टिप्पणी की गई। जो घोर निंदनीय है। निर्णय लिया गया कि प्रदेश अध्यक्ष को पत्र लिखकर प्रदेश अध्यक्ष के सम्मान में अभद्रता करने वाले युवा पदाधिकारी राजीव गर्ग मेपल्स अकैडमी के विरुद्ध अनुशासनात्मक दंडात्मक कार्रवाई करने की मांग की। जिला अध्यक्ष सूर्यवीर सिंह व रवि संगल नगर महामंत्री ने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष के सम्मान में अभद्रता करने वाले व्यक्ति की वीडियो भी संलग्न भेज रहे हैं। प्रदेश संगठन महामंत्री सुभाष चंद्र धीमान व जिला महामंत्री राजेश सिंघल नगर संगठन महामंत्री अनुज गोयल ने कहा ऐसे अमर्यादित व्यक्ति को संगठन से बाहर का रास्ता दिखा देना चाहिए ताकि भविष्य में कोई भी व्यापारी इस तरह का दुस्साहस न कर सके। प्रदेश अध्यक्ष घनश्याम दास गर्ग ने अनुज गर्ग को संगठन से बाहर कर दिया। बैठक में सुभाष चंद्र धीमान, सूर्यवीर सिंह, नरेंद्र अग्रवाल, राजेश सिंघल, राजेश जैन, अनुज गोयल, रवि संगल, ऋषभ जैन, आदि व्यापारी उपस्थित रहे।

# गन्ना भुगतान की मांग को लेकर किसानों का धरना जारी




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थाना भवन।** थाना भवन शुगर मिल गेट पर किसानों का धरना प्रदर्शन लगातार तीसरे दिन भी जारी रहा। बकाया गन्ना मूल्य भुगतान की मांग को लेकर विभिन्न किसान संगठनों के पदाधिकारी धरना स्थल पर पहुंचे और किसानों की मांगों का समर्थन किया। किसानों ने मिल गेट और गन्ना सोसायटी पर तालाबंदी कर शीरा और चीनी को बाहर जाने से रोक दिया है। मंगलवार को किसानों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द भुगतान नहीं हुआ तो मिल के अन्य गेटों पर भी तालाबंदी की जाएगी।संयुक्त किसान संघर्ष समिति के नेतृत्व में चल रहे इस आंदोलन में किसानों ने साफ कहा कि यदि उनकी मांगें नहीं मानी गईं तो वे अपने पशुओं को भी मिल गेट पर बांधने को मजबूर हो जाएंगे। उनका कहना है कि जब किसान धरने पर हैं तो घर पर पशुओं के चारे की व्यवस्था कैसे होगी? अब धरना स्थल पर ही खाना भी बनेगा और पशुओं को भी यहीं पर चारा खिलाया जाएगा।थाना भवन शुगर मिल पर किसानों का 230 करोड़ रूपए से अधिक गन्ना भुगतान बकाया है, जिसमें पिछले वर्षों का ब्याज भी शामिल है। किसानों का कहना है कि चार महीने से लंबित भुगतान में से सिर्फ 17 दिन की राशि दी गई है, जो उनके साथ खुला शोषण है। मंगलवार को धरना स्थल पर भाकिमजदूर यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी राजवीर सिंह मुंडेढ़, किसान आयोग के अध्यक्ष विनोद निर्वाल, राजपूत उत्थान समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष अजय सोम, प्रदेश अध्यक्ष सोमपाल, महासचिव प्रताप सिंह, किसान मजदूर पार्टी के निदेशक योगेंद्र सिंह युवा जन सेवा समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष राव आसिफ भैंसानी पहुंचे और किसानों के आंदोलन को समर्थन दिया।अजय सोम ने कहा, षकिसानों के साथ अन्याय बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। राजपूत उत्थान समिति किसानों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है।ष संघर्ष समिति के धीरज राणा, कपिल राणा और लाल्ला ठाकुर ने साफ किया कि जब तक पूरा भुगतान नहीं हो जाता, तब तक यह धरना दिन-रात जारी रहेगा। तीसरे दिन भी शुगर मिल का कोई अधिकारी किसानों से वार्ता के लिए नहीं पहुंचा, जिससे किसानों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द भुगतान नहीं किया गया तो मिल के सभी गेटों पर पूरी तरह से ताला. बंदी कर दी जाएगी।

धरना स्थल पर चीनू खेड़ा, लवी राणा, हरेंद्र सिंह, संदीप कुमार, ताहिर अहमद, ठा। रामचरण सिंह, मुकेश राणा सहित बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

## जुमा व होली के मद्देनजर जलालाबाद में शांति समिति की बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जलालाबाद।** जलालाबाद नगर पंचायत परिसर में आयोजित शान्ति समिति की बैठक में उपजिलाधिकारी विनय कुमार भदौरिया व सीओ भवन श्रेष्ठा सिंह द्वारा शांति समिति की मीटिंग आयोजित की गई मीटिंग में नगर के संभ्रन्त लोग उपस्थित रहे। उप जिलाधिकारी विनय कुमार भदोरिया ने कहा जलालाबाद कस्बा आपसी भाईचारे और सौहार्द के लिए प्रसिद्ध रहा है। यहां पर सभी वर्ग के लोग आपस में मिलजुल कर रहते हैं। इस बार जुमा और होली का त्यौहार एक ही दिन पड़ने के सभी लोगों की जिम्मेदारी है कि एक दूसरे की आस्था का सम्मान रखें। उन्होंने कहा कि रंग खेलना खुशी का प्रतीक है, लेकिन किसी के साथ जबरदस्ती न किया जाए। सभी को स्वेच्छा उत्सव मनाने का अधिकार है। जुमे के दिन नमाजियों को किसी प्रकार को परेशानी न हो इस चीज का भी ख्याल रखना चाहिए। किसी प्रकार का विवाद नहीं हो। दोनों समुदाय के लोग मिलजुल कर पर्व मनाए। अगर कहीं परेशानी समझ में आती हो, तो पुलिस को तुरंत सूचना दें। कोई नया कार्यक्रम किसी कीमत पर नही होगा। होलिका दहन के लिए कोई भी नया स्थान या नई व्यवस्था की इजाजत नही होगी। कोई भी कार्यक्रम करने से पहले वहां के जिम्मेदार अधिकारी की इजाजत लेना जरूरी है। सोशल मीडिया पर किसी अफवाह सूचना को फैलाने से हम सभी को बचना है, ताकि शांतिपूर्ण त्योहार मनाने में कोई आंच नहीं आए। बैठक में चेयरमैन जहीर मलिक, डा0 मुकेश शास्त्री पूर्व चेयरमैन अब्दुल गफ्फार, शेर जमा खान, उपेन्द्र गुप्ता, राशिद मेंबर, इकबाल मेंबर, गुलाम मोहम्मद, आदि मौजूद रहे। अध्यक्ष जहीर मालिक, मुकेश शास्त्री, आदि ने अपने विचार व्यक्त किए और सामूहिक रूप से सौहार्दपूर्ण होली व जुमे की नमाज का कार्यक्रम का आश्वासन दिया। बैठक मे बडी संख्या मे नगर के जिम्मेदार लोगो व सभासदो की मौजूदगी रही।



**जलालाबाद नगर पंचायत परिसर में आगामी त्योहारों को लेकर शांति समिति की बैठक करते हुए।**

## पत्रकार संघ ने शोक सभा व होली मिलन कार्यक्रम किया आयोजित



**झिंझाना।** एसडीएस स्कूल में होली मिलन कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें मौजूद सभी सदस्यों ने पहले एक शोक सभा का आयोजन कर मृतक पत्रकार तथा कैराना पत्रकार संगठन के अध्यक्ष की माता के देहांत पर दो मिनट का मौन रखा। पत्रकार संघ झिंझाना के अध्यक्ष हरेन्द्र मलिक ने हमारे पत्रकार साथी की हत्या करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। मीटिंग के बाद सभी पत्रकार साथियों ने एक दूसरे के साथ फूलों की होली खेलकर बधाई दी। मेरठ करनाल हाईवे स्थित एसडीएस स्कूल में झिंझाना पत्रकार संघ द्वारा एसडीएस स्कूल में होली मिलन कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें मौजूद सभी सदस्यों ने पहले एक शोक सभा का आयोजन कर मृतक पत्रकार राघवेंद्र तथा कैराना पत्रकार संगठन के अध्यक्ष संदीप इंसा की माता के देहांत पर दो मिनट का मौन रखा। संगठन के अध्यक्ष हरेंद्र मालिक ने पत्रकार राघवेंद्र की हत्या करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। मीटिंग के बाद में एक दूसरे के साथ फूलों की होली खेलकर बधाई दी। मीटिंग की अध्यक्षता हरेंद्र मलिक ने की तथा संचालन मेहरबान कुरैशी ने किया। सचिव हारून सैफी ने पत्रकारों की समस्याओं के समाधान में हमेशा तत्परता से समाधान किए जाने का आश्वस्त करते हुए संगठन की मजबूती पर बल दिया। साथियों ने एक दूसरे को फूलों के साथ होली खेलकर शुभकामनाएं और बधाइयां दी। इस मौके पर पत्रकार संघ के संरक्षक विनोद जैन अध्यक्ष हरेंद्र मालिक,सचिव हारून सैफी कोषाध्यक्ष तस्लीम सादिक चौधरी मुबारिक अमित कुमार शाकिर अली मेहरबान कुरैशी जितेंद्र चौधरी कादिर आदि मौजूद रहे।

# सतलोक आश्रम में तीसरे दिन विशाल भंडारे का समापन

## आश्रम में 2100 लोगों ने ली नि:शुल्क नाम दीक्षा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** वेदखेड़ी स्थित सतलोक आश्रम में संत गरीबदास के बोध दिवस पर चले तीन दिवसीय में अखंड अमृतवाणी पाठ का समापन हुआ, इस पर अवसर पर प्रदेश सहित अन्य प्रदेशों से तीन दिनों तक चले समागम में लाखों साध संगत ने आकर अमर वाणी का लाभ उठाया तथा विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। अध्यात्मिक ज्ञान से प्रभावित होकर 2100 लोगों ने नाम दीक्षा प्राप्त की।

सतलोक आश्रम में चले संत गरीबदास के बोध दिवस पर चले तीन दिवसीय समागम के समापन अवसर पर अखंड अमृतवाणी पाठ का समापन हुआ, इस अवसर पर प्रदेश सहित हरियाणा, पंजाब, दिल्ली,



राजस्थान, चंडीगढ़ आदि प्रदेशों से लगभग दो लाख साध संगत ने समागम में आकर अमर वाणी का लाभ उठाया।

क्षेत्र के सैकड़ों गणमान्य व्यक्तियों ने भी खुले भंडारे का आनन्द लिया। सतलोक आश्रम में आने वाले श्रद्धालुओं को घर के लिए भी देशी घी के लड्डू का प्रसाद दिया गया। प्रदेश कोऑर्डिनेटर हरदेश दास ने बताया कि सतलोक आश्रम में संत रामपाल महाराज के आदेश अनुसार खाने, पीने, ठहरने, स्नान आदि की निशुल्क व्यवस्था की जाती है। समागम के दूसरे दिन रक्तदान शिविर लगाया गया था जिसमें 100 यूनिट रक्तदान किया गया तथा 8 दहेज रहित विवाह का आयोजन आश्रम की तरफ से किया गया। आयोजन पर संत रामपाल महाराज के अध्यात्मिक ज्ञान से प्रभावित होकर 2100 लोगों ने निशुल्क नाम दीक्षा प्राप्त की।

# जुमे की नमाज को लेकर दी जानकारी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** शामली में जिला प्रशासन द्वारा जिले के धर्म गुरुओं को बुलाकर मीटिंग किए जाने के बाद आज झिंझाना के मुफ्ती आजम ने भी कस्बे क्षेत्र वासियों से जुम्मे की नमाज 2 बजे के बाद अदा करने की अपील की। कस्बे के मदरसा नूरिया के मो. हतमिम मोहम्मद आजम कासमी ने एक वीडियो जारी कर लोगों से अपील की की होली व रमजान का जुम्मा एक साथ आने से हम लोगों को प्यार मोहब्बत से दोनों काम करने हैं जुम्मा की नमाज भी पढ़नी है और रंगों का त्यौहार भी मनाना है इसलिए उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि 2 बजे तक होली खेलने के बाद 2 बजे के बाद जुम्मे की नमाज अदा करें अपनी-अपनी मस्जिदों में सभी हाफिज टाइम का ध्यान रखते हुए टाइम को आगे पीछे कर जुम्मे की नमाज 2 बजे के बाद ही अदा कराए। उन्होंने कहा कि हम लोगों को सभी त्योहार मिलजुल कर मनाने चाहिए एक दूसरे की भावनाओं का ध्यान रखते हुए सभी त्योहार मिलजुल कर मनाएं इस मौके पर पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष नौशाद ठेकेदार युसूफ कुरैशी यूनुस कुरैशी कारी इरशाद हाफिज वकील हाजी रईस आदि लोगों ने भी क्षेत्र व कस्बे के लोगों से सभी त्योहार मिल जुलकर मनाने की अपील की।

## हाथ में रिवाल्वर लिए फोटो वायरल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** मंगलवार को सोशल मीडिया पर एक युवक का रिवाल्वर के साथ फोटो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। वायरल फोटो में युवक हाथ में रिवाल्वर लिए हुए है, जिसकी पुष्टि भी पुलिस द्वारा नहीं की गई है। मंगलवार को सोशल मीडिया पर एक युवक का फोटो हाथों में रिवाल्वर लिए गए वायरल हुआ। वायरल फोटो में युवक हाथों में रिवाल्वर लेकर सेल्फी खींचे हुए है और उसके द्वारा उक्त फोटो को सोशल मीडिया पर डाला गया है। बताया जाता है कि फोटो में दिखने वाला युवक मौहल्ला कलंदरशाह निवासी राशिद बताया जा रहा है। हालाकि फोटो में दिखाई दे रहा रिवाल्वर असली है या नकली इसकी जांच कोतवाली पुलिस करने में जुट गई है। वायरल फोटो में दिखने वाला युवक टैक्सी ड्राईवर है, जो टैक्सी चलाने का काम करता है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## कार पेड़ से टकरा कर खाई में पलटी एक की मौत

**हल्दौर।** गांव नवादा तुल्ला नहर पर एक कार पेड़ से टकरा गई और गहरी खाई में पलट गई, जिसमें एक युवक की मौत हो गई। अपने दादा ट्रक चालक को खाना देने नवादा तुल्ला में एक ढाबे पर जा रहा था।

गांव वाजिदपुर निवासी रोहित कुमार का 15 वर्षीय इकलौता बेटा जतिन कुमार कक्षा नौ का छात्र था। ग्रामवासियों के अनुसार उसके दादा ओमवीर ट्रक चालक है। उसके दादा का घर पर खाना आदि सामान देने के लिए फोन पहुंचा। जतिन अपने मुमेरे भाई को साथ लेकर नवादा नहर पर कार में सवार होकर नवादा तुल्ला जा रहे थे। इसी दौरान सामने आ रहे किसी वाहन को बचाने को लेकर अनियंत्रित कार पेड़ से टकरा गई और गहरी खाई में जा गिरी। कुछ राहगीरों ने दोनों को बाहर निकाला और सूचना परिजनों को दी। परिजन उपचार के लिए दोनों को बिजनौर ले गए। जहां चिकित्सकों ने जतिन को मृत घोषित कर दिया। उसकी मौत पर परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

# दस हजार का इनामी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नोएडा।** थाना फेस-2 पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 10,000 रुपए के इनामी वांछित अपराधी अनुज कुमार पाल को गिरफ्तार कर लिया है।

आरोपी पर नाबालिग पीड़िता के अपहरण और फर्जी दस्तावेजों के जरिए जमानत कराने का गंभीर आरोप था। उसने अपने साथियों की मदद से एक नाबालिग पीड़िता को दो बार अगवा किया था। आरोपी अनुज कुमार पाल और उसके साथियों ने नाबालिग पीड़िता के फर्जी दस्तावेज तैयार कर उसे बालिग दिखाकर अभियुक्त अनुज की जमानत कराई थी। बाद में इन लोगों ने दोबारा नाबालिग पीड़िता का अपहरण कर लिया।

इस संबंध में पीड़िता के परिजनों ने 26 दिसंबर 2024 को थाना फेस-2 में शिकायत दर्ज कराई थी,



जिसके आधार पर मामला दर्ज किया गया था। बाद में विवेचना के दौरान कई धाराएं और पॉक्सो एक्ट की बढ़ोतरी की गई। पुलिस ने मंगलवार को खुफिया सूचना के आधार पर अभियुक्त अनुज कुमार पाल को एनएसईजेड बस स्टैंड के पास से गिरफ्तार किया। इससे पहले 27 फरवरी 2025 को पुलिस ने इस मामले में अन्य दो आरोपियों, अनिल पाल और लालू उर्फ राजपाल, को भी गिरफ्तार किया था। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त अनुज कुमार पाल (23) कन्नौज के सौरिख थाना क्षेत्र के ग्राम पाखर का निवासी है। पुलिस की इस कार्रवाई से अपराधियों पर नकेल कसने में सफलता मिली है।

वहीं, पीड़िता को दोबारा तलाश कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर दिया गया है। आरोपी और उसके साथी पीड़िता को पहले भी अगवा कर चुके थे, जिसमें मुख्य आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार करते हुए उसके दोनों साथियों को गिरफ्तार किया था और पीड़िता को सकुशल बरामद किया था।

## सोसाइटी की 17वीं मंजिल पर बने कमरे में आग लगी

**नोएडा।** सेक्टर-93 स्थित ओमेक्स फॉरेस्ट सोसाइटी की 17वीं मंजिल पर बने कमरे में सोमवार रात साढ़े दस बजे के करीब आग लग गई। सूचना मिलते ही अग्निशमन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और दमकल की एक गाड़ी की मदद से आग को 15 मिनट में बुझा दिया। सीएफओ प्रदीप कुमार चौबे ने बताया कि सेक्टर-93 स्थित ओमेक्स फॉरेस्ट सोसाइटी 17वीं मंजिल पर बने छोटे कमरे में सोमवार रात को आग लग गई। सोसाइटी के लोगों की मदद से आग पर अल्प समय में काबू पा लिया गया। जिस कमरे में आग लगी, घटना के समय वहां कोई नहीं था। हालांकि, कमरे में रखा लाखों रुपये का सामान जलकर राख हो गया। अभी तक आग लगने का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है। शॉर्ट सर्किट से आग लगने की आशंका जताई जा रही है। बिल्डिंग की ऊपरी तल से उठता हुआ धुआं कई किलोमीटर दूर से दिखाई दे रहा था।

# ग्रेटर नोएडा वेस्ट का जाम अप्रैल में होगा खत्म

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा वेस्ट में जाम की समस्या को खत्म करने के लिए ग्रेटर नोएडा अथॉरिटी लगातार काम कर रही है। अथॉरिटी ने अभी तक इस रूट पर चार यू टर्न बना दिए हैं। जबकि पांचवें यू-टर्न का काम चल रहा है। अभी तक किसी भी यू-टर्न को शुरू नहीं किया गया है। बताया जा रहा है कि इन यू-टर्न के शुरू होने से ग्रेटर नोएडा वेस्ट का जाम कुछ हद तक खत्म हो जाएगा। मंगलवार को अथॉरिटी के अधिकारियों ने इनका निरीक्षण भी किया है। अधिकारियों का दावा है कि अप्रैल तक पांचों यू-टर्न को चालू कर दिया जाएगा।

ग्रेटर नोएडा अथॉरिटी के मैनेजर प्रभात कुमार ने बताया कि ग्रेनो वेस्ट में 130 मीटर सड़क पर चार का काम पूरा हो गया है। इसके अलावा चारमूर्ति चौक से इटेड़ा गोल चक्कर के बीच दो यू-टर्न और इटेड़ा गोल चक्कर से एकमूर्ति चौक के बीच प्रस्तावित दो यू-टर्न बनकर तैयार हो गए हैं। एकमूर्ति चौक के पास 5वां यू-टर्न अभी बनकर तैयार नहीं हुआ है, यह यू-टर्न भी एक महीने के अंदर बनकर तैयार हो जाएगा। इससे 130 मीटर रोड पर नियमित ट्रैफिक शुरू हो जाएगा। अथॉरिटी मैनेजर ने बताया कि पांचों यू-टर्न को एक साथ शुरू किया जाएगा। जिससे इस रूट पर जाम की समस्या पर कुछ हद काबू पाया जा सकेगा।

**दो अंडरपास और फ्लाइओवर बनाने की योजना:** बताया जा रहा है कि चार मूर्ति अंडरपास के बाद दो और अंडरपास इस रूट पर बनाएं जाएंगे। इसे लेकर ग्रेटर नोएडा अथॉरिटी ने तैयारी शुरू कर दी है। इसके अलावा फ्लाइओवर का भी निर्माण किया जाएगा। ग्रेटर नोएडा अथॉरिटी के अधिकारियों ने पर्थला के पास से एक मूर्ति से आगे मिलक लच्छी गोल चक्कर तक सर्वे का काम पूरा कर लिया है। अथॉरिटी ने अंडरपास बनाने के लिए जगह को चिन्हित नहीं किया है। सीईओ के साथ मीटिंग के बाद जगह चिन्हित की जाएगी। इसके अलावा फ्लाइओवर को लेकर भी एक रिपोर्ट तैयार की गई है। अथॉरिटी अधिकारी अंडरपास का निर्माण शुरू होने के बाद इस पर काम कर सकते हैं।

**ग्रेटर नोएडा भी होगा जाम मुक्त:** ग्रेटर नोएडा अथॉरिटी ने विश्वभारती स्कूल और सेक्टर अल्फा-1 के पास यू-टर्न बना दिया है। सेक्टर पाई-1 के पास यू-टर्न बनकर तैयार हो गया है। इसे अभी चालू नहीं किया गया है। इसके अलावा अथॉरिटी ने सूरजपुर-कासना रोड पर शहर को जाम से बचाने की योजना पर भी काम शुरू कर दिया है। अथॉरिटी अधिकारी के मुताबिक अप्रैल माह में ग्रेटर नोएडा के भी यू-टर्न शुरू कर दिए जाएंगे। सूरजपुर-कासना रोड का सर्वे किया गया है। इस रूट पर अंडरपास और फ्लाइओवर बनाने को लेकर विचार किया जा रहा है। जल्द ही इस रूट पर भी लोगों को जाम से मुक्ति मिल जाएगी।

## नोएडा की लोटस ग्रीन्स के खिलाफ कोई दंडात्मक कार्रवाई न की जाए: न्यायालय

**नोएडा।** उच्चतम न्यायालय ने अनियमितताओं के मामले में बिल्डर लोटस ग्रीन्स की नोएडा स्थित परियोजना के खिलाफ कोई दंडात्मक कार्रवाई नहीं करने का आदेश दिया है। न्यायमूर्ति एम एम सुंदरेश और न्यायमूर्ति राजेश बिंदल की पीठ ने डेवलपर द्वारा दायर याचिका पर उत्तर प्रदेश सरकार और अन्य को नोटिस जारी किया। पीठ ने सात मार्च के आदेश में कहा, ''नोटिस जारी करें। इस बीच, कार्यवाही जारी रहेगी, लेकिन कोई दंडात्मक कदम नहीं उठाया जाएगा।

लोटस ग्रीन कंस्ट्रक्शन द्वारा इलाहाबाद उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती दिए जाने के बाद शीर्ष अदालत का यह आदेश आया। 24 फरवरी को, उच्च न्यायालय ने नियमों के उल्लंघन के लिए डेवलपर की स्पोर्ट्स सिटी परियोजना से संबंधित मामले में सीबीआई जांच का आदेश दिया था।उच्च न्यायालय ने सीबीआई को मिलीभगत करने वाले नोएडा प्राधिकरण के अधिकारियों और परियोजना के आवंटन, विकास, मंजूरी में शामिल आवंटियों या बिल्डरों और ऐसे किसी भी अन्य व्यक्ति के खिलाफ शिकायत दर्ज करने का निर्देश दिया, जिनकी मामले में संलिप्तता हो सकती है।

नोएडा प्राधिकरण को भी निर्देश दिया गया था कि वह एक सप्ताह के भीतर सभी हितधारकों को नोटिस जारी कर ब्याज और जुर्माने सहित बकाया राशि का पूरा भुगतान करने को कहे। उच्चतम न्यायालय के आदेश पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए लोटस ग्रीन्स के प्रवक्ता ने कहा, ''कंपनी को माननीय उच्चतम न्यायालय पर पूरा भरोसा है।

# केमिस्ट शॉप खुलवाने और अस्पताल में एमडी का पद देने के नाम पर ठगी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा में एक व्यक्ति से 1 करोड़ 25 लाख रुपये का फर्जीवाड़ा करने का मामला सामने आया है। केमिस्ट शॉप खुलवाने का ऑफर देकर 20 लाख रुपये ले लिए और अस्पताल में एमडी का पद देने के नाम पर यह फ्रॉड किया गया है। इस मामले में तीन नामजद और छह अज्ञात के खिलाफ अदालत के आदेश पर थाना सेक्टर-113 में रिपोर्ट दर्ज हुई है। आरोपियों में दो डॉक्टर भी शामिल हैं।

सेक्टर-122 स्थित एमडी सिटी अस्पताल के धीरज गहलौत ने पुलिस को शिकायत दी। बताया कि वर्ष 2022 में डॉक्टर रवि और डॉक्टर रंजीत वर्मा ने अपने आप को एमडी सिटी अस्पताल एलएलपी का मालिक बताया और मेडिकल स्टोर खोलने का प्रस्ताव दिया। इसके लिए धीरज को 20 लाख रुपये जमा करने को कहा गया। दोनों की बातों में आकर




शिकायतकर्ता ने उनके तरफ से बताए गए खाते में 20 लाख रुपये ट्रांसफर कर दिए।

मेडिकल स्टोर खुलवाने का लिखित अनुबंध करने का आश्वासन देने के बाद भी वे दोनों अपने वादे से मुकर गए। उन्होंने 40 लाख रुपये लेकर केमिस्ट शॉप गैलेक्सी फॉर्मा को दे दी। इसके बाद शिकायतकर्ता ने जब दोनों डॉक्टरों से अपने पैसे वापस मांगे, तो रंजीत वर्मा ने आश्वासन दिया कि भुगतान की गई धनराशि में से डॉक्टर रवि के शेयर का भुगतान कर दिया जाएगा। आरओसी में डॉक्टर रवि का नाम हटवाकर शिकायतकर्ता का नाम जुड़वा दिया जाएगा। डॉक्टर रंजीत वर्मा ने शिकायतकर्ता से इस दौरान यह भी कहा कि नए समझौते के मुताबिक डॉक्टर रवि आसानी से समझौते नामे पर हस्ताक्षर नहीं करेंगे। इसके लिए पहले संदीप वर्मा का नाम और बाद में शिकायतकर्ता का नाम जुड़वाने की बात कही गई। शिकायतकर्ता से अस्पताल में हिस्सेदारी दिलाने के नाम पर अलग अलग तिथियों में सवा करोड़ रुपये लिए गए। शिकायतकर्ता को 51 प्रतिशत का हिस्सेदार बनाने का सौदा हुआ था, हालांकि उसे 49 प्रतिशत का ही हिस्सेदार बनाया गया।

**हत्या कराने की धमकी:** डॉक्टर रवि और रंजीत ने सुनियोजित योजना के तहत शिकायतकर्ता का नाम बैंक में नहीं जोड़ा। एकल हस्ताक्षर कर धनराशि निकाली जाने लगी और यहीं से गबन और ठगी की शुरुआत हुई। शिकायतकर्ता ने जब अस्पताल के आय और व्यय का हिसाब मांगा तो उसके साथ गाली-गलौज की गई। नामजद आरोपियों ने शिकायतकर्ता के अस्पताल आने पर हत्या करवाने की धमकी दी।

**डॉक्टर का आपराधिक इतिहास:** शिकायतकर्ता का दावा है कि डॉक्टर रंजीत का आपराधिक इतिहास भी है। डाक्टर रंजीत पर बिना डिग्रीधारक डॉक्टरों की टीम बनाकर अस्पताल में इलाज के नाम धोखाधड़ी करने का भी आरोप है। शिकायतकर्ता का यह भी आरोप है कि बीते साल सेटलमेंट के लिए डॉक्टर रंजीत ने उसे नोएडा बुलाया।

यहां रंजीत की तरफ से बुलाए गए हथियारबंद और नकाबपोश बदमाशों ने शिकायतकर्ता को बंधक बनाकर कई दस्तावेज पर हस्ताक्षर करा लिए। थाना पुलिस का कहना है कि सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## एक नजर

### गली से निकलने पर विवाद, चार लोगों ने दंपति पर किया हमला

**ग्रेटर नोएडा ( शाह टाइम्स )।** रबूपुरा कोतवाली क्षेत्र में एक दंपति पर हमले का मामला सामने आया है। गांव तिरथली खेड़ा में सोमवार शाम को यह घटना हुई। पीड़ित पुष्पेंद्र अपने घर की गली से जा रहे थे। इसी दौरान चार लोगों ने उनसे गाली-गलौज शुरू कर दी। जब पुष्पेंद्र ने इसका विरोध किया, तो आरोपियों ने उन पर हमला कर दिया।शोर सुनकर पुष्पेंद्र की पत्नी कविता मौके पर पहुंची। वह पति को बचाने की कोशिश कर रही थीं। इस पर आरोपियों ने कविता के साथ भी मारपीट की। हमले में दंपति घायल हो गए। घायल दंपति को जेवर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुष्पेंद्र की शिकायत पर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### प्लॉट दिलाने का झांसा देकर 25 लाख रुपये हड़पे

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** प्लॉट दिलाने के नाम पर 25 लाख रुपये की धोखाधड़ी के मामले में तीन नामजद आरोपियों के खिलाफ सेक्टर-39 थाने में केस दर्ज हुआ है। पुलिस तीनों का आपराधिक इतिहास भी पता कर रही है। सेक्टर-100 के बी ब्लॉक निवासी विजय पाल सिंह ने सेक्टर-39 थाने में शिकायत दी कि उन्होंने सेक्टर-151 में अभिनय कुमार सिंह से दो फरवरी 2024 को प्लॉट खरीदा था। प्लॉट का सौदा एक करोड़ 65 लाख रुपये में तय हुआ था। अभिनय अपने दो साथी मोहम्मद सैफी और रवि के साथ उनके सेक्टर-100 स्थित कार्यालय पर आए। एग्रीमेंट कर विजय पाल ने अभिनय को 25 लाख रुपये का भुगतान कर दिया। रकम तीन बार में दी गई। 25 लाख रुपये लेने के बाद अभिनय और सैफी ने उनका फोन उठाना बंद कर दिया। जानकारी करने पर विजय पाल को पता चला कि अभिनय और सैफी ने मिलकर संबंधित प्लॉट को कई अन्य लोगों को भी बेच दिया है। उनसे भी दोनों ने लाखों रुपये की रकम वसूली है। पीड़ित ने आरोपियों से वार्ता करने का प्रयास किया, लेकिन बात नहीं हो पाई। अंत में पीड़ित ने मामले की शिकायत पुलिस से की। पुलिस ने जांच के बाद अभिनय, मोहम्मद सैफी और रवि के खिलाफ केस दर्ज किया।

### कबड्डी प्रतियोगिता में मेरठ ने मारी बाजी

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** उत्तर प्रदेश ओपन सीनियर पुरुष कबड्डी चौंपियनशिप का सेमीफाइनल और फाइनल मैच मंगलवार को खेला गया। मेरठ की टीम ने ट्रॉफी पर कब्जा किया। जिला क्रीड़ा अधिकारी लक्ष्य राज त्यागी ने बताया कि मलकपुर स्पोर्ट्स स्टेडियम में चल रही तीन दिवसीय यूपी ओपन सीनियर पुरुष कबड्डी प्रतियोगिता में मंगलवार को समापन हुआ। उन्होंने कहा कि पहला सेमीफाइनल मुकाबला मेरठ और बागपत के बीच खेला गया। मेरठ ने पहले राउंड में ही बागपत पर बढ़त बना ली। बागपत टीम पहले राउंड में मिले दबाव से उबर नहीं पाई और टीम को हार का सामना करना पड़ा। मेरठ ने बागपत को 32-25 अंक से पराजित किया। दूसरा सेमीफाइनल वाराणसी और मुजफ्फरनगर के बीच हुआ। इसमें वाराणसी की टीम ने मुजफ्फरनगर को 33-25 अंक से पराजित कर फाइनल में जगह बनाई।

**मेरठ और वाराणसी के बीत हुई कांटे की टक्कर:** फाइनल मुकाबला मेरठ व वाराणसी के बीच खेला गया। पहले राउंड में वाराणसी व मेरठ के बीच कांटे की टक्कर देखने को मिली। दूसरे राउंड में मेरठ ने बढ़त हासिल कर वाराणसी को 40-26 अंक से हराकर ट्रॉफी पर कब्जा किया। वाराणसी टीम रनरअप रही।

**इन टीमों ने लिया हिस्सा:** प्रतियोगिता में वाराणसी, गाजियाबाद, सहारनपुर, बागपत, हापुड़, गौतमबुद्ध नगर, मेरठ, बिजनौर और मुजफ्फरनगर ने हिस्सा लिया था। मुख्य अतिथि जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने विजेता टीम के खिलाड़ियों को ट्रॉफी और पुरस्कार देकर सम्मानित किया। यूपी कबड्डी संघ महासचिव राजेश कुमार यादव, उप जिला क्रीड़ा अधिकारी अनीता नागर, जिला कबड्डी संघ गौतमबुद्ध नगर के अध्यक्ष जितेंद्र नागर, कार्यालय सहायक देवेंद्र कौशिक, बालचंद नागर, डॉ. परवेज अली, ज्योति नागर, सुमित कुमार, शिलांकुर आदि ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।

### यमुना एक्सप्रेस-वे टोल को लेकर किसानों की चेतावनी

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** भारतीय किसान यूनियन (चढ़ूनी) के सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने आज एसडीएम जेवर को ज्ञापन सौंपा। प्रदेश प्रभारी सूबे सिंह डागर के संरक्षण में जिलाध्यक्ष गौतम बुद्ध नगर इरफान प्रधान और जिलाध्यक्ष बुलंदशहर विष्णु चौधरी के नेतृत्व में यह ज्ञापन दिया गया।

युवा जिला अध्यक्ष अनुज नागर ने कहा कि यमुना एक्सप्रेसवे पर किसानों और स्थानीय लोगों का उत्पीड़न हो रहा है। रबूपुरा मेहंदीपुर के किसानों को जेवर तहसील में खसरा खतौनी कार्य के लिए टोल देना पड़ता है। जेवर और जहांगीरपुर क्षेत्र के लोगों को मथुरा-वृंदावन के मंदिरों में दर्शन के लिए जेवर से नोएडा तक का टोल देना पड़ता है।संगठन ने कई बार टप्पल तक सर्विस रोड बनाने की मांग की है।

# कार्यदायी संस्थाएं निर्माण परियोजनाओं को निर्धारित समय अवधि में करें पूर्ण: डीएम



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** राजस्व एवं विकास कार्यों को गति प्रदान करने एवं सीएम डैशबोर्ड पर सभी विकास कार्यों व योजनाओं की प्रगति रिपोर्ट शत् प्रतिशत फीड कराने के उद्देश्य से डीएम मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में कलैक्ट्रेट के सभागार में सीएम डैशबोर्ड एवं सीएमआईएस पोर्टल पर विभागों की प्रगति को लेकर जनपद स्तरीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक संपन्न हुई। उन्होंने सीएम डैशबोर्ड की समीक्षा बैठक करते हुए ऐसे सभी विभाग के अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए जिनकी सीएम डैशबोर्ड पर रैंकिंग अच्छी नहीं है।

उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों से कहा कि अपने-अपने विभागों में संचालित योजनाओं में निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप लक्ष्य प्राप्ति करते हुए प्रगति सीएम डैशबोर्ड पर शत् प्रतिशत फीड करायें एवं सीएम डैशबोर्ड की रैंकिंग में शीर्ष स्थान प्राप्त करने हेतु विशेष प्रयास सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि सीएम डैशबोर्ड की मॉनिटरिंग शासन स्तर पर निरंतर होती है और डैशबोर्ड की रिपोर्ट के आधार पर ही जनपदों की रैंकिंग तय की जाती है, इसलिए अधिकारीगण इसकी महत्ता को समझते हुए अपने-अपने विभागों में क्रियान्वन योजनाओं एवं विकास कार्यों की प्रगति रिपोर्ट सीएम डैशबोर्ड पोर्टल पर शत् प्रतिशत अपलोड करें, ताकि सीएम डैशबोर्ड की रैंकिंग में जनपद को शीर्ष स्थान प्राप्त हो सके। उन्होंने जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी को निर्देशित किया कि सीएम डैशबोर्ड पर जिन जिन विभागों की रैंकिंग खराब चल रही है उनकी विरुद्ध पत्राचार करते हुए शासन को पत्र प्रेषित किया जाए।

जिलाधिकारी ने सभी विभागों के अधिकारियों को कहा कि वह प्रतिदिन सीएम डैशबोर्ड की मॉनिटरिंग करें और अपने विभागों की योजनाओं के क्रियान्वयन पर विशेष ध्यान दें। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारीगण सीएम डैशबोर्ड को बहुत ही गंभीरता से ले और जो भी डाटा सीएम डैशबोर्ड पर फीड किया जा रहा है, उसकी एक बार जांच जरुर कर लें और सही डाटा ही पोर्टल पर फीड करें, क्योंकि सीएम डैशबोर्ड की माननीय मुख्यमंत्री व मुख्य सचिव के द्वारा समीक्षा की जाती है।

जिलाधिकारी ने बैठक में राजस्व विभाग, स्टाम्प विभाग, परिवहन विभाग, जी0एस0टी0 विभाग, बाट माप विभाग, आबकारी विभाग, खनन विभाग, खाद्य एवं रसद विभाग, ऊर्जा विभाग, उद्यान विभाग, कृषि विभाग, ग्राम्य विकास विभाग, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, दुग्ध विकास विभाग, दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, पंचायती राज विभाग, जल निगम, पर्यटन विभाग, पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, प्राथमिक शिक्षा विभाग, पशुधन विभाग, पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, मत्स्य विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, माध्यमिक शिक्षा विभाग, लोक निर्माण विभाग, व्यवसायिक शिक्षा कौशल विकास एवं उद्यमिता विभाग, श्रम एवं सेवायोजन, सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग, समाज कल्याण विभाग, सहकारिता विभाग, सिंचाई, जल संसाधन विभाग, आपदा विभाग आदि विभागों के विकास कार्यों एवं योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी विभागीय अधिकारीगण शासन द्वारा निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप लक्ष्य की पूर्ति करने की कार्यवाही सुनिश्चित करें।

जिलाधिकारी ने अधिकारियों को यह भी कहा कि यदि किसी भी अधिकारी को कोई समस्या हो वह मुख्य विकास अधिकारी व जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी से समन्वय स्थापित करते हुए त्रुटि रहित डाटा फीडिंग करायें। सीएम डैशबोर्ड पर डाटा फीडिंग न करने वाले या गलत डाटा फीड करने वाले विभागीय अधिकारियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। साथ ही जिलाधिकारी ने सभी विभागीय अधिकारियों से कहा कि वित्तीय वर्ष समाप्ति की ओर है, इसलिए सभी अधिकारी गण निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप अपने-अपने विभाग की योजनाओं एवं कार्यक्रमों में प्रगति सुनिश्चित करें।

# जिले में विद्युत ढांचा 125 करोड़ की लागत से दुरुस्त होगा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** जिले में बिजली की व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए हाईटेंशन (एचटी) लाइन के 25 साल पुराने बिजली ढांचे को बदला जाएगा, ताकि जिले में उपभोक्ताओं को निर्बाध आपूर्ति दी जा सके। करीब 125 करोड़ रुपये की लागत से बिजली लाइन के बदलने का कार्य किया जाएगा। इसमें 11 हजार केवी की 775 किलोमीटर लाइन बदली जाएगी। इसके साथ ही 33 हजार केवी के 90 किलोमीटर लाइन बदली जाएगी। विद्युत निगम के अधिकारियों के अनुसार 33 हजार केवी की भूमिगत 25 साल पुरानी केबल लाइन को बदला जाएगा। इसमें ऐसी केबल भी शामिल होगी, जो बार-बार लोकल फॉल्ट की वजह से क्षतिग्रस्त हो चुकी है, जिससे आपूर्ति बाधित हो रही है। विद्युत निगम ने सर्वे के बाद करीब 90 किलोमीटर क्षतिग्रस्त और 25 साल पुरानी केबल लाइन बदलने का निर्णय लिया है।

इसके लिए करीब 48 करोड़ रुपये का फंड भी स्वीकृत किया गया है। इसी तरह 11 हजार केवी के केबल लाइन बदली जाएगी। 11 हजार केवी की करीब 775 किलोमीटर केबल लाइन बदली जाएगी। इसके लिए विद्युत निगम ने करीब 77 करोड़ रुपये के फंड की व्यवस्था की है। विद्युत निगम के अधिकारियों के अनुसार लॉ टेंशन लाइन (एलटी) के साथ हाई टेंशन लाइन को भी सशक्त बनाने का कार्य किया जाएगा। इसके लिए करीब सवा सौ करोड़ रुपये का फंड भी स्वीकृत हो चुका है। जल्द ही टेंडर की प्रक्रिया पूरी होने के बाद कार्य शुरू कर दिया जाएगा।

## होशियारपुर ने जीती नोएडा ग्रामीण कप ट्रॉफी

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेनो वेस्ट में खेले गए नोएडा ग्रामीण कप सीजन-2 के फाइनल मुकाबले में होशियारपुर ने पर्थला तीन विकेट से पराजित कर ट्रॉफी पर कब्जा किया। रेड डेविल्स के संचालक अर्पित चतुर्वेदी ने बताया कि टूर्नामेंट में 24 गांवों की टीमों ने हिस्सा लिया। पर्थला ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 10 ओवर में नौ विकेट के नुकसान पर 45 रन बनाए।

लक्ष्य को हासिल करने उतरी होशियारपुर की टीम ने दसवें ओवर में 47 रन बनाकर मैच जीत लिया। मैन ऑफ द मैच अजय रहे। पर्थला टीम के नमन चौहान मैन ऑफ द सीरीज रहे। मुख्य अतिथि बीजेपी के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने विजेता टीम को इनामी राशि देकर सम्मानित किया।

## त्यागी सभा ने मनाया होली पर्व

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** सेक्टर-52 में नोएडा त्यागी सभा ने काव्य सम्मेलन और होली-मिलन समारोह आयोजित किया। इस दौरान समाज को मजबूत और एकजुट करने के लिए नई वेबसाइट एप्लीकेशन लॉन्च की। सेक्टर-52 में नोएडा त्यागी सभा की ओर से की गई बैठक में सभा के अध्यक्ष देवेंद्र दत्त त्यागी ने बताया कि त्यागी समाज की ओर से वेबसाइट तैयार की गई है, जिसके माध्यम से त्यागी समाज के सभी लोगों के डाटा को संरक्षित किया जाएगा, ताकि उन्हें एकजुट किया जा सके और बेटे-बेटियों के विवाह या उन पर आने वाली समस्याओं का निस्तारण किया जा सके। इससे समाज का उत्थान हो सकेगा। इस मौके पर डॉ. शुभम त्यागी, महासचिव डॉ. मुनेश त्यागी समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# गांजा के साथ तस्कर गिरफ्तार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** सेक्टर-63 पुलिस ने दिल्ली से गांजा लाकर शहर में बेचने वाले तस्कर को मंगलवार को बहलोलपुर अंडरपास के पास से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी की पहचान शाहजहांपुर निवासी केसर अली के रूप में हुई है। वर्तमान में वह गढ़ी चौखंडी गांव में किराये का कमरा लेकर रह रहा है। उसके पास से एक किलो 200 ग्राम गांजा मिला है। जानकारी करने पर पुलिस को पता चला कि केसर अली के खिलाफ सेक्टर-63 थाने में पांच केस एनडीपीएस समेत अन्य धाराओं में दर्ज हैं।

# माली ने बुजुर्ग महिला के गर्दन पर चाकू रखकर की मारपीट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** सेक्टर-36 के सी ब्लॉक स्थित घर में बुजुर्ग महिला के गर्दन पर चाकू रखकर पूर्व में माली का काम करने वाले व्यक्ति ने मारपीट की। महिला को सीढ़ियों से खींचा। महिला की बहू की शिकायत पर सेक्टर-39 पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया। वीनू कक्कड़ ने बताया कि बीते दिनों वह सुबह का नाश्ता करने के बाद दफ्तर चली गईं। घर पर उनकी बेटी और सास थी। दफ्तर पहुंचने के बाद महिला की बेटी ने कॉल की और मदद की गुहार लगाने लगी। इसके बाद वीनू ने पड़ोस में रहने वाले दोस्तों को तुरंत घर पर पहुंचने के लिए कहा। दोस्तों ने कारण पूछा तो महिला ने बताया कि उसकी बेटी ने कॉल कर बताया है कि घर में कोई घुस आया है और दादी के साथ मारपीट कर रहा है। उसने सास के गर्दन पर चाकू रखा हुआ है। इसके बाद वीनू की दोस्त ने पुलिस को कॉल की और खुद भी घर पहुंच गई। इसी बीच आसपास के लोग और पुलिस मौके पर पहुंच गई और आरोपी बंशीधर को दबोच लिया।

ऐसे घर में घुसा आरोपी बंशीधर ने घर की घंटी बजाई थी तो घरेलू सहायिका सुमन ने दरवाजा खोला और उसको अंदर आने के लिए कहा। आरोपी का नाम बंशीधर है और वह पूर्व में शिकायतकर्ता के घर पर माली का काम कर चुका था। दरवाजा खुलते ही बंशीधर अंदर आया और शिकायतकर्ता की सास को सीढ़ियों से घसीटते हुए जमीन पर गिरा दिया। गले और कंधे पर चाकू रखकर उसने शिकायतकर्ता की सास से कई बार मारपीट की। वीनू की बेटी के साथ भी आरोपी ने मारपीट करनी चाही पर वह भागकर ऊपर पहुंच गई।

# 21000 हजार फ्लैटों की रजिस्ट्री अटकी

■ बिल्डरों पर बकाया है 8500 करोड़ रुपये

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा में बिल्डर-खरीदारों से जुड़े बकाया जमा करने और रजिस्ट्रेशन के मामलों में तेजी नहीं आ रही है। जिसके चलते 21000 हजार फ्लैटों की रजिस्ट्री अटक गई है। बताया जा रहा है कि बिल्डर अथॉरिटी का बकाया जमा करने के लिए बड़ी संख्या में आगे नहीं आ रहे हैं। वहीं फ्लैटों के रजिस्ट्रेशन के मामलों में भी ज्यादा प्रगति नहीं हुई है। इन मामलों को लेकर नोएडा अथॉरिटी के सीईओ जल्द ही समीक्षा बैठक करेंगे।

फ्लैट खरीदारों की सुविधा के लिए शासन ने अमिताभ कांत कमेटी की सिफारिशों को लागू करते हुए



शासनादेश जारी किया था। इस शासनादेश में बिल्डरों को एक अप्रैल 2020 से 31 मार्च 2022 तक कोविड काल में जीरो पीरियड देने का लाभ दिया गया था। इस शासनादेश को लागू हुए करीब सवा साल हो गया है, लेकिन अभी तक बिल्डरों का बकाया जमा करने के मामले में और न ही फ्लैटों की रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया में तेजी आई है। अभी तक करीब 2700 फ्लैटों की ही रजिस्ट्री हो पाई है।

**अथॉरिटी को अब तक 600 करोड़ बकाया मिले:** नोएडा अथॉरिटी के मुताबिक, 21000 फ्लैटों की रजिस्ट्री प्रस्तावित है। इसके अलावा अथॉरिटी को करीब 600 करोड़ रुपए बकाया मिल चुके हैं, जबकि पहले चरण में शामिल बिल्डर परियोजनाओं पर करीब 8500 करोड़ रुपए बकाया है। इस पूरे मामले को लेकर सीईओ डॉक्टर लोकेश एम जल्द की समीक्षा बैठक करेंगे, जिसके बाद आगे रणनीति तय की जाएगी।

**सर्वे के दौरान रजिस्ट्रेशन की धीमी गति का चला पता:** बताया जा रहा है कि रजिस्ट्रेशन की धीमी गति को लेकर सर्वे चल रहा है, जो अब पूरा होने वाला है। सर्वे के दौरान यह बात सामने आई कि कुछ लोगों के पास बेनामी संपत्तियां हैं, जिसके चलते वे रजिस्ट्रेशन के लिए आगे नहीं आना चाहते। इसके अलावा कुछ लोगों के शहर से बाहर रहने, पैसे की कमी और बिल्डर का बकाया न चुकाने के कारण भी रजिस्ट्रेशन की गति धीमी है।

# भारत की जीत का जश्न मना रहे पिता-पुत्र को पीटा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** चैंपियंस ट्रॉफी के खिताबी मुकाबले में भारत की जीत का जश्न मना रहे पिता-पुत्र को पड़ोसियों ने पीट दिया। आरोपियों ने पीड़ित के बेटे से भी मारपीट की। फेज-1 पुलिस ने तीन नामजद आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। हरौला निवासी पंकज चौहान ने पुलिस को शिकायत दी कि वह परिवार के साथ किराये का कमरा लेकर रहते हैं। नौ मार्च को भारत और न्यूजीलैंड के बीच चौंपियंस ट्रॉफी का फाइनल मुकाबला दुबई में खेला जा रहा था। पंकज चौहान परिवार के साथ क्रिकेट मैच देख रहे थे। भारत की जीत के बाद पंकज चौहान घर के बाहर निकले। पड़ोसी आयुष भी घर से बाहर आया। दोनों जीत का जश्न मनाने लगे। इसी दौरान किसी बात को लेकर आयुष और उनके बीच कहासुनी हो गई। आयुष ने पवन और सुमित को भी बुला लिया। तीनों ने पंकज के साथ गाली-गलौज और मारपीट की।

**शाह टाइम्स**

आपके लोकप्रिय अखबार दैनिक शाह टाइम्स में विज्ञापन एवं समाचारों के लिए संपर्क करें।

**प्रवेश सिंह दतानियां**

जिला प्रभारी गौतमबुध नगर/खोड़ा

सी-311, सेक्टर-10, नोएडा, जनपद गौतमबुध नगर

9810967541, 8920145356

Email: parveshnoida@gmail.com

**खबरें छुपाता नहीं, छापता है**

# सीतापुर पत्रकार हत्याकांड के मामले में हापुड़ के पत्रकारों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**संजय त्यागी**

**हापुड़।** हापुड़ में ग्रामीण अंचलीय पत्रकार एसोसिएशन के पदाधिकारियों सहित मीडिया कर्मियों ने जनपद सीतापुर में दैनिक अखबार के पत्रकार राघवेंद्र वाजपेई की दिनदहाड़े हत्या के विरोध में प्रदर्शन किया और उपजिलाधिकारी को मुख्यमंत्री के नाम का ज्ञापन सौंपा, जिसमें आरोपियों पर कार्यवाही करने और पत्रकार सुरक्षा कानून बनाने की मांग की। यह घटना शनिवार की है,जब सीतापुर के महोली तहसील के संवाददाता राघवेंद्र वाजपेई बाइक पर सवार होकर जा रहे थे, इस दौरान बदमाशों ने दिनदहाड़े उनकी हत्या कर दी, यह वारदात शाम के 4:00 बजे इमलिया सुल्तानपुर हाईवे के हेमपुर ओवर ब्रिज पर हुई। बदमाशों ने पत्रकार राघवेंद्र को रास्ते में रोककर गोलियों से छलनी कर दिया था। इस दौरान ग्रामीण अंचलीय पत्रकार एसोसिएशन भारत के जिला अध्यक्ष डॉ पीतम सिंह,महामंत्री आरिफ अली और पत्रकार संजय त्यागी ने कहा अगर इस तरह दिनदहाड़े पत्रकारों की हत्या होती रही,तो सच को सामने लाने वाला और चौथा स्तंभ कहा जाने वाला कौन बचेगा, उन्होंने ज्ञापन सौंपकर कई बिंदुओं की मांग की है, और पुलिस प्रशासन द्वारा मृतक पत्रकार के परिवार को सुरक्षा व्यवस्था देने के साथ-साथ आरोपियों पर कठोर कार्यवाही करने की मांग की है, उन्होंने कहा है कि परिवार में आश्रित को राजकीय सेवा में लेकर आजीविका सुनिश्चित की जाए, मृतक की पत्नी को आजीवन पेंशन दिया जाए,अनाथ हुए बच्चों की पढ़ाई लिखाई व शादी विवाह का पूरा खर्च सरकार द्वारा वहन किया जाए, उन्होंने कहा उपरोक्त सभी मांगें तीन दिन के अंदर पूरी न की गई तो ग्रामीण अंचलीय पत्रकार एसोसिएशन हापुड़ के साथ-साथ पूरे प्रदेश और देश में धरना प्रदर्शन करेगा,जिसकी जिम्मेदारी स्वयं सरकार की होगी। इस मौके पर संजय त्यागी, विजय शर्मा, हरेंद्र शर्मा, अरुण लोधी, नईमुद्दीन, अकबर मेवाती, जितेंद्र कुमार, करण कुमार,राजेंद्र राठी, राहुल ठाकुर, हरि प्रकाश गुप्ता, गुलफाम सैफी सहित सैकड़ों पत्रकार मौजूद रहे।



## गौकशी की घटना को अंजाम देने जा रहे तीन गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** कोतवाली पुलिस ने क्षेत्र के गांव शोगढ़ के जंगल में गोकशी की तैयारी कर रहे तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से एक जिंदा गोवंश समेत कटान के उपकरण बरामद किए है। पुलिस ने आरो. पियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। कोतवाली पुलिस सोमवार की रात को क्षेत्र में गश्त कर रही थी। इसी दौरान मुखबिर द्वारा सूचना दी गई कि शोगढ़ के जंगल में कुछ लोग गोकशी करने की तैयारी कर रहे है। सूचना पर पुलिस बताए गए स्थान पर पहुंच गई और मौके से तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार किए गए आरोपी गढ़ नगर के मोहल्ला आदर्श नगर निवासी सलीम, गांव इन्यातपुर निवासी मानू, विजय को रंगे पकड़े गए। पकड़े गए आरोपियों के पास से पुलिस ने एक जिंदा गोवंश समेत कटान के उपकरण बरामद किए है। आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।




## पुलिस ने चलाया हिस्ट्रीशीटरों के सत्यापन का अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** तहसील क्षेत्र के हिस्ट्रीशीटरों की पहचान अब उनकी आवाज से की जाएगी। पुलिस ने हिस्ट्रीशीटरों के सत्यापन का अभियान चलाकर उनकी आवाज के नमूने लेने के लिए तैयारी शुरू कर दी है। इन नमूनों को त्रिनेत्र एप पर फीड किया जाएगा।

उच्चाधिकारियों के निर्देश पर सर्किल क्षेत्र की पुलिस हिस्ट्रीशीटरों की कुंडली खंगाल रही है। क्षेत्र के हिस्ट्रीशीटरों की जानकारी त्रिनेत्र एप पर फीड की गई। हिस्ट्रीशीटरों को आपराधिक गतिविधियों में सम्मिलित न होने की चेतावनी दी गई। उन्हें कानून व्यवस्था के अनुरूप जीवन यापन करने के लिए निर्देशित किया जा रहा है। इस सत्यापन के दौरान हिस्ट्रीशीटरों की आवाज के नमूने भी एकत्र किए जाएंगे। इसमें हिस्ट्रीशीटर को अपने बारे में जानकारी देते हुए आवाज को रिकॉर्ड कर एप पर अपलोड किया जाएगा।

हिस्ट्रीशीटर अपराधियों का मोबा. इल, आधार नंबर और वह किस जगह पर काम कर रहे थे, इसकी भी फीडिंग की जा रही है। कोतवाली पुलिस का कहना है त्रिनेत्र एप पर अपराधियों के इतिहास के बारे में अधिक से अधिक जानकारी एकत्र की जाती है, ताकि उसको पकड़ने में आसानी रहे। उनकी आवाज भी पहचान का माध्यम बनेगी।

# नवजात शिशु मिलने से शहर में मचा हड़कंप पुलिस ने बच्चे को अस्पताल में भर्ती कराया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिलखुवा।** कोतवाली क्षेत्र के गांव दहपा रोड पर मंगलवार को एक दिन के नवजात शिशु का कूड़े के ढेर में मिलना चौंकाने वाली घटना सामने आई है। स्थानीय लोगों ने बताया कि कूड़ा बीनने वाले लोगों ने नवजात को उठाकर अपने घर ले जाने का प्रयास किया, जिसके बाद पुलिस को सूचना मिली। जानकारी के अनुसार, मंगलवार को सूचना मिली कि गांव दहपा स्थित कूड़े के ढेर में एक दिन का नवजात पड़ा है। जिसको कूड़ा चुगने वाले अपने साथ लेकर चले गए। इसके बाद कूड़ा चुगने वालों के बारे में जानक. री की। जिसके बाद नवजात को दहपा रोड स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया है। जहां नवजात का उपचार चल रहा है। उन्होंने बताया कि नवजात के परिवार की तलाश और घटना के कारणों की जांच की जा रही है। फिलहाल पुलिस ने घटनास्थल के सीसीटीवी फुटेज की जांच शुरू कर दी है, जिससे संबंधित व्यक्तियों की पहचान की जा सके। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक पटनीश कुमार ने बताया कि बच्चा सीडब्ल्यूएसएन भेज दिया गया है, जांच की जा रही है।



## एक नजर

### नन्दोई पर छेड़छाड़ का आरोप

**गढ़मुक्तेश्वर।** नगर के एक मोहल्ला निवासी महिला ने अपने नन्दोई पर छेड़छाड़ करने का आरोप लगाया है। पीड़िता का आरोप है कि विरोध करने पर ससुराल पक्ष के लोगों ने उसको घर से निकाल दिया। पीड़िता ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। मोहल्ला निवासी महिला ने बताया कि उसकी शादी मेरठ के एक गांव निवासी युवक से हुई थी। शादी में दिए गए दान दहेज से उसके ससुराल पक्ष के लोग खुश नहीं हुए। आए दिन उसका पति उसके साथ पिटाई करता और उसका नन्दोई उस पर बुरी नजर रखता। पीड़िता ने बताया कि पिछले दिनों उसके नन्दोई ने उसको अकेला पाकर छेड़छाड़ की। पीड़िता ने उनका विरोध किया तो आरोपियों ने उसके साथ पिटाई कर घर से निकाल दिया। पीड़िता ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### पति पर मारपीट और उत्पीडन करने का आरोप

**गढ़मुक्तेश्वर।** क्षेत्र के गांव पलवाड़ा निवासी रीना ने बताया कि उसका पति आए दिन उसके साथ पिटाई करता है। पीड़िता ने बताया कि सोमवार को उसका पति घर आया तो उसने खाना खाने के लिए कहा। इसी बात को लेकर उसका पति ने उसके साथ अभद्रता शुरू कर दी। पीड़िता ने उसका विरोध किया तो आरोपी ने उसके साथ पिटाई कर दिया घायल कर दिया। पीड़िता ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की। पुलिस ने तहरीर पर आरोपी पति जोनी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

### चोरी के विरोध पर किया जानलेवा हमला

**गढ़मुक्तेश्वर।** नगर के स्याना रोड स्थित पूर्व फौजी के घर से पड़ोसियों ने सामान चोरी कर लिया। मामले की जानकारी होने पर उनका विरोध किया गया तो आरोपियों ने उनके साथ अभद्रता करते हुए गाली गलौज कर दी। पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। बहादुरगढ़ के गांव पसवाडा निवासी मनफूल ने बताया कि वह गढ़ क्षेत्र के गांव करीमपुर मोड़ पर मकान का निर्माण कार्य करा रहे है। पीड़ित ने बताया कि उसके पड़ोसी ने उसकी गैर मौजूदगी में निर्माण सामग्री को चोरी कर ले गए। जानकारी मिलने पर उन्होंने उसका विरोध किया तो आरोपियों ने उसके साथ अभद्रता करते हुए जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की है। कोतवाली पुलिस ने तहरीर पर दो लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

### छत काटकर चोरों ने धान मंडी से धान की 50 से ज्यादा बोरी चोरी की

**गढ़मुक्तेश्वर।** नगर के जवाहर गंज मंडी में धान आढ़ती की चोर 55 बोरी धान की चोरी कर ले गए है। पीड़ित को मामले की जानकार मंगलवार की सुबह आढ़त पर पहुंचने के बाद हो सकी। पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की है। वहीं व्यापारियों में बढ़ती चोरी को लेकर व्यापारियों में रोष व्याप्त है। क्षेत्र के गांव अठसैनी निवासी हाजी रियाजुद्दीन ने बताया कि वह नगर के के जवाहर गंज मंडी में धान की आढ़त करते है। पीड़ित ने बताया कि आढ़त के गोदाम में धान की बोरियों को लगाया हुआ है। पीड़ित ने बताया कि सोमवार की रात को वह आढ़त बंद कर घर चले गए थे। मंगलवार की सुबह को जब वह मंडी पहुंचे तो देखा कि आढ़त में चोरों ने कुमल किया हुआ था और बोरिया बिखरी पड़ी हुई थी। पीड़ित ने बताया कि चोर उनके गोदाम से करीब 55 बोरिया धान की चोरी कर ले गए। व्यापारी ने बताया कि पूर्व में भी उसके यहां चोरी की घटना हो गई थी, जिसमें करीब 38 बोरी धान की चोरी हो गई थी। पीड़ित ने बताया कि उस घटना को भी पुलिस अभी तक नहीं खोल सकी है। व्यापारी नेता मूलचंद सिंघल ने बताया कि इस प्रकार की घटना से पुलिस की रात्रि गश्त की भी पोल खुल गई है, क्योंकि सब्जी मंडी से भी चोर व्यापारी के एक लाख की नकदी का बैग चोरी कर ले गए थे।

### तमंचे के साथ तीन गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** गजरौला पुलिस ने चैकिंग के दौरान एक बाइक पर सवार तीन युवकों को अवैध तमंचे व कारतूसों सहित गिरफ्तार करके चालान किया। पकड़े गए आरोपियों में अभिषेक पुत्र कुलदीप सिंह निवासी ग्राम अलीपुरा थाना नौगावा सादात, हिमांशु उर्फ सौरभ पुत्र जितेन्द्र सिंह निवासी ग्राम निपनिया थाना रजबपुर व बिट्टू पुत्र अशोक निवासी ग्राम अल्लीपुर थाना नौगावा सादात शामिल हैं। पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध मुक. दमा दर्ज करके चालान किया। गिरफ्तार करने वाली टीम में उपनिरीक्षक संजीव कुमार व जितेन्द्र कुमार, आरक्षी अंकित कुमार, विजय बालियान व विपिन कुमार सम्मिलित रहे।

# एसपी ने पुलिस बल के साथ निकाला फ्लैग मार्च




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिलखुवा।** मंगलवार को एसपी ने होली और जमे की नमाज के चलते पुलिस बल के साथ निकाला फ्लैग मार्च निकला गया। होली के अवसर पर सुरक्षा व शांति सुनिश्चित करने के लिए एसपी सहित अधिकारियों के नेतृत्व में फ्लैग मार्च निकाला। मार्च मारवाड़ पुलिस चौकी से प्रारंभ हुआ जिसमें पुलिस टीम ने शहर के मुख्य बाजारों, चौराहों, संवेदनशील इलाकों व घनी आबादी वाले क्षेत्रों का भ्रमण किया। इस दौरान एसपी ने बताया कि होली पर अराजक तत्वों, हुड़दंग, दुर्घटनाओं या कानून-व्यवस्था भंग करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने लोगों से सतर्क रहने और पुलिस को सहयोग देने की अपील की। फ्लैग मार्च का मुख्य उद्देश्य लोगों में सुरक्षा का विश्वास जगाना, गश्ती

दृश्यता बढ़ाकर अपराधियों को चेतावनी देना और होली को शांतिपूर्वक मनाने के निर्देशों का प्रचार करना था। पुलिस ने दुक. ानदारों व युवाओं से संवाद कर शराब व नशीले पदार्थों के सेवन से बचने की सलाह दी। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि होली पर किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए पुलिस पूरी तरह तैयार है।

## चुनाव आयोग ने कानूनी ढांचे के भीतर चुनावी प्रक्रियाओं को और मजबूत करने के लिए पार्टी अध्यक्षों और वरिष्ठ नेताओं को बातचीत के लिए आमंत्रित किया

**हापुड़।** भारत के चुनाव आयोग ने सभी राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय राजनी. तिक दलों से 30 अप्रैल, 2025 तक ईआरओ, डीईओ या सीईओ के स्तर पर किसी भी अनसुलझे मुद्दे के लिए सुझाव आमंत्रित किए हैं। आज राजनी. तिक दलों को जारी एक व्यक्तिगत पत्र में, आयोग ने स्थापित कानून के अनुसार चुनावी प्रक्रियाओं को और मजबूत करने के लिए, पारस्परिक रूप से सुविधाजनक समय पर पार्टी अध्यक्षों और पार्टी के वरिष्ठ सदस्यों के साथ बातचीत की परिकल्पना की है। इससे पहले, पिछले सप्ताह ईसीआई सम्मेलन के दौरान, मुख्य चुनाव आयुक्त श्री ज्ञानेश कुमार ने सभी राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के सीईओ, डीईओ और ईआरओएस को राजनी. तिक दलों के साथ नियमित बातचीत करने, ऐसी बैठकों में प्राप्त किसी भी सुझाव को पहले से मौजूद कानूनी ढांचे के भीतर सख्ती से हल करने और 31 मार्च, 2025 तक आयोग को कार्रवाई रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया था। आयोग ने राजनीतिक दलों से विकेंद्रीकृत जुड़ाव के इस तंत्र का सक्रिय रूप से उपयोग करने का भी आग्रह किया।

### गाली गलौज के विरोध पर युवक को पीटा

**बछरायूं।** थाना क्षेत्र के गांव मोहम्मदपुर पट्टी में युवक को गाली गलौज का विरोध करना भारी पड़ गया। गाली गलौज का विरोध करने पर युवक के साथ मारपीट हो गई, लोगों की भीड़ जमा होने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। गांव मोहम्मदपुर पट्टी निवासी ग्रामीण सुरेंद्र का आरोप है कि गांव के ही रहने वाले शानू और राजू उसके साथ गाली गलौज कर रहे थे गाली गलौज का विरोध करने पर उन्होंने मारपीट शुरू कर दी, शोर होने पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई तो आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। थाना प्रभारी निरीक्षक प्रवीण कुमार ने बताया कि टिहरी के आधार पर शानू पुत्र गुड्डू व राजू पुत्र छतर सिंह के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज हुई है।

# 'अपना घर आश्रम' का चतुर्थ स्थापना दिवस मनाया गया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिलखुवा।** सिखेडा स्थित आश्रयहीन असहाय पीड़ित जनों को समर्पित 'अपना घर आश्रम' का आज चतुर्थ स्थापना दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में अपना पावन सानिध्य देने के लिए मुख्य अतिथि के रूप में पधारे प्रसिद्ध कथा मानस मर्मज्ञ श्री अतुल कृष्ण भारद्वाज जी महाराज ने बताया की यह आश्रम प्रभु जनों की सेवा कोई सांसारिक कर्तव्यों की प्रक्रिया मात्र नहीं अपितु प्रत्यक्ष रूप से प्रभु सेवा नारायण सेवा राम करूणा का संकल्प परायणता का भाव है। उ प्र सरकार संस्कृत सेवा संस्थान के पूर्व अध्यक्ष राज्यमंत्री डॉ वाचस्पति मिश्र जी कहा कि जिस भाव से राम ने सबरी की सेवा की उसी भाव से हम सभी तो ऐसे संस्थानों के माध्यम से प्रभु जनों की सेवा का अवसर प्राप्त करना चाहिए। अपना घर आश्रम के राष्ट्रीय सचिव विना. द कुमार सिंघल जी ने अपने विभिन्न कार्यों के विषय में जानक. री दी और इस सेवा के निरंतर विस्तार का संकल्प दोहराया। आश्रम के मंत्री श्री अंशुल मित्तल जी ने आश्रम के विषय में बताते हुए कहा की आश्रम में इस समय लगभग 171 प्रभु स्वरूप प्रभु जी निवास कर रहे हैं आश्रम लगातार सड़क पर रेलवे स्टेशन के किनारे बस अड्डे पर पुलिस जनप्रतिनिधि के सहयोग से मानसिक रूप से विक्षिप्त असहाय लावारिस पीड़ितों को आश्रम में लेकर उन्हें प्रभु रूप में मानकर सेवा करता है अस्पताल द्वारा लगभग 60 पुर्जनों को ठीक होने के उपरांत उनके परिवार से मिलाया जा चुका है कार्यक्रम में अपना विशेष सानिध्य प्रदान कर कार्यक्रम का गरिमामय संचालन करते हुए नमों दिव्यांग अभियान के राष्ट्रीय संयोजक पं. विकास शर्मा ने प्रभु जनों के निमित्त अपनी रचित एक रचना हमनें तो स्पर्श कर घावों के गहरे निशान देखे हैं, तुमने तो सड़कों पे अधूरे भगवान फेंके हैं, बिन आँखों के तुमसे ज्यादा आसमान देखे हैं, तुमने जिन्हें समझा बेकार और विक्षिप्त, हमनें उन 'प्रभु जनों' में भगवान देखे हैं। आश्रम के प्रथम तल के निर्माण का संकल्प लेने वाले परिवार की ओर से सौरभ सिंघल जी विशेष सहयोगी श्रीमति कविता गुप्ता का कार्यक्रम में गरिमा मय सानिध्य रहा। कार्यक्रम में प्रभु जनों के साथ पुष्पों की होली और अतिसुंदर सांस्कृतिक नृत्य संगीत प्रस्तुत की गयी। कार्यक्रम में संस्थापक दीनानाथ गुप्ता, अध्यक्ष विजय खंडेलवाल ने सभी का स्वागत ज्ञापित किया। मंत्री अंशुल मित्तल, कोषाध्यक्ष संजय गोयल ने सभी अतिथियों का स्वागत किया और आश्रम के क्रियाकलापों पर प्रकाश डाला। डॉ. महेश अग्रवाल, हरिश मित्तल, कुशल शर्मा, अशोक सिंघल, कुलदीप शर्मा, सतीश चंद मित्तल, मनोज शर्मा, अभिनव गुप्ता सहित सैकड़ों ट्रस्टियों, गणमान्य लोगों ने सरल भाव से उत्सव का आनंद लिया। इस अवसर पर प्रसादी वितरण के पश्चात सभी आगंतुकों ने प्रभु जनों का अभिनंदन किया। साथ ही कुछ समय पूर्व आश्रम के सेवक की हुई दुर्घटना में हुई मृत्यु पर परिजनों को चार लाख रुपए की आर्थिक सहायता का चैक वितरित किया गया।




# होली पर्व को लेकर खाद्य विभाग टीम ने की छापेमारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन,उ0प्र0 लखनऊ के आद. ेश एवं जिलाधिकारी महोदया के निर्देशन में होली के पर्व के दृष्टिगत अधोहस्ताक्षरी के निर्देशन एवं मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्री वी.के.राठी के नेतृत्व में खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम जिसमें श्री आर.पी.गंगवार, श्री प्रियंक श्रीवास्तव, श्री सोवेन्द्र सिंह पंधाल, श्री आर.पी.गुप्ता, सुश्री सहरिश सादात खाद्य सुरक्षा अधिकारीगण सम्मिलित थी, द्वारा निम्न कार्यवाही की गयी। बिशन मावा भण्डार तगासराय से रबडी एवं खोया का एक- एक नमूना संग्रहित किया गया एवं 60 किग्रा दूषित छैना नष्ट कराया गया। अशोका नमकीन कबाडी बाजार से नमकीन का एक नमूना संग्रहित किया गया। मार्केटेड बाई मदर डेयरी दिल्ली, निर्माताटेरेस्टेरियल फूड लि हसनपुर अमरोहा के टैंकर से दूध का एक नमूना संग्र. हित किया गया। पप्पू अली के ग्राम रझैटी गढमुक्तेश्वर हापुड स्थित रसगुल्ला निर्माण इकाई से सफेद रसगुल्ला का एक नमूना संग्रहित किया गया। लाल मौहम्मद के ग्राम रझैटी गढमुक्तेश्वर हापुड स्थित रसगुल्ला निर्माण इकाई से गुलाब जामुन व रसभरी का एक-एक नमूना संग्रहित किया गया। बनीत के प्रतिष्ठान ग्राम बडौदा सिहानी से खोया का एक नमूना संग्रहित किया गया। किशन चन्द के प्रतिष्ठान ग्राम बनखण्डा हापुड से मिल्क क्रीम के दो नमूने संग्रहित किये गये। तुषार किराना स्टोर ग्राम बनखण्डा हापुड से पनीर का एक नमूना संग्रहित किया गया। इस प्रकार कुल 11 नमूने संग्रहित किये गये उक्त समस्त नमूनों को वास्ते जाँच खाद्य विश्लेषक प्रयोगशाला प्रेषित किया जा रहा है। जाँच रिपोर्ट प्राप्त होने के पश्चात अग्रिम विधिक कार्यवाही की जायेगी।



# पत्रकार के हत्यारों को मिले कड़ी सजा

## भाकियू अराजनैतिक ने उठाई मांग

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नौगांवा सादात।** भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक ने पीएम किसान सम्मान निधि का लाभ किसी किसानों को दिये जाने तथा सीतापुर में पत्रकार की हत्या में शामिल हत्यारों पर कड़ी कार्रवाई किये जाने की मांग की गयी। तहसील कार्यालय परिसर में भाकियू की पंचायत हुई। जिसमें महीपाल सिंह सैनी ने कहा कि गांव मुनीमपुर में मुख्य रोड की एक साइड में शिव मन्दिर के समीप कच्चे नाले के निर्माण के लिए खुदाई करायी गयी थी परन्तु अभी तक इसका निर्माण नहीं हुआ है। जिससे श्रद्धालु परेशान है। जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ आम जनता को नहीं मिल रहा। ग्राम पंचायत नगली शेख में नई ईंटों से नाली का निर्माण कराया जाये। पीएम किसान सम्मान निधि का लाभ सभी किसानों को दिलाया जाये। पात्र लोगों को पक्के मकान दिये जायें। पंचायत में ओमवीर सिंह, सोमपाल सिंह, फूल सिंह, चन्द्रपाल सिंह, धर्मदीप त्यागी, राजेश सैनी आदि मौजूद रहे।



# लावड़ अवैध कॉलोनी में मेडा के अधिकारी की मिलीभगत आई सामने

## बिल्डर के ऑफिस को टैंट से ढका, कार्रवाई के नाम पर की खानापूर्ति





एक दिन पहले तैयार किया गया फर्जी ऑफिस सैटिंग से तोड़ते हुए। इस टैंट के अंदर है आलीशान ऑफिस।

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लावड़।** कस्बे में मीठेपुर मार्ग पर ग्रीन वैली मंडप के पास बनी अवैध कॉलोनी इस समय चर्चा में है। यहां प्लॉटिंग कर रहे बिल्डर ने चार दिन पूर्व खुद ही बताया था कि यहां मेडा की टीम तो आयेगी लेकिन मात्र खानापूर्ति ही की जाएगी और हुआ भी ऐसा ही मंगलवार को मेडा की टीम राकेश राणा के नेतृत्व में मीठेपुर मार्ग पर बनी इस कॉलोनी पर पहुंची और कार्यवाही के नाम पर केवल कॉलोनी के रास्ते पर लगी ईंटों को ही उखाड़ा गया। बिल्डर द्वारा दो दिन पूर्व ही कॉलोनी के चारों ओर लगी रेडिमेट बाउंड्री को खुद ही हटा लिया गया था जिससे साफ साफ पता चलता है कि यहां सैटिंग का खेल हो चुका है। बताया जाता है कि ये भूमि चर्चित बाईक बोट घोटाले के आरोपी बिजेंद्र सिंह की प्रेरणा ट्रस्ट के नाम पर आज भी दर्ज है। हालांकि बिल्डर द्वारा बताया गया था कि उसने इस भूमि की रजिस्ट्री कराई है लेकिन कागजों में आज भी यह ट्रस्ट के ही नाम दर्ज है। अगर ऐसा है तो किसी भी ट्रस्ट की भूमि

■ **बाइक बोट घोटाले के आरोपी बिजेंद्र सिंह के ट्रस्ट के नाम बताई जा रही है भूमि**

पर इस तरह अवैध कॉलोनी काटना नियम के विरूद्ध है। वहीं बताया जाता है कि यहां अभी तक आबादी भी दर्ज नहीं कराई गई है। वहीं लोगों का कहना है कि बिल्डर खुद बोलता है कि यहां हम जो चाहेंगे वही होगा मेडा या कोई अन्य अधिकारी हमारा कुछ नहीं बिगाड़ सकता।

वहीं वीसी अविनाश पांडे से बात करने का प्रयास किया गया तो उन्होंने कॉल रिसीव नहीं की। मेडा टीम के प्रभारी राकेश राणा से बात की गई तो उन्होंने कोई जवाब नहीं दिया और बिल्डर के ऑफिस का नाम लेते ही कॉल काट दी जिससे साफ जाहिर होता है कि राकेश राणा और बिल्डर की मिलीभगत से ही कार्यवाही के नाम पर महज खानापूर्ति की गई है। भाजपा सरकार में भी मेडा विभाग द्वारा इतना बड़ा भ्रष्टाचार किया जा रहा है इन्हें सरकार या किसी अन्य बड़े अधिक. ारी का कोई खौफ नहीं है।

### बिल्डर के आलीशान ऑफिस को सैटिंग कर टैंट से ढका

कार्यवाही के दौरान मेडा की टीम ने मात्र खानापूर्ति की। कॉलोनी के बीचों बीच बना बिल्डर का आलिशान ऑफिस सैटिंग कर टैंट से ढका गया जिसे मेडा टीम द्वारा नजर अंदाज कर दिया गया। वहीं बिल्डर द्वारा एक दिन पहले ही लगभग 6 फिट में बाउंड्री कर फर्जी ऑफिस बनाया गया जिसे टीम द्वारा बुलडोजर से गिराकर वीडियोग्राफी कराई गई। इस तरह मेडा टीम के प्रभारी राकेश राणा और बिल्डर के बीच सैटिंग का खेल सामने आया है।



एक दिन पहले बिल्डर द्वारा हटाई गई बाउंड्री।



केवल रास्ते से ईंटे हटाकर खानापूर्ति करता बुलडोजर।

### माहौल खराब करने वालों पर होगी कार्रवाई

**हस्तिनापुर।** होली और रमजान त्योहार के सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस द्वारा क्यूआरटी के साथ नगर में फ्लैग मार्च निकाला गया। इस दौरान आगामी त्योहारों को देखते हुए भाईचारे एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में त्योहार मनाने के निर्देश दिए गए। इसके साथ ही त्योहार के दौरान लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की गई। एसपी देहात राकेश कुमार मिश्र ने नागरिकों से किसी भी अफवाह पर ध्यान न देने की अपील की और चेतावनी दी कि अफवाह फैलाकर माहौल खराब करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि पुलिस की निगाह हर गति. विधि पर बनी हुई है, और बाजारों में लगातार गश्त की जा रही है। फ्लैग मार्च के दौरान पुलिस अधिकारियों ने नागरिकों से बातचीत कर उन्हें सुरक्षा का एहसास कराया और कानून-व्यवस्था बनाए रखने की जिम्मेदारी साझा करने का संदेश दिया।

# ग्रामीण अंचलीय पत्रकार एसो. ने राघवेंद्र बाजपेई के हत्यारों को फांसी दिलाने के लिए सौंपा ज्ञापन

■ **पत्रकारों की आवाज को कुचलने की साजिश कब तक चलेगी: जिलाध्यक्ष संजीव तोमर**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** ग्रामीण अंचलीय पत्रकार एसोसिएशन जिला मेरठ उत्तर प्रदेश ने मंगलवार को जिलाधिकारी मेरठ डॉ. वी.के. सिंह के माध्यम से उत्तर प्रदेश सरकार को दैनिक जागरण सीतापुर के पत्रकार राघवेंद्र वाजपेई की हत्या के विरोध में ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से गापा ने मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश से मांग की गई कि दिवंगत पत्रकार के हत्यारों को कड़ी से कड़ी सजा दी जाए जिससे भविष्य में कोई भी पत्रकार की आवाज को ना रोक सके एवं परिवार को आर्थिक मदद के साथ परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी दी जाए। ज्ञापन देने के बाद जिला अध्यक्ष संजीव तोमर ने बताया कि पिछले दिनों लोकतंत्र के चौथा स्तंभ को फिर निशाना बनाया गया और हमारे उत्तर प्रदेश जिले के सीतापुर के एक पत्रकार साथी राघवेंद्र वाजपेई की सरेआम गोली मारकर निर्मम हत्या कर दी गई है जिससे हम पत्रकारों में बहुत रोष है और हम इस घटना की अत्यधिक निंदा करते हैं और सरकार से यह भी पूछना चाहते हैं कि पत्रकारिता की आवाज को कुचलने की यह साजिश कब तक चलेगी। वरिष्ठ उपाध्यक्ष अशोक सोम ने कहा कि पत्रकार साथी की हत्या हुए कई दिन बीत गए परंतु अभी तक उत्तर प्रदेश पुलिस हत्यारों को पकड़ नहीं पाई है जो कि उत्तर प्रदेश पुलिस की कार्यशैली पर भी प्रश्न चिन्ह लगा रही है। इस अवसर पर ग्रामीण अंचलीय पत्रकार एसोसिएशन जिला मेरठ के जिला अध्यक्ष संजीव तोमर, महामंत्र शिव कुमार शर्मा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अशोक सोम, जिला उपाध्यक्ष पंकज शर्मा, महानगर सचिव विशू सिंघल, आसिफ खान, राशिद, संदीप चौहान आदि उपस्थित रहे।

# शाही जामा मस्जिद में मरहूम शहर काजी प्रो. जैनुस साजिद्दीन के लिए हुई कुरआन ख्वानी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** शाही जामा मस्जिद में मंगलवार को सभी उलेमा इकराम व मस्जिद के इमाम को बुलाया गया। जोहर की नमाज से पहले कुरआन ख्वानी कराई। नमाज अदा करने के बाद शहर काजी प्रोफेसर जैनुस साजिद्दीन की माफिरत और उनके परिजनों के लिए सब्र जमील आता फरमाने की दुआएं की। वहीं मौलाना महमूद मदनी ने एक पत्र भेजा जिसमें उन्होंने शहर काजी के देहांत पर दुख जाहिर किया। इस दौरान कारी शफीकउर रहमान कश्मीर द्वारा एक वीडियो सोशल मीडिया पर डालने के बाद कुछ लोगों ने नाराजगी जाहिर की।

दरअसल सोमवार को शहर काजी प्रोफेसर जैनुस साजिद्दीन के देहांत के बाद जामा मस्जिद कमेटी के जिम्मेदार लोगों ने उनके एकलौते बेटे प्रोफेसर सालिकिन सिद्दीकी को नया शहर काजी बनाने का ऐलान कर दिया था। जिस पर कारी



शफीकुर्रहमान ने अपने बयान में शहर काजी के देहांत पर दुख जाहिर किया। साथ ही उन्होंने कहा कि चंद लोग शहर काजी की घोषणा नहीं कर सकते। पूर्व शहर काजी के बेटे शहर काजी नहीं बन सकते क्योंकि उनके पास वह उपलब्धि नहीं है जो की एक शहर काजी के पास होनी चाहिए। हालांकि शहर काजी के जनाजे की नमाज के वक्त तमाम मुस्लिम समाज के लोगों ने हाथ उठाकर प्रोफेसर सालिकिन सिद्दीकी को अपना नया शहर काजी माना है। इस दौरान नायब शहर काजी, कारी सलमान, शीराज रहमान, नायब सदर मुफ्ती यामीन, मोइनुदीन गाजी आदि लोग उपस्थित रहे।

भारतीय शास्त्रीय संगीत और संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए...

# शोभित विवि में स्पीक मैके कार्यक्रम का भव्य आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** शोभित विश्वविद्यालय के स्पीक मैके हेरिटेज क्लब द्वारा स्पीक मैके के सहयोग से भारतीय शास्त्रीय संगीत और संस्कृति को बढ़ावा देने हेतु एक भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य युवा पीढ़ी को भारतीय शास्त्रीय संगीत और समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर से जोड़ना था।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रख्यात सरोद वादक पंडित बिस्वजीत रॉय चौधरी एवं प्रसिद्ध तबला वादक अनुराज झा रहे, जिन्होंने अपनी मंत्रमुग्ध कर देने वाली प्रस्तुतियों से दर्शकों को भारतीय शास्त्रीय संगीत की गहराइयों से परिचित कराया। इस अवसर पर पंडित बिस्वजीत रॉय चौधरी ने राग भीमपलासी प्रस्तुत किया, जिसकी मधुर ध्वनि ने उपस्थित श्रोताओं को भावविभोर कर दिया। उनकी इस उत्कृष्ट प्रस्तुति ने छात्रों, संकाय सदस्यों और संगीत प्रेमियों को भारतीय शास्त्रीय संगीत के सौंदर्य और गूढ़ता का अनुभव कराया। कार्यक्रम के दौरान छात्रों को पंडित बिस्वजीत रॉय चौधरी से प्रत्यक्ष संवाद करने और उनके मार्गदर्शन में सरोद की बारीकियों को समझने का भी अवसर मिला। इस अद्भुत अवसर ने छात्रों को शास्त्रीय संगीत की महत्ता और उसके अभ्यास की प्रेरणा दी। इस भव्य आयोजन की गरिमा को बढ़ाते हुए विश्वविद्यालय के कुलाधिपति कुंवर शेखर विजेंद्र की उपस्थिति ने इसे और भी विशेष बना दिया। कुला. धिपति ने विश्वविद्यालय में भारतीय संगीत और संस्कृति पर एक क्रेडिट आधारित वैकल्पिक पाठ्यक्रम शुरू



करने की घोषणा की। इस पहल का उद्देश्य छात्रों को भारतीय सांस्कृतिक धरोहर को औपचारिक रूप से सीखने और अपनाने का अवसर प्रदान करना है। इसके अतिरिक्त शोभित विवि और स्पीक मैके के बीच एक सहमति पत्र पर भी हस्ताक्षर किए गए, जिसके तहत विश्वविद्यालय प्रत्येक वर्ष 10 सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन करेगा एवं वार्षिक रूप से विरासत श्रृंखला का भी आयोजन करेगा। इन कार्यक्रमों के माध्यम से न केवल विश्वविद्यालय परिसर में, बल्कि मेरठ और गंगोह शहर के अन्य क्षेत्रों एवं अन्य शिक्षण संस्थानों में भी भारतीय शास्त्रीय संगीत और संस्कृति को बढ़ावा दिया जाएगा। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर वी.के. त्यागी द्वारा छात्रों को संबोधित किया गया। इस आयोजन के दौरान स्पीक मैके के समन्वयक पंकज मल्होत्रा भी उपस्थित रहे, जिन्होंने इस पहल को सराहा और भारतीय शास्त्रीय संगीत को जन-जन तक पहुंचाने के लिए विश्वविद्यालय के प्रयासों की सराहना की। कार्यक्रम के दौरान विश्वविद्यालय के कुलसचि. चव डॉ. गणेश भारद्वाज, डीन स्टूडेंट वेलफेयर डॉ. दिव्या प्रकाश, स्पीक मैके कोआर्डिनेटर डॉ. नेहा त्यागी, आउटरीच डायरेक्टर डॉ. नेहा वशिष्ठ, डीन एकेडमिक्स डॉ. अशोक कुमार गुप्ता उपस्थित रहे। यह भव्य आयोजन शोभित विवि की सांस्कृतिक समृद्धि और भारतीय विरासत के संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम सिद्ध हुआ।

# सीतापुर में पत्रकार की हत्या के विरोध में उपज ने सौंपा ज्ञापन

■ **काली पट्टी बांधकर जताया हत्याकांड का विरोध**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** दैनिक जागरण के पत्रकार राघवेंद्र बाजपेई की सीतापुर में हुई निर्मम हत्या के विरोध में पत्रकार संगठनों में आक्रोश व्याप्त है। इसी क्रम में उत्तर प्रदेश एसोसिएशन ऑफ जर्नलिस्ट्स (उपज) के बैनर तले सैकड़ों पत्रकारों ने काली पट्टी बांधकर जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर प्रदर्शन किया और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नाम ज्ञापन सौंपा। गत 8 मार्च 2025 को सीतापुर में दैनिक जागरण के वरिष्ठ पत्रकार राघवेंद्र बाजपेई की बदमाशों ने दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या कर दी थी। चार दिन बीत जाने के बावजूद प्रशासन द्वारा अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। इस घटना के विरोध में पत्रकारों ने एकजुट होकर न केवल दोषियों की गिरफ्तारी की मांग की, बल्कि सरकार से पत्रकार सुरक्षा कानून लागू करने की भी अपील की। ज्ञापन के माध्यम से उपज अध्यक्ष अजय चौधरी ने सरकार के समक्ष कई प्रमुख मांगें रखीं, जिनमें शामिल हैं। हत्या में संलिप्त सभी दोषियों को कठोरतम दंड दिया जाए। सभी आरो. पियों पर देशद्रोह सहित गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया जाए। मृतक पत्रकार की पत्नी को सरकारी नौकरी दी जाए एवं बच्चों की शिक्षा एवं चिकित्सा व्यय का खर्च सरकार वहन करे। इस विरोध प्रदर्शन में महामंत्री ललित ठाकुर, उपाध्यक्ष नकुल चतुर्वेदी, प्रवक्ता अरुण सागर राज, संगठन महामंत्री राजू शर्मा, महानगर अध्यक्ष पवन शर्मा, सचिव राजन सोनकर, उपसचिव दीपक वर्मा, राहुल राणा, लोकेश, विपुल सिंघल, अमित तोमर, सचिन कश्यप, रोहित कुमार, रितेंद्र, मदनपाल गौतम, खालिद इकबाल सहित सैकड़ों पत्रकार शामिल रहे। पत्रकार संगठनों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही सरकार दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई नहीं करती, तो प्रदेशभर में व्यापक आंदोलन किया जाएगा।

# सिवाल विधानसभा को हकीकत में खास बनाना चाहते हैं विधायक गुलाम मोहम्मद

■ **आठ करोड़ की लागत से बनेगी सिवाल रोहटा व भोला रोड तक सड़क**

■ **72 लाख की लागत से पिठलोकर से नंगला तक हुआ था सड़क निर्माण**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** सिवाल खास विधानसभा से निर्वाचित विधायक हाजी गुलाम मोहम्मद पेशे से एक शिक्षक हैं और उनके शिक्षक होने का फायदा अब क्षेत्र की जनता को दिखने लगा है। जहां वह सिवालखास विधानसभा को हकीकत में खास बनाने की जद्दोजहद में लगे हैं वहीं शिक्षा के क्षेत्र में विकास को लेकर उनके निर्वाचन क्षेत्र में लोगों को काफी उम्मीद है। शाह टाइम्स से बातचीत में हाजी गुलाम मोहम्मद ने कहा कि वह अपने क्षेत्र में अब तक कई इंटर कॉलेज का निर्माण करा चुके हैं और जल्द ही हर्रा में नए स्वास्थ्य केंद्र का निर्माण कराने को लेकर भी लगातार स्वास्थ्य मंत्री से मिल रहे हैं। क्षेत्र की बदहाल सड़कों को लेकर भी विधायक गुलाम मोहम्मद लगातार प्रदेश के मंत्री और मुख्यमंत्री से मिलकर यहां की समस्या से रूबरू करा रहे हैं। वह बीते लंबे समय से क्षेत्र की सड़कों के लिए अतिरिक्त बजट की मांग करते



आ रहे थे। उनकी मांग को देखते हुए भाजपा सरकार ने लगभग आठ करोड़ की लागत से बनने वाली सड़क को हरी झंडी दे दी थी जिसका सारा कागजी काम पूरा हो चुका है और कुछ ही दिनों के बाद सिवाल खास विधानसभा में लगभग आठ करोड़ की लागत से सड़क का निर्माण शुरू होगा। यह सड़क सिवाल से लेकर रोहटा रोड, एस्केप रोड व भोला रोड पर समाप्त होगी जिसकी लागत आठ करोड़ है। इसे पीडब्ल्यूडी द्वारा बनाया जाएगा। पीडब्ल्यूडी के इंजीनियरों ने इसका सारा खाकर तैयार कर लिया है। अब जल्दी सिवालखास विधानसभा की जनता को बेहतरीन सड़क पर चलने का अलग अनुभव महसूस होगा। इसी के साथ-साथ बीते दिनों ही लगभग 72 लाख की लागत से पिठलोकर से नंगला तक सड़क निर्माण का कार्य कराया गया है। 40 लाख की लागत से नगला पुल से नंगला कुम्भा तक सड़क निर्माण कराया गया है।

सिवाल खास विधायक हाजी गुलाम मोहम्मद ने कहा कि वह बोलने में नहीं बल्कि काम करने में विश्वास करते हैं। उनका काम क्षेत्र की जनता को बेहतर सुविधा देना है। उन्होंने अब तक 6 से ज्यादा इंटर कॉलेज बनवाए हैं और लगभग 10 करोड़ से अधिक की लागत से सड़क निर्माण का कार्य कराया गया है। इसी के साथ-साथ क्षेत्र की गलियों में इंटरलॉकिंग, सड़क, नाली निर्माण के साथ-साथ क्षेत्र की पथ प्रकाश व्यवस्था व अन्य कामों में विधायक निधि का प्रयोग हुआ है। उन्होंने कहा कि लगभग 20 करोड़ से अधिक के काम क्षेत्र में कराए जा चुके हैं। उन्होंने क्षेत्र की जनता से अपील करते हुए कहा कि अपने बच्चों को अधिक से अधिक संख्या में पढ़ाएं क्योंकि शिक्षा ही सबसे ताकतवर हथियार है। शिक्षा के बल पर आप सारी लड़ाई जीत सकते हैं। हाजी गुलाम मोहम्मद ने कहा कि वह एक शिक्षक हैं और शिक्षा के महत्व को जानते हैं इसीलिए वह क्षेत्र में सबसे अधिक शिक्षा पर दो जोर दे रहे हैं।

# श्री वैंकटेश्वरा विवि में लगा पांच दिवसीय 'जॉब फेयर'

■ **1200 से अधिक छात्रों में से 17 छात्र-छात्राओं का हुआ चयन**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** मंगलवार को राष्ट्रीय राजमार्ग बाईपास स्थित श्री वैंकटेश्वरा विश्वविद्यालय/संस्थान एवं उत्तर प्रदेश शासन सेवायोजन विभाग उत्तर प्रदेश सरकार के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित पांच दिवसीय 'रोजगार मेला-2025' (जॉब फेयर) का शानदार समापन हुआ, जिसमे इंजीनियरिंग, प्रबंधन, फार्मा, एग्रीकल्चर, एप्लाइड साइंस के 97 छात्र-छात्राओं का चयन किया गया। कई राउण्ड के कठिन साक्षात्कार के बाद विभिन्न कम्पनियों ने 97 छात्र-छात्राओ को जॉब के लिए चयनित कर संस्थान प्रबंधन के साथ मिलकर उनको ऑफर लेटर प्रदान



किए। वैंकटेश्वरा समूह संस्थापक अध्यक्ष डा. सुधीर गिरि, प्रतिकुलाधि. पति डा. राजीव त्यागी ने चयनित छात्र-छात्राओ को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। संस्थापक अध्यक्ष डा. सुधीर गिरि ने कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं कौशल विकास के द्वारा वैंकटेश्वरा के छात्र-छात्राऐ देश-विदेश में सफलता का परचम लहरा रहे है। हम अपने यहां अध्यनरत छात्र-छात्राओं को शानदार, सुरक्षित एवं स्थायी कैरियर देने के लिए दृढ़ संकल्पित है। वैंकटेश्वरा विश्वविद्यालय/संस्थान के डा. सी. वी. रमन सभागार में पांच दिवसीय रोजगार मेला-2025 के समापन समारोह का शुभारंभ संस्थापक अध्यक्ष डा. सुधीर गिरि, प्रतिकुलाधि. पति डा. राजीव त्यागी, सहायक निद. ेशक सेवा योजन उत्तर प्रदेश सरकार रत्नेश कुमार सिंह, जिला रोजगार अधिकारी एस.के.सिंह, कुलपति प्रो. (डा.) कृष्ण कान्त दवे, डा. अनिल जायसवाल आदि ने सरस्वती माँ के सन्मुख दीप प्रज्जवलित करके किया। अपने सम्बोधन में संस्थापक अध्यक्ष सुधीर गिरि ने कहा कि वैश्विक मंदी एवं कोरोना महामारी के बाद भी देश के स्किल्ड युवाओ विशेष रूप से इंजीनियरिंग, आई.टी., प्रबंधन एवं वाणिज्य सेक्टर में ढेरो रोजगार सम्भावनाएं है। प्रधानमंत्री के स्किल इण्डिया-डिजीटल इण्डिया जैसी कल्याणकारी शानदार योजनाओं से प्रेरणा लेकर देश निरंतर विकास की ओर अग्रसर है। हम अपने यहाँ अध्ययनरत सभी छात्र-छात्राओ को एक सुरक्षित कैरियर देने के लिए प्रतिबद्ध है। हमारे यहाँ इंजीनियरिंग, प्रबंधन एवं बिजिनेस स्टडीज के छात्र-छात्राऐ देश विदेश मे उच्च पदो पर कार्यरत है। इस अवसर पर ट्रेनिंग प्लेसमेंट हेड डा. लक्ष्मण रावत, प्लेसमेंट अधिकारी डा. अनिल जायसवाल, डीन इंजीनियरिंग डा. आशुतोष सिंह, डा. राजेश सिंह, डा. सर्वानंद साहू, डा. योगेश्वर शर्मा, डा. टी.पी. सिंह, डा. पवनजीत कौर, डा. ज्योति सिंह, आई.टी. हेड विशाल शर्मा, ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट मैनेजर सौरभ मित्रा, सलाहकार आर.एस. शर्मा, मारूू चौधरी एवं मेरठ परिसर से डा. प्रताप सिंह, अरूण गोस्वामी, डा. विवेक सचान, मीडिया प्रभारी विश्वास राणा आदि लोग मौजूद रहे।

# कौशल विकास नौजवानों के आगे बढ़ने की सीढ़ी: मंत्री यशवीर सिंह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** मेरठ के देवनागरी महाविद्यालय में युवा महोत्सव कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि राज्यमंत्री (दर्जा प्राप्त) चौधरी यशवीर सिंह ने दीप प्रज्वलित कर के किया। इस अवसर पर कॉलेज प्रधानाचार्य प्रोफेसर बी, एस यादव और जॉइंट सेक्रेटरी संजीव त्यागी ने फूल माला एवं पुष्प भेंट कर मंत्री यशवीर एक स्वागत किया। मंत्री ने कॉलेज में हुई खेल खुद प्रतियोगिता, रंगोली प्रतियोगिता, गायक व काव्य पाठ आदि प्रतियोगिताओ में विजयी हुऐ छात्रों को पुरस्कार वितरित किए साथ ही उन्होंने कहा कि कौशल विकास नौजवानो की आगे बढ़ाने की एक सीडी है कौशल विकास में निपुण होकर अपना उद्योग लगा करके नौकरी देने का काम करो ना की नौकरी मांगने का। इसलिए हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस योजना को आगे बढ़ने का काम किया है और प्रतियोगिता में भाग लाने वालों सभी छात्रों को हार्दिक बधाई देते हुऐ उनके उज्वाल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर कॉलेज के समस्त अध्यापकगण व छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।




चुनावी प्रकियाओं को मजबूत करने के लिए...

# चुनाव आयोग ने पार्टी अध्यक्षों और वरिष्ठ नेताओं को बातचीत के लिए किया आमंत्रित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** अपर जिलाधिकारी (प्रशासन)/उप जिला निर्वाचन अधिकारी मेरठ बलराम सिंह ने बताया कि भारत के चुनाव आयोग ने सभी राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय राजनैतिक दलो से 30 अप्रैल 2025 तक ईआरओ, डीईओ या सीईओ के स्तर पर किसी भी अनसुलझे मुद्दे के लिए सुझाव आमंत्रित किये है। आज राजनैतिक दलों को जारी एक व्यक्तिगत पत्र में आयोग ने स्थापित कानून के अनुसार चुनावी प्रक्रियाओं को और मजबूत करने के लिए पारस्परिक रूप से सुविधाजनक समय पर पार्टी अध्यक्षों और पार्टी के वरिष्ठ सदस्यों के साथ बातचीत की परिकल्पना की है। इससे पहले पिछले सप्ताह ईसीआई सम्मेलन के दौरान मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने सभी राज्यों/केन्द्र शासित प्रदेशों के सीईओ, डीईओ और ईआरओस की राजनैतिक दलों के साथ नियमित बातचीत करने, ऐसी बैठको में प्राप्त किसी भी सुझाव को पहले से मौजूद कानूनी ढांचे के भीतर सख्ती से इल करने और 31 मार्च, 2025 तक आयोग को कार्यवाही रिर्पोट प्रस्तुत करनें का निर्देश दिया था। आयोग ने राजनैतिक दलों से विकेन्द्रीकृत जुड़ाव के इस तंत्र का सक्रिय रूप से उपयोग करने का आग्रह किया। संविधान और वैधानिक ढांचे के अनुसार चुनाव प्रकिया के सभी पहलुओ को कवर करने वाले आयोग द्वारा पहचाने गये 28 हितधारकों में राजनैतिक दल भी एक प्रमुख हितधारक है। राजनैतिक दलो को लिखे अपने पत्र में आयोग ने यह भी उल्लेख किया है कि जनप्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 और 1951 मतदाताओं का पंजीकरण नियम 1960 चुनाव संचालन नियम 1961 सर्वोच्च न्यायालय के आदेश और भारत के चुनाव आयोग द्वारा समय समय पर जारी किये गये मैनुअल और हैडबुक (ईसीआई की वेबसाइड पर उपलब्ध) ने स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए एक विकेन्द्रीकृत, मजबूत और पारदर्शी ढांचा स्थापित किया है।

# मस्जिद अबूबकर में मुकम्मल हुई तरावीह, हाफिज इमरान याकूब ने सुनाया कुरआन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** मेरठ के सोहराब गेट स्थित मस्जिद ए अबूबकर में सोमवार की देर रात तराहवी पूरी हुई। यहां पर कुरान सुना रहे हाजी याकूब कुरैशी के बेटे हाफिज इमरान याकूब ने कुरआन ए पाक मुकम्मल किया। कलाम ए पाक पूरे होने पर हजरत मौलाना खुर्शीद ने मस्जिद में बयान किया और इस्लाम व मुसलमानों के लिए कुरआन की एहमियत पर रोशनी डाली। इस दौरान सभी नमाजियों ने मुल्क में अमन शांति और उम्मते मुस्लिमा के लिए रो-रो कर परव. रदिगार से दुवाए मांगीं। इस दौरान हाजी यूसुफ कुरैशी भी वहां मौजूद रहे।



# टेस्ट क्रिकेट के 150 साल पूरे होने पर डे-नाइट मैच होगा

● ऑस्ट्रेलिया-इंग्लैंड मैच होस्ट करेगा मेलबर्न, मार्च-2027 में खेला जाएगा मुकाबला



**■ 1877 का पहला टेस्ट और टेस्ट क्रिकेट में 100 साल पूरे होने पर 1977 में खेला गया था**

**मेलबर्न, वार्ता।** दुनिया के सबसे पुराने क्रिकेट प्लेइंग नेशन ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच टेस्ट के 150 साल पूरा होने पर खेले जाने वाला मैच डे-नाइट होगा। यह एकमात्र टेस्ट 11 से 15 मार्च 2027 में मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड (एमसीजी) के ऐतिहासिक मैदान में खेला जाएगा। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने एनाउंस किया मेंस टेस्ट क्रिकेट के 150 साल पर टेस्ट मैच पिंक बाल से खेला जाएगा।1877 का पहला टेस्ट और टेस्ट क्रिकेट में 100 साल पूरे होने पर 1977 का टेस्ट लाल गेंद से एमसीजी में खेला गया था। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया सीईओ टाड ग्रीनबर्ग ने कहा, श्यह अवसर खेल के विकास को बढ़ावा देगा। एमसीजी में टेस्ट क्रिकेट के 150 साल पूरे होंगे। डे-नाइट टेस्ट इसका रोमांच और बढ़ा देगा। ॅडब्ल्यूटीओ का पार्ट नहीं होगा मैच ऑस्ट्रेलिया-इंग्लैंड के यह मैच वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप का हिस्सा नहीं होगा, लेकिन यह 2027 सेशन के 12 टेस्ट मैचों में से एक होगा, जिसमें श्रीलंका में 3, न्यूजीलैंड के खिलाफ 3 और भारत में 5 टेस्ट शामिल होंगे। इस साल ऑस्ट्रेलिया की टीम एशेज के लिए इंग्लैंड का दौरा करेगी और फिर साल के अंत में दक्षिण अफ्रीका में होने वाले वनडे वर्ल्ड कप में भाग लेगी। 7 महीने पहले पूर्व सीईओ निक हाकले ने जानकारी दी 7 महीने पहले सितंबर में यह जानकारी क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के पूर्व ब्म् निक हाकले ने दी थी। उन्होंने कहा था, श्मार्च-2027 में एमसीजी में 150वीं एनिवर्सरी टेस्ट विश्व के महान खेल में से एक क्रिकेट के सर्वश्रेष्ठ फार्मेट का उत्सव होगा। हम उस ऐतिहासिक अवसर पर इंग्लैंड की मेजबानी करने का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।श हाकले ने कहा कि हमें लान्ग टर्म मेजबानी का ऐलान करते हुए खुशी हो रही है, जो अगले 7 साल में कुछ शानदार क्रिकेट मैचों के स्थान निश्चित करते हैं। यह शेडड्ूल तय करता है कि देश भर में सही समय पर बेस्ट प्लेस में सर्वश्रेष्ठ क्रिकेट खेला जाएगा। 100 साल पूरा होने पर भी हुआ था मैच, ऑस्ट्रेलिया जीता टेस्ट के 100 साल पूरा होने पर भी इन दोनों टीमों के बीच इसी मैदान पर टेस्ट मैच खेला गया था। 1977 में खेले गए उस मुकाबले को ऑस्ट्रेलिया ने 45 रन से जीता था। 1877 में हुए पहले टेस्ट मैच को भी ऑस्ट्रेलिया ने 45 रन से जीता था। क्रिकेट की सबसे पुरानी सीरीज एशेज भी इन दो देशों के बीच खेली जाती है। सीजन का पहला टेस्ट पर्थ में ही होगा 2030-31 सीजन तक हुए इस समझौते के अनुसार, अगले 7 साल तक बाक्सिंग डे टेस्ट मेलबर्न में होगा। इतना ही नहीं नए साल का टेस्ट सिडनी में ही खेला जाएगा। क्रिसमस से तुरंत पहले का टेस्ट ऐडिलेड, जबकि सीजन का पहला टेस्ट पर्थ में आयोजित होगा, हालांकि पर्थ ने सिर्फ अगले 3 साल के लिए ही करार किया था। इसका मतलब यह भी है कि अगले साल का एशेज पारंपरिक गाबा, ब्रिस्बेन की मैदान की जगह पर्थ में आयोजित होगा। 2032 के ओलिंपिक को देखते हुए गाबा के स्टेडियम में निर्माण कार्य चल रहा है और इस दौरान वहां बहुत कम टेस्ट होंगे।

## टीम इंडिया के चैंपियंस ट्रॉफी जीतने पर स्पेशल कैंसलेशन जारी

**■ स्पेशल कैंसलेशन भारत की खेल उपलब्धियों को सम्मानित करने का एक महत्वपूर्ण कदम**




**मुंबई, वार्ता।** भारतीय डाक विभाग ने भारत के चैंपियंस ट्रॉफी जीतने पर मंगलवार को स्पेशल कैंसलेशन जारी किया है, इसमें भारत का विजयोत्सव लिखा हुआ है। महाराष्ट्र सर्कल के मुख्य डाक महाप्रबंधक अमिताभ सिंह ने कहा कि यह स्पेशल कैंसलेशन भारत की खेल उपलब्धियों को सम्मानित करने का एक महत्वपूर्ण कदम है, जो इस ऐतिहासिक जीत को यादगार बनाया गया है।

2 दिन पहले 9 मार्च को भारतीय टीम ने न्यूजीलैंड को 4 विकेट से हराते हुए चैंपियंस ट्राफी का खिताब जीता था। टीम इंडिया ने 12 साल बाद चैंपियंस ट्राफी अपने नाम की है। टीम ने इस टूर्नामेंट को तीसरी बार जीता है। भारतीय डाक विभाग के महाराष्ट्र सर्कल ने यह कैंसलेशन जारी किया। भारतीय डाक विभाग खास मौकों पर अपने स्पेशल कैंसलेशन जारी करता है। यह डाक टिकट कलेक्टर्स और क्रिकेट प्रेमियों के लिए खास है। कैंसलेशन मुंबई जीपीओ में जनता के लिए उपलब्ध है, जिससे क्रिकेट और डाक प्रेमी इसे एक यादगार संग्रह के रूप में अपना सकते हैं। स्मारक टिकट-खास आयोजन, वर्षगांठ और हस्तियों के सम्मान में जारी किए जाते हैं। निश्चित टिकटरू रोजाना मेलिंग के लिए जारी किए जाते हैं। स्पेशल टिकट: डाक टिकट कलेक्टर्स या चैरिटी के लिए जारी किए जाते हैं।

इंडिविजुअल्स टिकटरू अपनी खुद की छवि या डिजाइन के साथ बनवाए जा सकते हैं। दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में खेले गए फाइनल मुकाबले में न्यूजीलैंड ने टास जीतकर बैटिंग की और 251 रन बनाए। भारतीय टीम ने 252 रन का टारगेट 49 ओवर में 6 विकेट पर हासिल कर लिया। रोहित शर्मा ने 76 रनों की पारी खेली। उन्होंने शुभमन गिल के साथ 105 रन की ओपनिंग साझेदारी की।

# पाक के खिलाफ टी-20 सीरीज में कप्तान बने ब्रेसवेल



**■ ब्रेसवेल नियमित सफेद गेंद कप्तान मिचेल सैंटनर की जगह लेंगे**

**क्राइस्टचर्च, वार्ता।** न्यूजीलैंड ने पाकिस्तान के खिलाफ रविवार से शुरु होने वाली पांच मैचों की टी-20 सीरीज के लिए माइकल ब्रेसवेल को टीम का कप्तान बनाया है। न्यूजीलैंड के चयनकर्ता सैम वेल्स ने कहा कि अगले साल भारत और श्रीलंका में होने वाले आईसीसी टी-20 विश्वकप के लिए न्यूजीलैंड की तैयारियों के मद्देनजर यह श्रृंखला महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि न्यूजीलैंड को आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में पहुंचाने में अहम भूमिका निभाने वाले ब्रेसवेल नियमित सफेद गेंद कप्तान मिचेल सेंटनर की जगह लेंगे। ब्रेसवेल के लिए घरेलू धरती पर न्यूजीलैंड की अगुआई करने का यह पहला मौका है, इससे पहले उन्होंने पाकिस्तान दौरे पर सफेद गेंद टीम की कप्तानी की थी। टीम में ईश सोढ़ी की वापसी हुई है। तेज गेंदबाज काइल जैमीसन और विल ओ'रूर्के पहले तीन मैचों के लिए उपलब्ध रहेंगे। जबकि मैट हेनरी फिटनेस आकलन के बाद अंतिम दो मैचों में खेलेंगे। टीम का कप्तान बनाये जाने पर ब्रेसवेल ने कहा कि अपने देश की कप्तानी करना बहुत सम्मान और सौभाग्य की बात है। मैंने पिछले वर्ष पाकिस्तान में टीम की कप्तानी का लुफ्त उठाया था और इस सीरीज के लिए उनमें से कई खिलाड़ियों की टीम में वापसी बहुत बढ़िया है। मिच सेंटनर ने बेहतरीन काम किया है और मेरा ध्यान उनके अच्छे काम को आगे बढ़ाने पर रहेगा, साथ ही टीम के प्रदर्शन के लिए सकारात्मक माहौल तैयार करना होगा। पाकिस्तान के साथ होने वाली घरेलू टी-20 श्रृंखला के लिए न्यूजीलैंड की टीम इस प्रकार है: माइकल ब्रेसवेल (कप्तान), फिन एलन, मार्क चैपमैन, जैकब डफी, जैक फाउलकेस (मैच 4-5), मिच हे, मैट हेनरी (मैच 4-5), काइल जैमीसन (मैच 1-3), डेरिल मिशेल, जिमी नीशम, विल ओ'रुरके (मैच 1-3), टिम रॉबिन्सन, बेन सियर्स, टिम सीफर्ट, ईश सोढ़ी। पहला टी-20 मैच 16 मार्च रविवार को क्राइस्टचर्च के हेगले ओवल में, दूसरा मैच 18 मार्च मंगलवार को डुनेडिन यूनिवर्सिटी ऑफ ओटागो ओवल में, तीसरा मैच 21 मार्च शुक्रवार को ऑकलैंड ईडन पार्क, चौथा मैच 23 मार्च रविवार को टॉरंगा बे ओवल में तथा पांचवां टी-20 मैच 25 मार्च बुधवार को वेलिंग्टन के स्काई स्टेडियम में खेला जायेगा।

## न्यूजीलैंड ने श्रीलंका के खिलाफ टी-20 सीरीज के लिए पोली, ब्री और फ्लोरा को टीम में शामिल किया




**गेज को एकदिवसीय सीरीज के दौरान तीसरे मैच में चोट लगी थी उनके ठीक होने के समय की समीक्षा की जा रही है**

**वेलिंग्टन, वार्ता।** न्यूजीलैंड की महिला टीम ने श्रीलंका के खिलाफ होने वाली तीन मैचों टी-20 सीरीज के लिए चोटिल इसाबेला गेज, हेले जेनसन और बेला जेम्स के स्थान पर विकेटकीपर बल्लेबाज पोली इंगलिस, बाएं हाथ की तेज गेंदबाज ब्री इलिंग और ऑलराउंडर फ्लोरा डेवोनशायर को टीम में शामिल किया है।

न्यूजीलैंड क्रिकेट कहा कि गेज को एकदिवसीय सीरीज के दौरान तीसरे मैच में चोट लगी थी। हम उनके ठीक होने के समय की समीक्षा की जा रही है। जेन्सन और जेम्स दोनों को एकदिवसीय सीरीज से पहले चोट लग गई थी और वे अभी तक पूरी तरह से फिट नहीं हो पायी हैं। टीम के मुख्य कोच बेन सॉयर ने कहा कि हम सभी इजी, हेले और बेला के लिए दुखी हैं।

यह टीम और खिलाड़ियों के लिए निराशाजनक है। उन्होंने कहा ब्री और पॉली ने अपने एकदिवसीय करियर की शुरुआत बहुत सकारात्मक तरीके से की। मुझे दोनों पर पूरा विश्वास है। वे अगली चुनौती के लिए तैयार हैं। फ्लोरा ने घरेलू स्तर पर ऑलराउंड क्षमता दिखाई है। टी-20 सीरीज का पहला मैच 14 मार्च को क्राइस्टचर्च में होगा। दूसरा मैच 16 मार्च को खेला जाएगा। इसके बाद तीसरा मैच 18 मार्च को डुनेडिन होगा।

### खेल विशेष

## चैंपियंस ट्रॉफी जीतने के बाद सामने आई श्रेयस अय्यर की पीड़ा

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय क्रिकेट टीम के मध्यक्रम के महत्वपूर्ण खिलाड़ी श्रेयस अय्यर ने चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में शानदार प्रदर्शन कर टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई। हालांकि, उन्होंने खुलासा किया कि पिछले साल कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) को तीसरी बार आईपीएल ट्रॉफी दिलाने के बावजूद उन्हें वह पहचान नहीं मिली, जिसकी वह उम्मीद कर रहे थे। इस साल, अय्यर पंजाब किंग्स की कप्तानी करेंगे, जिन्होंने उन्हें 26.75 करोड़ रुपये में खरीदा है। श्रेयस अय्यर ने कहा किमैंने व्यक्तिगत तौर पर महसूस किया कि आईपीएल जीतने के बाद मुझे वह पहचान नहीं मिली, जिसकी मैं उम्मीद कर रहा था। लेकिन अंत में, जब तक आपके अंदर आत्म-सम्मान है और आप सही काम करते रहते हैं, तो यही सबसे ज्यादा मायने रखता है। मैं यही करता रहा। पिछले साल, अय्यर आठवें कप्तान बने, जिन्होंने आईपीएल ट्रॉफी जीती। उन्होंने केकेआर को तीसरी बार चौंपियन बनाया और सनराइजर्स हैदराबाद को फाइनल में हराया। हालांकि, तीन सीजन तक फ्रेंचाइजी का हिस्सा रहने के बाद भी केकेआर ने उन्हें रिलीज कर दिया। इसके बाद, पंजाब किंग्स ने उन्हें 26.75 करोड़ रुपये में खरीदा, जो आईपीएल इतिहास में दूसरी सबसे बड़ी बोली थी। पंजाब किंग्स अय्यर का आईपीएल में तीसरा फ्रेंचाइजी होगा और यह उनकी तीसरी लीडरशिप भूमिका भी होगी। उन्होंने 2015 में दिल्ली कैपिटल्स के साथ आईपीएल की शुरुआत की थी और 2018 में उन्हें कप्तानी मिली। 2020 में, उन्होंने दिल्ली कैपिटल्स को पहली बार आईपीएल फाइनल तक पहुंचाया। श्रेयस अय्यर ने चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में 243 रन बनाए और न्यूजीलैंड के रचिन रविंद्रा के बाद दूसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज रहे। उन्होंने 2024 में एक शानदार साल गुजारा है। वह मुंबई टीम का हिस्सा थे।

# सरकार ने कुश्ती महासंघ पर लगा निलंबन हटाया




**■ घरेलू टूर्नामेंटों के आयोजन और अंतर्राष्ट्रीय टूर्नामेंटों के लिए राष्ट्रीय टीमों के चयन का रास्ता साफ हुआ**

**नई दिल्ली, वार्ता।** केंद्रीय खेल मंत्रालय ने मंगलवार को भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) पर से बैन हटा लिया। जिससे घरेलू टूर्नामेंटों के आयोजन और अंतर्राष्ट्रीय टूर्नामेंटों के लिए राष्ट्रीय टीमों के चयन का रास्ता साफ हो गया है।

अब तक स्पोर्ट्स अथारिटी ऑफ इंडिया और एडहाक कमेटी प्रशासनिक जिम्मेदारियों को संभाल रही थी। मंत्रालय ने साल 2023 में अंडर-15 (न्-15) और अंडर-20 राष्ट्रीय चैंपियनशिप की जल्दबाजी में घोषणा करने के लिए डब्ल्यूएफआई को 24 दिसम्बर को बैन कर दिया था। दरअसल साल 2023 में 21 दिसम्बर को डब्ल्यूएफआई का अध्यक्ष बनने के बाद संजय सिंह ने पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के क्षेत्र में नेशनल जूनियर के नेशनल चैंपियनशिप कराने का ऐलान कर दिया था। जिसके बाद 24 दिसम्बर को खेल मंत्रालय ने डब्ल्यूएफआई को बैन कर दिया। बृजभूषण सिंह के खिलाफ 2023 जनवरी में महिला पहलवानों ने जंतर-मंतर पर दिया था धरना साल 2023 में 16 जनवरी को ओ. लिंपिक मेडलिस्ट साक्षी महिल, विनेश फोगाट सहित कई महिलाओं पहलवानों ने उस समय के डब्ल्यूएफआई अध्यक्ष बृजभूषण सिंह शरण के खिलाफ यौन शोषण के आरोप लगाते हुए जंतर मंतर पर धरना शुरू किया था। उनके समर्थन में ओलिंपिक मेडलिस्ट बजरंग पूनिया भी धरने में शामिल हुए थे। उस समय खेल मंत्रालय के आश्वासन के बाद पहलवानों ने धरना खत्म कर दिया था और फिर से अप्रैल में धरना प्रदर्शन किया था। साल 21 अप्रैल को महिला पहलवानों ने पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण के खिलाफ दी थी शिकायत 21 अप्रैल 2023 को नई दिल्ली, कनाट प्लेस के एसएचओ को संबोधित करते हुए 6 लोगों के नाम के पत्र मिले थे। इन 6 नामों में कुश्ती की कई जानी-मानी खिलाड़ियों के नाम थे। इन सभी शिकायतकर्ताओं ने तब डब्ल्यूएफआई के प्रेसिडेंट बृजभूषण शरण सिंह और उनके सेक्रेटरी विनोद तोमर पर यौन शोषण का आरा.ेप लगाया था। इन शिकायती पत्रों में पिछले करीब 8 से 9 सालों में अलग-अलग मौकों पर यौन शोषण की बात लिखी मिली। इसके अलावा शिकायत करने वाली पहलवानों ने यह भी बताया कि उन्होंने पहले ही युवा और खेल मंत्रालय में शिकायत की है। इसकी जांच के लिए वहां एक ओवरसाइट कमेटी का भी गठन किया गया। मामले में थ्प्त दर्ज करने के लिए सुप्रीम कोर्ट में भी याचिका दाखिल की गई थी। संजय सिंह के जीतने बाद साक्षी मलिक ने लिया था संन्यास और बजरंग पूनिया ने पद्मश्री पुरस्कार लौटा दिया था साल 2023 में 22 दिसम्बर को बजरंग पूनिया ने डब्ल्यूएफआई के चुनाव में बृजभूषण सिंह के समर्थक संजय सिंह के अध्यक्ष का चुनाव जीतने के बाद अपना पद्मश्री पुरस्कार देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के घर के बाहर रख दिया था। वहीं 21 दिसम्बर को साक्षी मलिक ने संजय सिंह के अध्यक्ष बनने के बाद प्रेस कांफ्रेंस में मेज पर जूते रखकर कुश्ती छोड़ने का ऐलान किया था। साल 2023 में 21 दिसम्बर को संजय सिंह के डब्ल्यूएफआई अध्यक्ष बनने के बाद साक्षी मलिक ने संन्यास की घोषणा की थी। संजय सिंह के डब्ल्यूएफआई अध्यक्ष बनने के बाद बजरंग पूनिया ने पद्मश्री अवार्ड प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के घर के बाहर रख दिया था।

## गढ़वाल ने जुबा संघा को हराकर जीता फुटसल लीग खिताब

**● गढ़वाल की जीत का आकर्षण उसके खिलाड़ियों का तालमेल रहा**

**नई दिल्ली, वार्ता।** गढ़वाल यूनाइटेड ने दिल्ली फुटसल महिला लीग के फाइनल मुकाबले में जुबा संघा को 4-1 से हरा कर लगातार दूसरी बार खिताब अपने नाम किया। इंदिरा गाँधी केडी जांधव इंडोर स्टेडियम में खेले गए रोमांचक फाइनल में अनुभवी खिलाडियों से सुसज्जित गढ़वाल के लिए प्लेयर ऑफ द मैच सनफिदा नॉन्गरोम, श्रुति कुमारी, लीडिगी किम और थीमलालजी रूबी ने एक एक गोल किए।

वहीं जुबा संघा की ओर से एकमात्र गोल निधि ने किया। गढ़वाल की जीत का आकर्षण उसके खिलाड़ियों का तालमेल और सूझबूझ रही तो युवा संघा के खेल में अनुभव की कमी दिखी जिसके कारण उसने हार का सामना करना पड़ा। गढ़वाल की सनफिदा को प्लेयर ऑफ द लीग, फैंग्रेसी रीवान को टॉप स्कोरर और ईमी की एलिश को श्रेष्ठ गोल कीपर का सम्मान मिला। इस अवसर पर डीएसए अध्यक्ष अनुज गुप्ता ने खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया।



## शापोवालोव को हराकर अल्काराज इंडियन वेल्स के चौथे दौर में

कैलिफोर्निया, वार्ता। स्पेन के स्टार टेनिस खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज ने मंगलवार को कनाडा के डेनिस शापोवालोव को हराकर इंडियन वेल्स ओपन के चौथे दौर में जगह बना ली है। यहां 38 मिनट तक चले मुकाबले में अल्काराज ने कनाडाई खिलाड़ी को 6-2, 6-4 से मात दी। यह अल्काराज की लगातार 14वीं जीत है। बुधवार को अल्काराज का सामना नंबर 14 सीड ग्रिगोर दिमित्रोव और गेल मोनफिल्स के होने वाले मैच के विजेता से होगा।

# केएल राहुल ने ठुकराया कप्तानी का ऑफर

**■ दिल्ली कैपिटल्स फ्रेंचाइजी ने राहुल के सामने कप्तानी करने का प्रस्ताव रखा था, इन्कार कर दिया**

**मुंबई, वार्ता।** चैंपियंस ट्रॉफी से लौटते ही केएल राहुल ने कप्तानी को लेकर एक बड़ा फैसला किया है। राहुल का ये फैसला आईपीएल कप्तानी से जुड़ा है।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक राहुल ने आईपीएल 2025 में दिल्ली कैपिटल्स के लिए कप्तानी करने का ऑफर ठुकरा दिया है। रिपोर्ट में कहा गया कि दिल्ली कैपिटल्स फ्रेंचाइजी ने राहुल के सामने कप्तानी करने का प्रस्ताव रखा था, जिसे मानने से उन्होंने इन्कार कर दिया। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक केएल राहुल ने कप्तानी का प्रस्ताव ठुकराते हुए कहा कि वो ज्यादा से ज्यादा बतौर खिलाड़ी टीम के लिए अपना योगदान देना चाहते हैं। केएल राहुल के कप्तानी से इन्कार करने के बाद अब ऐसे कयास लग रहे हैं कि अक्षर पटेल दिल्ली फ्रेंचाइजी की कमान संभाल सकते हैं।

क्योंकि, कप्तानी को लेकर असली जद्दोजहद इन्हीं दो नामों के बीच थी। दिल्ली कैपिटल्स ने केएल राहुल को आईपीएल 2025 के मेगा आक्शन में 14 करोड़ रुपये की बोली लगाकर खरीदा था। चूंकि राहुल के पास आईपीएल में पहले कप्तानी करने का अनुभव रहा है। 2020-21 में वो पंजाब किंग्स और 2022 से 2024 तक वो लखनऊ सुपर जायंट्स के कप्तान रहे थे। ऐसे में जब वो दिल्ली से जुड़े तो कप्तानी की रेस में उनका नाम सबसे आगे चला, लेकिन, अब जैसा कि मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा है कि वो सिर्फ बतौर खिलाड़ी ही खेलना चाहते हैं, राहुल का ये फैसला भी दिल्ली के लिए काम कर सकता है। आईपीएल में राहुल सबसे कंसिस्टेंट परफार्मेन्स करने वाले खिलाड़ियों में एक रहे हैं। उन्होंने 2018 से 2024 तक खेले आईपीएल के 7 सीजंस में से 6 में 500 या उससे ज्यादा रन बनाए हैं।

## आईपीएल में 27 करोड़ कमाने वाले पंत ने क्यों कहा: टीम युवा क्रिकेटर देश का प्रतिनिधित्व करने पर ध्यान दें:ऋषभ पंत

**मुंबई, वार्ता।** भारतीय क्रिकेट टीम के युवा विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत का मानना है कि आईपीएल का आकर्षण होना लाजमी है, लेकिन युवा क्रिकेटरों को देश का प्रतिनिधित्व करने पर ध्यान देना चाहिए। उनका कहना है कि अगर आपका लक्ष्य भारत के लिए खेलना है, तो बाकी चीजें अपने आप ठीक हो जाएंगी। पंत ने जिओ हाटस्टार को दिए एक इंटरव्यू में कहा, 'बचपन से मेरा सपना सिर्फ भारत के लिए खेलना था। मैंने कभी आईपीएल के बारे में नहीं सोचा। हां, आईपीएल एक बड़ा मंच है, लेकिन अगर आपका लक्ष्य देश के लिए खेलना है, तो सब कुछ अपने आप हो जाता है।' 27 साल के ऋषभ पंत ने 2017 में अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में डेब्यू किया था। वह चैंपियंस ट्रॉफी जीतने वाली भारतीय टीम का हिस्सा भी रहे, हालांकि उन्होंने एक भी मैच नहीं खेला। उन्होंने कहा, 'मैं हमेशा सोचता था कि मुझे भारत के लिए खेलना है। ईश्वर की ख्रपा से मुझे 18 साल की उम्र में ये मौका मिला और मैं इसके लिए आभारी हूं।' पंत को उनकी आक्रामक बल्लेबाजी और एक हाथ से छक्का मारने के लिए जाना जाता है। अक्सर उनका बल्ला हाथ से छूट जाता है।

# सम्पादकीय

बुधवार, 12 मार्च 2025

## टैरिफ पर सफाई

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प जबसे सत्ता में आए है। तभी से वह अपने बयानों को लेकर चर्चाओं में बने हुए है। हालांकि बातें व वही कर रहे है जिसके बारे में वह 20 जनवरी को शपथ लेने से पूर्व कहते रहे है। कभी वह रूस–यूक्रेन युद्ध को रुकवाने की बात कहते है। तो कभी गाजा को लेकर विवादस्पद बयान देते है। वैसे वह टैरिफ लगाने के मामले को लेकर अधिक चर्चा बटौर रहे है। विचित्र बात यह है कि इस मामले में वह दोस्त और दुश्मन में कोई भेद नहीं कर रहे है। जिसके चलते उनकी कई मित्र देशों से दूरियां भी बढ़ी है। जिसमें कनाडा, मेक्सिको, भारत जैसे देश शामिल है। यह देखना भी बेहद अजीब लगता है कि वह भारत को अपने बयानों में अधिक निशाने पर रख रहे है। ट्रम्प कई बार कह चुके है कि भारत वह देश है जो अमेरिकी उत्पादों पर सबसे अधिक ट्रैरिफ लगाता है। बदले में उन्होंने भारतीय उत्पादों पर भी जैसे को तैसा के अंदाज में ट्रैरिफ लगाने की बात कही है। बीते शुक्रवार को भी ट्रम्प ने अपने बयान में कहा था कि भारत हमसे बहुत ज्यादा ट्रैरिफ वसूलता है। उनका कहना था अमेरिकी भारत में कुछ भी नहीं बेच सकते हालांकि उन्होंने यह भी कहा था कि भारत अब अपने ट्रैरिफ में बहुत कटौती करना चाहता है। क्योंकि हम उनके किए की पोल खोल रहे है। उन्होंने यह भी चेताया कि हमारे देश को हर किसी ने लूटा है। जबसे ट्रम्प का यह बयान आया भारतीय राजनीति में एक हलचल सी मच गई है। जो कि स्वभाविक भी है। देश की सबसे बड़ी विपक्षी पार्टी कांग्रेस ने कह भी दिया कि आखिर ट्रम्प किस की पोल खोलने की धमकी दे रहे है। यह साफ होना चाहिए। अब तक इस पूरे मुद्दे पर मोदी सरकार की प्रतिक्रिया देखने में नहीं आई है, लेकिन एकाएक मंगलवार को भारतीय कॉमर्स सेक्रेटरी सुनील बर्थवाल ने संसदीय पैनल को यह बताकर कि भारत ने अमेरिका के साथ ट्रैरिफ में कटौती को लेकर कोई आश्वासन नहीं दिया है और साथ ही कहा कि भारत और अमेरिका के बीच बातचीत अभी जारी है। बर्थवाल ने यहा तक कहा कि अमेरिका राष्ट्रपति के दावो और मीडिया रिपोर्टों पर भरोसा नहीं किया जा सकता। बर्थवाल का यह भी कहना था कि भारत व्यापार विस्तार का समर्थन करता है लेकिन ट्रैरिफ वार से किसी को फायदा नहीं है और इससे मंदी आ सकती है। भारत ने यह भी स्पष्ट कर दिया है कि अंधाधूंध तरीके से ट्रैरिफ कम नहीं करेगा। ट्रम्प को समझना होगा कि जिस तरह उन्हे अपने देश के राष्ट्रीय हित प्यारे है दूसरे लोगों को भी अपना हित देखना सर्वोपरी होता है। एक–दूसरे की समस्याओं को समझते हुए आगे बढ़ना सही रास्ता होता है। अगर कोई भी देश केवल अपने हित के बारे में सोचेगा तो इससे व्यापार व अन्य बातों की समझ में आगे बढ़ने में कठिनाई पैदा होगी। भारत ने अमेरिका को यही बात समझाने की कोशिश की है।

### होली और रमजान की आड़ में राजनीति ठीक नहीं



होली और रमजान की आड़ में किसी भी मुद्दे को लेकर राजनीति करना ठीक नहीं है और सरकार को सभी धर्मो के अनुयायियों के मान सम्मान का ध्यान रखना चाहिए, जैसा कि विदित है कि इस समय रमजान चल रहे हैं और इसी बीच जल्दी होली का भी त्योहार आ रहा है, जिसे मद्देनजर रखते हुए यूपी सहित पूरे देश में सभी राज्य सरकारों को इसे आपसी भाईचारे में तब्दील करना चाहिए, यह सभी के हित में होगा, इसकी आड़ में किसी भी मुद्दे को लेकर कोई भी राजनीति करना ठीक नहीं, सम्भल की तरह अधिकारियों का गलत इस्तेमाल करना ठीक नहीं तथा इनको कानून व्यवस्था पर विशेष ध्यान देना चाहिए।

**सुश्री मायावती**
**अध्यक्ष, बहुजन समाज पार्टी**

## स्वास्थ्य का सबसे बड़ा दुश्मन है धूम्रपान



अतुल गोयल

प्रतिवर्ष मार्च महीने के दूसरे बुधवार को धूम्रपान के आदी मित्रों और परिजनों को धूम्रपान छोड़ने के लिए मदद पाने को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से 'नो स्मोकिंग डे' मनाया जाता है, जो इस वर्ष 12 मार्च को मनाया जा रहा है। यह दिवस हर साल एक विशेष थीम के साथ मनाया जाता है। वर्ष 2025 के 'नो स्मोकिंग डे' की थीम है 'इस नो स्मोकिंग डे पर अपनी जिंदगी वापस लें'। पहली बार यह दिवस 1984 में आयरलैंड गणराज्य में मनाया गया था। यह गहन चिंतन का विषय है कि पिछले कई दशकों में दुनियाभर में हुए अनेक अध्ययनों में यह प्रमाणित हो चुका है कि धूम्रपान हर दृष्टि से सेहत के लिए हानिकारक है लेकिन जब तमाम जानकारियों और तथ्यों के बावजूद हम अपने आसपास बच्चों को भी धूम्रपान करते देखते हैं तो स्थिति बेहद चिंताजनक प्रतीत होती है। ऐसे बच्चों के मनोमस्तिष्क में धूम्रपान को लेकर कुछ गलत धारणाएं विद्यमान होती हैं, जैसे धूम्रपान से उनके शरीर में चुस्ती–फुर्ती आती है, उनका मानसिक तनाव कम होता है, मन शांत रहता है, व्यक्तित्व आकर्षक बनता है, कब्ज की शिकायत दूर होती है आदि–आदि। चूंकि बच्चों का मन कोमल होता है, इसीलिए तमाम वैज्ञानिक शोधों के बावजूद वे यह समझने की स्थिति में नहीं होते कि धूम्रपान करने से उनके अंदर ऐसी कोई ताकत पैदा नहीं होने वाली कि देखते ही देखते वो किसी ऊंचे पर्वत पर छलांग लगा सकें या महाबली पवनपुत्र हनुमान की भांति विशाल समुद्र लांघ जाएं। वास्तविकता यही है कि धूम्रपान एक ऐसा धीमा जहर है, जो धीमे–धीमे इसका सेवन करने वाले व्यक्ति का दम घोंटता है और बच्चों पर तो इसका प्रभाव बहुत घातक होता है। धूम्रपान शरीर में कई प्रकार की प्राणघातक बीमारियों को जन्म देता है और ऐसे व्यक्ति को धीमी गति से मृत्यु शैया तक पहुंचा देने का माध्यम बनता है।

दुनियाभर में धूम्रपान के कारण हर साल 70 लाख से भी ज्यादा मौतें हो रही हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक दुनियाभर में होने वाली मौतों में से हर 5 में से 1 पुरूष की मौत धूम्रपान के कारण हो रही है। वरिष्ठ पत्रकार योगेश कुमार गोयल की पुस्तक 'मौत को खुला निमंत्रण' में विस्तार से बताया गया है कि सिगरेट के धुएं में पोलिनियम 210, कार्बन मोनोक्साइड, कार्बन डाइआक्साइड, निकल, पाईरीडिन, बेंजीपाइरीन, नाइट्रोजन आइसोप्रेनावाइड, अम्ल, क्षार, निकोटीन, टार, जिंक, हाइड्रोजन साइनाइड, कैडमियम, ग्लायकोलिक एसिड, सक्सीनिक एसिड, एसीटिक एसिड, फार्मिक एसिड, मिथाइल क्लोराइड इत्यादि चार हजार से भी ज्यादा घातक रासायनिक तत्व विद्यमान होते हैं, जो मानव शरीर को विभिन्न प्रकार से नुकसान पहुंचाते हैं। गर्भवती महिलाओं द्वारा धूम्रपान किए जाने से कम लम्बाई और कम वजन के बच्चों का जन्म, बच्चों में अपंगता तथा बाल्यावस्था में ही घातक हृदय रोग जैसी बीमारियों का खतरा काफी बढ़ जाता है। प्रतिदिन बीस सिगरेट तक पीने वाली गर्भवती महिला के बच्चे की मृत्यु होने की संभावना सामान्य के मुकाबले बीस फीसदी बढ़ जाती है जबकि बीस से अधिक सिगरेट पीने पर यह खतरा पैंतीस फीसदी तक हो जाता है। अमेरिकन हार्ट एसोसिएशन के मुताबिक किसी दूसरे के धूम्रपान के धुएं के प्रभाव से दिल के दौरे से होने वाली मौतों की आशंका तीस फीसदी बढ़ जाती है। विभिन्न सर्वेक्षणों के अनुसार माना गया है कि विकसित देशों में चालीस फीसदी से ज्यादा पुरूष और इक्कीस फीसदी से ज्यादा स्त्रियां धूम्रपान करती हैं जबकि विकासशील देशों में सिर्फ आठ फीसदी स्त्रियों को इसकी लत लगी है तथा पुरुषों की संख्या पचास फीसदी से अधिक है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार तम्बाकू के सेवन के कारण प्रतिदिन करीब आठ हजार व्यक्ति फेफड़ों के कैंसर के शिकार होकर मर जाते हैं। संगठन का अनुमान है कि यदि दुनियाभर में धूम्रपान की लत ऐसे ही बढ़ती रही तो बहुत जल्द धूम्रपान के कारण पचास करोड़ लोग मारे जा चुके होंगे और अगले तीस वर्षों में केवल गरीब देशों में ही धूम्रपान से मरने वालों की संख्या दस लाख से बढ़कर सत्तर लाख तक पहुंच जाएगी।

संगठन का अनुमान है कि प्रतिवर्ष विश्वभर में आठ हजार से ज्यादा नवजात शिशु धूम्रपान की वजह से असमय काल के ग्रास बन जाते हैं। आंकड़ों से पता चलता है कि सभी प्रकार के कैंसर में से करीब 40 फीसदी का कारण धूम्रपान ही होता है। धूम्रपान वास्तव में एक ऐसा धीमा जहर है, जो हमारे शरीर में धीरे–धीरे प्राणघातक रोगों को जन्म देता है और व्यक्ति को धीमी गति से मृत्यु शैया पर पहुंचा देता है। धूम्रपान कितना खतरनाक है, इसका अनुमान इसी से लगाया जा सकता है कि सिगरेटों के खतरनाक धुएं से करीब 50 टन तांबा, 15 टन शीशा, 11 टन कैडमियम तथा कई अन्य खतरनाक रसायन वातावरण में घुलते हैं। डब्ल्यूएचओ का कहना है कि कैंसर, हृदय रोग, सांस की बीमारी, डायबिटीज इत्यादि बीमारियों में भी धूम्रपान काफी खतरनाक हो सकता है, इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को धूम्रपान से बचना चाहिए।

विश्व स्वास्थ्य संगठन का धूम्रपान छोड़ने के फायदों के बारे में कहना है कि धूम्रपान छोड़ने के सिर्फ बीस मिनट के अंदर उच्च रक्तचाप में गिरावट आती है तथा बारह घंटे के बाद रक्त में कार्बन मोनोक्साइड के विषैले कणों का स्तर सामान्य हो जाता है। दो से बारह सप्ताह में फेफड़ों की कार्यक्षमता में तेजी से वृद्धि होती है तथा एक से नौ माह में खांसी तथा श्वसन संबंधी समस्याएं कम हो जाती हैं। डब्ल्यूएचओ के मुताबिक मनुष्य के फेफड़ों में जादुई क्षमता होती है, जो धूम्रपान से होने वाले कुछ नुकसान को स्वयं ठीक कर देती है और जो व्यक्ति धूम्रपान छोड़ देते हैं, उनकी चालीस फीसदी कोशिकाएं ऐसे लोगों की तरह ही हो जाती हैं, जिन्होंने कभी धूम्रपान नहीं किया।



### धूम्रपान से संबंधित कुछ महत्वपूर्ण बिंदू

**धूम्रपान के नुकसान...**

1. फेफड़ों का कैंसर:-
2. हृदय रोग:-
3. सांस की समस्याएं:-
4. दांतों और मसूड़ों की समस्याएं
5. गर्भावस्था में समस्याएं

**धूम्रपान छोड़ने के फायदे...**

1. स्वास्थ्य में सुधार:-
2. जीवनकाल में वृद्धि:-
3. आर्थिक बचत:-
4. परिवार और दोस्तों के लिए बेहतर वातावरण

**धूम्रपान छोड़ने के तरीके...**

1. निकोटिन रिप्लेसमेंट थेरेपी:-
2. काउंसलिंग:-
3. समर्थन समूह:-
4. धूम्रपान विरोधी दवाएं:-

## अनौपचारिक स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं की भूमिका

दक्षिण–पश्चिमी दिल्ली की एक झुग्गी बस्ती में नाई की दुकान और किराने की दुकान के बीच स्थित डॉ. 'आर' के बहुत ही छोटे से दवाखाने में मैंने कुछ दिलचस्प देखा। मैंने देखा कि डॉ. 'आर' बड़ी कुशलता से एक अधेड़ व्यक्ति की सलाइन बदल रहे हैं। उस मरीज़ की पत्नी पास में बैठी थी और थकी–थकी सी लग रही थी। उसने कहा कि कल तो ठीक थे, आज अचानक बेहोश हो गए तो मैं इन्हें यहां ले आई।

डॉ. 'आर' ने 12 साल पहले इस बस्ती में अपनी प्रैक्टिस शुरू की थी। इससे पहले वे सफदरजंग अस्पताल में डॉक्टर के सहायक के रूप में काम करते थे। उनके पास कोई औपचारिक चिकित्सकीय प्रशिक्षण या डिग्री नहीं है लेकिन उनके मरीज़ों को इससे कोई आपत्ति नहीं है। डॉ. 'आर' कहते हैं, दिल्ली में उनके जैसे लाखों डॉक्टर हैं और यदि ये सभी अपनी प्रैक्टिस बंद कर दें तो अस्पतालों में भीड़ लग जाए।

डॉ. 'आर' जैसे अनौपचारिक स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं की संख्या दिल्ली के गरीब इलाकों में काफी अधिक है। ये आम तौर पर किसी प्रशिक्षित डॉक्टर के सहायक, फार्मासिस्ट/कंपाउंडर या स्वास्थ्य सुविधाओं में गैर–चिकित्सकीय कर्मचारी के रूप में शुरुआत करते हैं, और कुछ वर्षों के अनुभव के बाद स्वतंत्र रूप से अपनी प्रैक्टिस शुरू कर देते हैं।

**स्रोत फीचर्स**

अक्सर एलोपैथी में काम करने वाले ये अनौपचारिक स्वास्थ्य सेवा प्रदाता (आईएचपीएस) किसी एक चिकित्सा प)ति के प्रति वफादार नहीं होते। समुदाय में बसे ये आईएसपी (प्राय: पुरुष) बीमार या घायल लोगों द्वारा इलाज की तलाश में पहला संपर्क बिंदु होते हैं। एक तरह से ये उनके 'फैमिली डॉक्टरश की तरह होते हैं।

ग्रामीण भारत पर ध्यान दें तो, आईएसपीएस के पक्ष और विपक्ष दोनों तरफ यह तर्क दिया जाता है कि वे स्वास्थ्य प्रणाली में 'रिक्त स्थानों' को भरते हैं। हालांकि, औपचारिक स्वास्थ्य प्रणालियों तक गरीबों की पहुंच में रुकावट डालने वाले कारण, जैसे सरक. ारी अस्पतालों में भेदभावपूर्ण व्यवहार या औपचारिक सुविधाओं की कमी, महत्वपूर्ण हैं लेकिन यह जानना भी आवश्यक है कि किन अन्य कारणों से लोग आईएचपीएच की सेवाएं लेते हैं।

दिल्ली जैसे शहरों पर गौर करके यह समझने में मदद मिल सकती है, जहां कागज़ों पर 'पर्याप्त' सरकारी और निजी स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध हैं। आखिर, आईएसपीएस वास्तव में क्या उपलब्ध कराते हैं? इस लेख में आईएसपीएस की भूमिका और भारत में 'फैमिली डॉक्टर' के महत्व का विश्लेषण किया गया है। साथ ही, दवाखानों में प्राथमिक स्वास्थ्य सेवा की जटिलताओं पर सवाल उठाए गए हैं, जो आईएसपीएस के संदर्भ से परे होते हुए भी प्रासंगिक हैं।

फैमिली डॉक्टर जो अक्सर जनरल प्रैक्टिशनर के पर्याय होते हैं, लेकिन हमेशा नहीं प्राथमिक स्वास्थ्य प्रदाता होते हैं जो परिवारों में विभिन्न उम्र के लोगों की विभिन्न बीमारियों का इलाज करते हैं। अपने सर्वश्रेष्ठ रूप में, फैमिली डॉक्टर एक 'दोहरी ख्रष्टि' रखते हैं। एक ओर तो वे मरीज़ को एक शरीर या मन के रूप में देखते हैं जिसे चिकित्सकीय सहायता की आवश्यकता है और साथ ही उसे एक संपूर्ण इंसान के रूप में देखते हैं, जो अन्य लोगों के साथ जटिल सम्बंधों में उलझा है। दृष्टिकोण का यह दोहरापन और मरीज़ों तथा उनके परिवारों के साथ उनकी नज़दीकी, उन्हें 'व्यक्तिगत स्वास्थ्य सेवा' प्रदान करने के सक्षम बनाती है।

यह सरकारी और निजी क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं के बढ़ते व्यावसायीकरण के चलते डॉक्टरों से मिलने वाली नौकरशाही नुमा और बेरुखी से भरी सेवा के विपरीत है। फैमिली डॉक्टर लंबे समय तक मरीज़ों और उनके परिवारों को देखकर यह समझ सकते हैं कि अचानक होने वाली बीमारियां कैसे जीर्ण बीमा. रियां बन सकती हैं, और जीर्ण बीमारियों के कैसे अचानक गंभीर लक्षण उभर सकते हैं। वे मरीज़ों की विशेषताओं और व्यक्तिगत ज़रूरतों के अनुसार अपने निदान और उपचार में बदलाव करते हैं, जिसकी सफलता का स्तर अलग–अलग होता है।

समय के साथ, परिवार उनकी सलाह पर भरोसा करने लगते हैं और छोटी–बड़ी हर प्रकार की स्वास्थ्य चिंताओं पर उनकी राय लेते हैं। इस तरह, वे भरोसेमंद बन जाते हैं और मानसिक, शारीरिक और आध्यात्मिक राहत का एहसास कराते हैं।

निश्चित रूप से, भारत के दवाखानों और अस्पतालों में, खासकर हाशिए पर रहने वाले समूहों को ऐसी स्वास्थ्य सेवा मिलना दुर्लभ है। लेकिन, मुझे लगता है, आईएचपीएस इन आदर्शों को कुछ हद तक साकार करते हैं। ऐसा अक्सर वे सोच–समझकर नहीं करते, बल्कि यह उनके काम के ढांचे और स्थितियों से स्वाभाविक रूप से उभरता है। उदाहरण के लिए, उनके दवाखाने के भौतिक वातावरण पर गौर कीजिए। डॉ. 'आर' के दवाखाने की तरह, आम तौर पर ये दवाखाने घनी बस्तियों में आवासीय और व्यावसायिक क्षेत्रों के बीच एक छोटे कमरे में चलते हैं, जहां कोई बड़ा साइनबोर्ड भी नहीं होता। अंदर ज़रा–सी जगह में एक मेज़, कुछ कुर्सियां, दवाइयों से भरी अलमारी, एक बिस्तर, मरीज़ और डॉक्टर, ये सब जगह के लिए होड़ करते नज़र आते हैं। इन दवाखानों के खुलने पर मरीज़ बिना किसी अपॉइंटमेंट या बिना किसी नौकरशाही के हस्तक्षेप के आ–जा सकते हैं। मोहल्ला क्लीनिक (जो आम तौर पर दोपहर 2 बजे तक बंद हो जाते हैं) और अन्य सरकारी डिस्पेंसरी की तुलना में ये देर तक खुले रहते हैं।



## सद्भावना की मानव समाज में उपादेयता



डॉ. चन्द्रप्रकाश शर्मा

> आत्मज्ञान से लाखों लोगों का जीवन परिवर्तित हुआ है, आत्मज्ञान के लिए गरु ध्यान, साधना और सत्संग की नितांत आवश्यकता है

आज मानवता कराह रही है। समाज में चहुंओर ईर्ष्या, घृणा, द्वेष, अनाचार, भ्रष्टाचार, व्यभिचार, रिश्ते–नातों की टूटती दीवार, नारी–अस्मिता पर प्रहार, ऊंच–नीच की भावना,जाति विद्वेष, साम्प्रदायिकता व लड़ाई–झगड़े आदि बुराईयां तीव्र गति से बढ़ती दृष्टिगोचर हो रहीं हैं। प्रश्न उठता है कि इसका समाधान क्या है? विचारा. ेपरांत इसका एक ही उत्तर मिलता है–सद्भावना। सामान्यत: सद्भावना से तात्पर्य–मैत्रीपूर्ण स्वभाव (भाईचारे), दयालुता, परोपकार, ईमानदारी, विश्वसनीयता, सत्यवादिता माना जाता है जबकि सद्भावना सत्+भावना दो शब्दों से मिलकर बना है जिसका अर्थ है सत्य की भावना अर्थात सत्य को जानकर जो भावनाओं का प्रकटीकरण होता है, वह सद्भावना है जो सामान्य जन समझते है वे सत्य के गुण प्रभाव है। जब व्यक्ति सत्य को जान लेता है तो उसमें स्वतरू इन गुणों का प्रादुर्भाव होता है।

आदिगुरु शंकराचार्य का मत है–ब्रह्म सत्यं अर्थात ब्रह्म ही सत्य है और सत्य ही ब्रह्म है, ब्रह्म को जानने के बाद और कुछ जानना शेष नहीं रहता। यह श्लोक वेदांत से लिया गया है और अद्वैत दर्शन का मूलाधार है। छान्दोग्योपनिषद् में कहा गया है–सर्वं खल्विदं ब्रह्म अर्थात सम्पूर्ण चराचर जगत ब्रह्म का ही प्रसार है। उपनिषद का यह महावाक्य निराकार ब्रह्म की सर्वव्यापकता का उद्घोष करता है। वह ब्रह्म सर्व व्यापक होने के साथ सबसे अधिक नजदीक हमारे अंदर है इसलिए संतों ने कहा कि ज्यों तिल माहि तेल है, ज्यों चकमक में आग। तेरा सांई तूझमें, जाग सके तो जाग अर्थात वह परमपिता परमात्मा प्रत्येक मानव के हृदयस्थ है। बृहदारण्यक उपनिषद में ऋषियों ने उद्घोष किया कि अहं ब्रह्मामि अर्थात मैं ब्रह्म हूं क्योंकि ब्रह्म ही शांति, आनन्द और गुणों की खान है और आत्मा ही ब्रह्म है जिसे मण्डूक्य उपनिषद में–अयं आत्मा ब्रह्म कहकर सम्बोधित किया गया है और वेदांत का कथन हैं कि आत्मानं विद्धि आत्मानं उपास्य अर्थात अपनी आत्मा को जानो, अपनी आत्मा की उपासना करो। जबकि रामचरितमानस कहती है कि ईश्वर अंश जीव अविनाशी, चेतन अमल सहज सुख राशि अर्थात आत्मा ईश्वर का अंश है जो चेतन्य, अवगुणों से रहित, स्वाभाविक रूप से सुखों की खान है। आत्मा का अर्थ है–अ माने नहीं, तम माने अंधकार अर्थात जहां प्रकाश ही प्रकाश है किन्तु इसके लिए आत्मा को जानना अर्थात आत्मज्ञान जरुरी है। आत्मज्ञान में व्यक्ति के परिवर्तन की क्षमता है। आत्मज्ञान को जानकर रत्नाकर डाकू–महर्षि वाल्मीकि, आम्रपाली वेश्या– बौद्ध भिक्षुणी और अंगुलीमाल– बौद्ध भिक्षु बन गए।

आत्मज्ञान से लाखों लोगों का जीवन परिवर्तित हुआ है। आत्मज्ञान के लिए गुरु, ध्यान, साधना और सत्संग की नितांत आवश्यकता है। आत्मज्ञान हेतु गुरु की महत्ता को प्रतिपादित करते हुए गीता में कहा गया है–तद्विद्धि प्रणिपातेन परिप्रश्नेन सेवया। उपदेक्ष्यन्ति ते ज्ञानं ज्ञानिनस्तत्वदर्शिन रूअर्थात तत्वदर्शी ज्ञानी से आत्मज्ञान का उपदेश लेना चाहिए। तत्वदर्शी ज्ञानी का जाति, धर्म, पद, प्रतिष्ठा से मूल्यांकन नहीं किया जा सकता क्योंकि शुकदेव मुनि ने राजा जनक, मीराबाई ने संत रविदास,कबीर दास ने रामानंद से ज्ञान प्राप्त किया। आत्मज्ञान का ध्यान से अटूट सम्बन्ध है इसलिए कहा गया है–जिमि दूध के मथन से निकसत है घी जतन से।तिमि ध्यान की लगन से, परब्रह्म ले निहारा। कहने का तात्पर्य है कि यदि हम परब्रह्म परमात्मा की अनुभूति करना चाहते हैं तो हमें ध्यान करना होगा क्योंकि कहा गया है–शेष महेश गनेश दिनेश सुरेसहु जाहि निरंतर ध्यावै अर्थात सतत् ध्यान के कारण ही शंकर में संहार, विष्णु में पालन और ब्रह्मा में सृजन के साथ अन्य देवी–देवताओं से विभिन्न दिव्य गुणों की शक्तियां समाहित हैं। ध्यान हेतु साधना जरुरी है। साधना का अर्थ है ध्यान हेतु तन और मन को साधना इसलिए अष्टांग योग में प्रारम्भ के पंच अंग– यम, नियम, आसन, प्राणायाम, प्रत्याहार की व्यवस्था की गई है जिसका ध्यान हेतु हमें पालन करना चाहिए। आत्मज्ञान हेतु सबसे अधिक महत्वपूर्ण है–सत्संग। सत्संग सत् और संग दो शब्दों से मिलकर बना है अर्थात सत्य या हृदय स्थित ईश्वर को जानकर उसका संग करना ही वास्तविक सत्संग है किन्तु इस सत्संग हेतु ज्ञानी साधुओं के पास बैठकर ज्ञानचर्चा सुनना या करना, सद साहित्य–वेद, उपनिषद, गीता, रामचरितमानस व संतों की वाणी का स्वाध्याय या वाचन करना भी सत्संग है। मानव समाज में सद्भावना के प्रचार–प्रसार हेतु सत्य को जानना नितांत आवश्यक है क्योंकि सत्य को जानने से आंतरिक परिवर्तन होता है और व्यक्ति में स्वतरूप्रेम, ईमानदारी, सत्यवादिता,दयालुता, परोपकार, समानता और भाईचारे की भावनाएं उद्भूत होती है और पावनता का उत्दृष्ट भाव जाग्रत होने के कारण नारी सम्मनीया और आदरणीया हो जाती है।



## बार-बार कब्ज होना कहीं बवासीर का खतरा तो नहीं...!

आमतौर पर कब्ज की समस्या काफी परेशानी देती है। कब्ज एक ऐसी समस्या है, जो नियमित रुप से पेट साफ नहीं होता है। जिस वजह से पेट में दर्द, भारीपन जैसे लक्षण दिखते हैं। बार–बार कब्ज की पेरशानी होने से बवासीर का खतरा बन जाता है। इन सभी खतरों को पूरा करने के लिए इन 6 फलों का सेवन जरूर करें।

क्या आपका पेट हफ्ते में 2–3 बार ही साफ हो पाता है, तो इस समस्या को भूलकर भी इग्नोर न करें। यह चेतावनी कब्ज की हो सकती है जोकि आगे चलकर खरनाक समस्या बन सकती है। डॉक्टर के मुताबिक, बवासीर, खूनी बवासीर और फिर फिशर का खतरा बढ़ जाता है। अगर आप भी इस समस्या से परेशान रहते हैं, तो आप कब्ज से राहत पाने के लिए इन 6 फलों का सेवन कर सकते हैं।


### कीवी का सेवन करें...

एक्सपर्ट सलाह देते हैं कि डेंगू के इलाज में कीवी का सेवन करना चाहिए। कीवी खाने से इम्यूनिटी बढ़ाती है और इंफेक्शन में राहत मिलती है। इस फल को खाने से डायजेशन तेजी से होता हैं क्योंकि इसमें फल के अंदर एक्टीनिडीन होता है।

### नाशपती...

नाशपती फल के अंदर सोर्बिटोल होता है। यह एक शुगर एल्कोहॉल होता है, जो लैक्सेटिव की तरह काम करता है। इसके अत्याधिक सेवन करने से ब्लोटिंग, डायरिया हो सकता है, क्योंकि इसके अंदर हाई फूडमैप केमिकल होता है।

### डाइट में फलों का सेवन करे शुरू



### सेब...

सेब खाने से बीमारी दूर होती है इसके साथ यह कब्ज भी दूर करता है। सेब में सबसे अधिक फाइबर मात्रा अधिक होती है। जो मल को आसानी से त्यागने में मदद करता है।

### पपीता...

पपीता का सेवन करने से पेट संबंधित समस्याएं दूर होती है। यह कब्ज की समस्या को दूर करता है और पेट को साफ करने में मदद करता है। पपीता में डायजेस्टिव एंजाइम होते हैं, जो इस काम के लिए जिम्मेदार हैं।

### प्रून्स और बेरीज...

ये दोनों ही फल कब्ज के लिए रामबाण है। प्रून्स में फाइबर से भरा होने के साथ ही मल निकासी को आसान बनाने के लिए काफी बढ़िया तरीका है। वहीं, बेरीज अंदर काफी एंटीऑक्सीडेंट पाई जाती है।

# बलूच आर्मी ने पाकिस्तान में हाईजैक की पैसेंजर ट्रेन



## 30 सैनिक आतंकवादियों और सेना के बीच मुठभेड़ में मारे गए

## 214 लोग बनाए बंधक, ट्रेन में 140 सैनिक भी थे सवार

**धमकीः अगर पाक सेना कार्रवाई करेगी, तो सभी 214 बंधकों को मार दिया जाएगा**

**पाकिस्तानी सेना ने किया आत्मसमर्पण, 6,000 सैनिक दिखाई दे रहे लाचार**

## बलूचिस्तान में बीएलए की गतिविधियों को मिल रहा जबरदस्त समर्थन

**इस्लामाबाद।** बलूचिस्तान में बीएलए की गतिविधियों को जबरदस्त समर्थन प्राप्त है। हालांकि, खुले तौर पर यहां लोग बलूच लिबरेशन आर्मी के समर्थन में खड़े नहीं दिखाई देते। इसकी वजह यह है कि पाकिस्तान सरकार ने बीएलए से बात करने की जगह 2006 में ही इस संगठन को बैन कर दिया। तब से लेकर अब तक बीएलए पाकिस्तानी सरकार के नुमाइंदों को निशाना बनाती आ रही है। बलूच लिबरेशन आर्मी की बनावट कुछ इस तरह की रही है कि इस संगठन ने अलग-अलग स्तर पर कई प्रमुख तैनात किए हैं। इस संगठन को सबसे लंबे समय तक चलाने वालों में असलम बलूच का नाम सबसे आगे है।

इतिहास की बात करें तो असलम बलूच 2006 से 2018 तक इस संगठन का प्रमुख रहा। हालांकि, 2018 में अफगानिस्तान के कंधार में एक आत्मघाती हमले में असलम की मौत हो गई थी। इस घटना से बीएलए को बड़ा झटका लगा था। हालांकि, संगठन ने इसके बाद से खुले तौर पर कभी अपने नेतृत्व में शामिल लोगों का ऐलान नहीं किया। बताया जाता है कि बलूचिस्तान में स्थानीय कमांडर ही दस्तों के संचालन का जिम्मा उठाते हैं। बीएलए के अलावा बलूचिस्तान में जुम्मा खान ने 1964 में बलूच लिबरेशन फ्रंट की स्थापना की थी। बलूचिस्तान की आजादी के लिए बना यह संगठन एक समय काफी चर्चा में रहा। हालांकि, बाद में इस संगठन के लड़ाके भी बीएलए में शामिल हो गए। इसके अलावा बीएलए की छात्र इकाई बलूच स्टूडेंट्स ऑर्गनाइजेशन भी बलूचिस्तान में काफी सक्रिय है। इसका नेतृत्व एक समय डॉ। अल्लाह नजर कर रहे थे, जो कि बलूच आंदोलन का बड़ा चेहरा रहे हैं।

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में बलूच आर्मी ने पूरी पैसेंजर ट्रेन को ही हाईजैक कर लिया है। जफर एक्सप्रेस बलोचिस्तान की पैसेंजर ट्रेन है। इस ट्रेन में मंगलवार को सेना के 140 जवान भी सवार थे। ऐसे में जिस तरीके से ट्रेन का हाईजैक हुआ, उससे इंटेलिजेंस के फेल्योर होने का भी सवाल उठ रहा है। हाईजैक की वजह से आतंकवादियों की कैद में करीब 400 लोग फंसे थे। बताया इस ट्रेन में 140 सैनिक भी यात्रा कर रहे थे। ऐसे में, जफर एक्सप्रेस में सवार सभी यात्रियों को बलोचिस्तान आर्मी के आतंकियों ने छोड़ दिया, लेकिन ट्रेन में सवार सभी सैनिकों को बंधक बना लिया है। ट्रेन को हाईजैकरों से छुड़ाने के लिए पाकिस्तानी सेना ने मोर्चा संभाल लिया है। वहीं, सेना और आतंकियों के बीच मुठभेड़ में 30 जवानों की मौत हो गई है। बलोचिस्तान लिबरेशन आर्मी ने बयान जारी कर कहा है कि मशकफ, धादर और बोलन में सावधानीपूर्वक ट्रेन को हाईजैक किया गया है। हमारे लड़ाकों ने पहले ट्रेन की पटरी को बम से उड़ा दिया, जिसके बाद ट्रेन आसानी से रुक गई। बीएलए का कहना है कि जैसे ही ट्रेन ट्रैक पर रुकी। हमारे लोगों ने ट्रेन को नियंत्रण में ले लिया। आतंकी संगठनों का कहना है कि अगर पाकिस्तान की सेना कोई कार्रवाई करती है तो सभी 214 बंधकों को मार दिया जाएगा। बीएलए ने पाकिस्तानी सेना को कड़ी चेतावनी दी है कि अगर किसी भी तरह का सैन्य अभियान उनके खिलाफ शुरू किया गया, तो इसके गंभीर परिणाम होंगे। संगठन ने धमकी दी कि यदि उन पर हमला हुआ, तो सभी बंधकों को मार दिया जाएगा और इसके लिए पूरी जिम्मेदारी पाकिस्तानी सेना पर होगी। बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) के आतंकियों द्वारा जाफर एक्सप्रेस हाईजैक करने के बाद पाकिस्तान सेना ने जवाबी कार्रवाई शुरू कर दी है। ग्राउंड फोर्सेज को पीछे हटना पड़ा, जिसके बाद अब एयर स्ट्राइक की जा रही है। हेलीकॉप्टर और फाइटर जेट मौके पर भेजे गए हैं। बीएलए की मजीद ब्रिगेड, STOS, फतह स्क्वाड और जिराब यूनिट के लड़ाके अब भी मजबूत स्थिति में हैं। संगठन ने पाकिस्तानी सेना को चेतावनी देते हुए कहा, अपने जवानों को बचाने का आखिरी मौका है। बंधकों में पाकिस्तानी सेना, पुलिस, एंटी-टेररिज्म फोर्स ATF और इंटर-सर्विसेज इंटेलिजेंस ISI के सक्रिय ड्यूटी पर तैनात जवान भी शामिल हैं, जो छुट्टी पर पंजाब जा रहे थे। बीएलए ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि पाकिस्तानी सेना ने कोई जवाबी कार्रवाई की, तो सभी बंधकों को मार दिया जाएगा। बीएलए के प्रवक्ता जियंद बलूच ने इस हमले की जिम्मेदारी लेते हुए कहा कि यह ऑपरेशन पूरी तरह से सुनियोजित था और उनके लड़ाके ट्रेन व यात्रियों पर पूरी तरह कंट्रोल में हैं। बताते चलें कि पाकिस्तान में आतंकवाद और अलगाववादी आंदोलनों की जड़ें काफी गहरी हैं।

### सेना के पिट्ठू ने जताई थी आशंका

पाकिस्तान सेना के पिट्ठू कहे जाने वाले पूर्व मंत्री फजरलुर रहमान ने कुछ दिन पहले ही बलोचिस्तान में बड़ी घटना की आशंका जताई थी। रहमान का कहना था कि बलोचिस्तान के लोग पाकिस्तान सेना की बात सुनना अब बंद कर देंगे। वहां के लड़ाके सीधे मोर्चा खोलेंगे। रहमान के मुताबिक बलोचिस्तान की सेना अब नाराज हो गई है और सरकार उसे संभाल नहीं पाएगी। फजलुर का कहना था कि बलोचिस्तान जल्द ही पाकिस्तान से अलग हो जाएगा। बलोचिस्तान लंबे वक्त से हिंसा की आग में झुलस रही है। पाकिस्तान की सरकार खुद यहां की हिंसा से चिंतित है। ऐसे में सेना के इतने बड़े मूवमेंट को जिस तरीके से एक पैसेंजर ट्रेन में करवाया गया है, उससे भी सवाल उठ रहे हैं।

# सऊदी क्राउन प्रिंस से मिले जेलेंस्की

**जेद्दा /सऊदी अरब।** सऊदी क्राउन प्रिस मोहम्मद बिन सलमान ने सोमवार देर शाम जेद्दा में यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमिर ज़ेलेंस्की से मुलाक. ात की। आधिकारिक सऊदी प्रेस एजेंसी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। एसपीए ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म फ्एक्स पर कहा कि सऊदी क्राउन प्रिस ने जेद्दा के अल-सलाम पैलेस में यूक्रेन के राष्ट्रपति का स्वागत किया। यहां एक आधिकारिक स्वागत समारोह आयोजित किया गया था। दोनों नेताओं ने औपचारिक बातचीत भी की। जेलेंस्की अमेरिका-यूक्रेन वार्ता से पहले सोमवार को सऊदी तटीय शहर में पहुंचे।

कीव स्थित यूक्रेनी समाचार एजेंसी ने शुक्रवार को ज़ेलेंस्की के हवाले से कहा कि सोमवार को मैं क्राउन प्रिंस (मोहम्मद बिन सलमान) से मिलने के लिए सऊदी अरब जाने वाला हूं। उसके बाद मेरी टीम हमारे अमेरिकी भागीदारों के साथ काम करने के लिए सऊदी अरब में रहेगी। अमेरिकी विद. ेश मंत्री मार्को रुबियो सोमवार को ही जेद्दा पहुंचे और सऊदी क्राउन प्रिस से मुलाकात की। अमेरिकी विदेश विभाग के पिछले बयान के अनुसार रुबियो सोमवार से बुधवार तक जेद्दा में रहेंगे और रूस-यूक्रेन युद्ध को समाप्त करने के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के लक्ष्य को आगे बढ़ाने के लिए यूक्रेनी प्रतिनिधिमंडल से मिलेंगे। यूक्रेन-अमे. रिका की बैठक मंगलवार को होगी। फरवरी के अंत में व्हाइट हाउस में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और ज़ेलेंस्की के बीच कथित टकराव के बाद यह पहली बैठक होगी। इस टकराव विवाद के कारण द्विपक्षीय खनिज समझौते को रद्द कर दिया गया और इसके बाद यूक्रेन को अमेरिकी सैन्य सहायता को निलंबित कर दिया गया।



# जान का दुश्मन बना ग्वाटेमाला में ज्वालामुखी



**ग्वाटेमाला एक सक्रिय ज्वालामुखी है, जो मध्य अमेरिका में 30 हजार लोगों की जान पर खतरे का कारण बना हुआ है**

**ग्वाटेमाला सिटी।** मध्य अमेरिकी देश ग्वाटेमाला के राष्ट्रीय आपदा न्यूनीकरण समन्वयक ने सोमवार को चेतावनी दी कि यहां सक्रिय ज्वालामुखी से करीब 30 हजार लोगों के लिए खतरा बन गया है। एजेंसी के कार्यकारी सचिव क्लॉडिन ओगाल्डेस ने सैकेटपेक्यूज़, चिमाल्टेनैंगो और एस्कुइंटला के विभागों में रहने वाले आस-पास के निवा. सियों से पिछले कुछ घंटों में हुए ज्वालामुखी विस्फोटों के बाद तुरंत अपने घरों को खाली करने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि सेना और राष्ट्रीय नागरिक सुरक्षा, सुरक्षा महा. निदेशालय के साथ मिलकर सुरक्षा उपायों का समन्वय कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि करीब 282 परिवारों को पहले ही सैकेटपेक्यूज़ के सैन जुआन अलोटेनैंगो कस्बे में शरणस्थलों में पहुंचाया जा चुका है और एस्कुइंटला के कोटज़ुमालगुआपा में भी एक शरणस्थल तैयार किया गया है। कॉनरेड न्यूज़लैटर के अनुसार सक्रिय ज्वालामुखी से किसी भी समय लावा और धुएं का गुबार निकल सकता है जो ज्वालामुखी के किसी भी खड्ड से नीचे गिर सकता है। एजेंसी ने चेतावनी दी कि अगर गतिविधि जारी रहती है तो अधिकारियों को उम्मीद है कि राख और धुएं का गुबार समुद्र तल से छह हजार मीटर की ऊंचाई तक पहुंच जाएगा और ज्वालामुखी के 40 किलोमीटर पश्चिम, दक्षिण-पश्चिम और उत्तर-पश्चिम तक के समुदायों पर गिरेगा। एजेंसी ने कहा, ज्वालामुखी के विभिन्न किनारों की ओर लगातार (लावा) हिमस्खलन भी हो सकता है जिससे कम ऊंचाई पर अधिक मात्रा में राख निकल सकती है।

अब खबरें आपके मोबाइल फोन पर.
www.shahtimesnews.com

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ
पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108

साल बचाएं, डायरेक्ट करे, सीधे प्रवेश
CMS & ED
करें स्थानीय CMO के यहाँ रजिस्ट्रेशन करायें।
(एलोपैथिक मे सम्मानित चिकित्सक बनें)
जो चिकित्सक सेवाएं दे रहे है वो भी मेडिकल कोर्स करें।
DPT, BPT, MPT, DMLT, BMLT
X-RAY Tech, Ultra Sound Technician
OT, Lab Tech, DNYS, BNYS YOGA
Dental Machenic, Dental Hygiene
BA, MA, BSc, MSc, B.Com, M.Com, BBA, MBA
BCA, MCA, B.Ed, BPEd, MPEd, LLB, BSW, MSWE
ANM, GNM, BSc Nursing & Many More Courses..
सम्पर्क करें।
डा0 सम्राट क्लीनिक
नावल्टी सिनेमा चौक, मुजफ्फरनगर
M.: 9412211108, 9359406499

जॉब अलर्ट
NOW HIRING : YOUR FUTURE AWAITS...

आवश्यकता है।

पद : महिला रसोइया
स्थान : मुजफ्फरनगर, उत्तर प्रदेश
नौकरी का प्रकार : पूर्णकालिक
नौकरी का विवरण: हम एक कुशल और स्वच्छ महिला रसोइया की तलाश कर रहे हैं, जो विभिन्न प्रकार के व्यंजन, जैसे मुगलाई, कॉन्टिनेंटल, और अन्य मल्टी-कुजीन डिशेज तैयार कर सके। आदर्श उम्मीदवार को खाना बनाने का जुनून होना चाहिए और एक साफ-सुथरे और व्यवस्थित रसोईघर को बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध होना चाहिए।
प्रमुख जिम्मेदारियाँ:
- मुगलाई, कश्चन्टिनेंटल, और अन्य मल्टी-कुजीन व्यंजनों पर ध्यान केंद्रित करते हुए विभिन्न डिशेज तैयार करना।
- स्वच्छता मानकों के अनुसार खाद्य पदार्थों की तैयारी।
- रसोई को साफ और अच्छी तरह से बनाए रखना।
- दैनिक खाना पकाने के लिए मेनू की योजना बनाना।
- खाना पकाने के समय का प्रबंधन करना।
योग्यताएँ:
- रसोइया के रूप में सिद्ध अनुभव, विशेष रूप से मुगलाई और कॉन्टिनेंटल व्यंजन पर ध्यान केंद्रित करते हुए।
- खाद्य स्वच्छता और सुरक्षा मानकों का मजबूत ज्ञान।
- स्वतंत्र रूप से और कुशलता से काम करने की क्षमता।
कार्य समय:
- समय: सुबह 9:00 बजे से शाम 7:00 बजे तक

सहायक प्रबंधक : प्रिंट मीडिया
स्थान : मुजफ्फरनगर, उत्तर प्रदेश
नौकरी का प्रकार : पूर्णकालिक
नौकरी का विवरण: सहायक प्रबंधक के रूप में, आप प्रबंधन टीम का समर्थन करेंगे और क्षेत्रीय संचालन की देखरेख करेंगे।
प्रमुख जिम्मेदारियाँ:
- क्षेत्रीय प्रबंधक के साथ दैनिक गतिविधियों में सहायता करना।
- स्टाफ की देखरेख और मार्गदर्शन करना, सकारात्मक कार्य वातावरण को बढ़ावा देना।
- टीम के प्रदर्शन की निगरानी करना और सुधार के लिए रणनीतियाँ लागू करना।
योग्यताएँ:
- व्यवसाय प्रबंधन या संबंधित क्षेत्र में स्नातक की डिग्री।
- प्रबंधन भूमिका में न्यूनतम 2 साल का अनुभव।

पद : मार्केटिंग एजेंट
स्थान : दिल्ली
नौकरी का प्रकार : पूर्णकालिक
नौकरी का विवरण:
मार्केटिंग एजेंट के रूप में, आप हमारे उत्पादों और सेवाओं का प्रचार करेंगे, ग्राहक संबंध बनाएंगे, और बिक्री वृद्धि को बढ़ावा देंगे।
प्रमुख जिम्मेदारियाँ :
- बाजार अनुसंधान करना और संभावित ग्राहकों की पहचान करना।
- ग्राहकों के साथ मजबूत संबंध स्थापित और बनाए रखना।
- मार्केटिंग अभियानों के विकास और निष्पादन में सहायता करना।
योग्यताएँ:
- मार्केटिंग या व्यवसाय में स्नातक की डिग्री।
- बिक्री या मार्केटिंग में पूर्व अनुभव वांछनीय है।
कैसे आवेदन करें:
इच्छुक उम्मीदवार अपने रिज़्यूमे और कवर पत्र भेजें:
शाह आलम : 80772 43100
Email:- shahtimes0105@gmail.com